दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -308 | ग्वालियर, सोमवार 17 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# प्रदेश में हरियाली अमावस्या तक साढ़े 5 करोड़ पौधे रोपित करने का लक्ष्य

## सिंहस्थ के लिये 20 हजार करोड़ रुपये लागत से खंडवा, उज्जैन सहित अन्य नगरों में कार्य होंगे

## दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रामघाट पर मां शिप्रा को चुनरी अर्पण की



भोपाल। वर्षाकाल में हरियाली अमावस्या तक प्रदेश में कुल साढ़े 5 करोड़ पौधे रोपित किये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज गंगा दशमी के अवसर पर दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर रामघाट पर आयोजित समारोह में कही। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, यात्रा संयोजक महन्त रामेश्वरदास महाराज, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सदस्य श्री बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, श्री रमेश मेंदोला, महापौर श्री मुकेश टटवाल, महापौर इन्दौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सभापति श्रीमती कलावती यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, श्री विवेक जोशी, मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के अध्यक्ष श्री नरेश शर्मा, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश की नदियां एवं जलाशय और अन्य जल स्त्रोत संरक्षित होकर प्रदूषणमुक्त रहें। प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान में 5 जून से आज तक 28 करोड़ लागत से शहरी क्षेत्र में 2700 से अधिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 26 करोड़ रुपये लागत से 2300 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार हुआ है। उज्जैन के शहरी क्षेत्र की जल संरचना का भी सुधार कार्य हुआ है, जिसके बाद वह सुन्दर नजर आयेगी। प्रदेश में 212 नदियों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया है, जिसमें उद्गम से लेकर अन्तिम छोर तक संरक्षण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल संरचनाओं के निकट पौधरोपण किया जायेगा। ग्वालियर के लोगों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के नागरिकों ने जन-सहभागिता कर जल संरचना का उद्धार किया है। अब इस संरचना में पांच करोड़ लीटर जल संग्रहण होने की संभावना है। इसी तरह सागर के ताल के सम्बन्ध में भी उन्होंने अवगत कराया।

वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उज्जैन का सिंहस्थ विश्व में अपना स्थान रखता है। सिंहस्थ के लिये 20 हजार करोड़ रुपये लागत से खंडवा, उज्जैन सहित अन्य नगरों में कार्य कराये जायेंगे। देवालयों से हमें आशीर्वाद और जीवन में संस्कार मिलते हैं। संकल्पों की सिद्धि भी देवालयों से प्राप्त होती है और आनन्द की अनुभूति भी होती है। देवालयों के संरक्षण और मरम्मत के कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इन्दौर की महारानी माता अहिल्या ने पूरे देश में देवालयों का निर्माण कराया। एक महिला शासिका होकर उन्होंने मन्दिर बनवाये। इसी तरह उन्होंने गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती की वीरता के किस्से भी सुनाये। इस मौके पर उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा की शुरूआत हुई है। आयुष्मान कार्डधारी एवं जिसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है, को भी हवाई एम्बुलेंस की सेवा निःशुल्क देने की योजना से मुख्यमंत्री ने अवगत कराया। हवाई एम्बुलेंस की सेवा सभी के लिये रहेगी। आयुष्मान कार्डधारी के अलावा अन्य इस सेवा का उपयोग शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गंगा दशहरा पर्व को भव्य, पावन और अलौकिक रूप प्रदान किया हैं। रामघाट पर चारों ओर एक नई आभा नजर आ रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण का अद्भुत कार्य किया गया। हमारे पुरातात्विक और ऐतिहासिक धरोहर सहजने और संवारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण दिवस पर सभी से आव्हान किया कि अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगायें। इस प्रकार पूरे देश में 140 करोड़ पौधे लगेंगे। इंदौर ने भी वृहद स्तर पर 51 लाख से अधिक पौधरोपण करने के लक्ष्य निर्धारित किया हैं। उज्जैन भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर अपने क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित करने की योजना बनायें, ताकि आने वाले सिंहस्थ में श्रद्धालु लगाये गये पेड़ों की छाया में बैठ सकेंगे। उन्होंने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कार्य करने के लिये साधुवाद दिया।

### तीन पुस्तकों एवं ऑडियो-वीडियो सीडी का विमोचन

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा मध्य प्रदेश में पहली बार सैटेलाइट मैपिंग के साथ उज्जैन की नदियों के वैज्ञानिक विश्लेषण पर आधारित ग्रंथ 'शिप्रा अमरता का आह्वान' लेखक निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी, शिप्रा अमृतसम्भवा, सदानीरा (जल का उत्सव) पुस्तकों एवं हैदराबाद के श्री भरत चौधरी की सदानीरा-अंबुनी ऑडियो- वीडियो सीडी का विमोचन किया गया। समाचार पत्र दैनिक भास्कर की वैभवशाली उज्जैन के महाकाल की गौरव गाथा पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां शिप्रा को चुनरी ओढ़ाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गंगा दशहरा पर्व पर सपत्नीक मां शिप्रा की विधि विधान से पूजन-अर्चन कर आरती की और मां शिप्रा के रामघाट पर दोनों तटों से 350- 350 फीट की 2 चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर मां शिप्रा के जयकारों से पावन रामघाट गुंजायमान हो रहा था। पूजा-अर्चना पं.गौरव उपाध्याय द्वारा कराई गई। पंडित गौरव उपाध्याय और उनके दल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव को रामचरित मानस एवं बाबा महाकाल का चित्र भेंट किया गया।

### जल संरचनाओं के संरक्षण संवर्धन का दिलाया संकल्प

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमूह को जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया।

### जल संरक्षण और मानव सेवा की दिशा में अनुकरणीय कार्य करने वाले सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अवसर पर कीर्तन एवं श्री हरिकथा के माध्यम से श्रीनाथ परम्परा के प्रचार-प्रसार के अद्वितीय प्रयासों के लिए संत श्री बालकृष्ण वासुदेव नाथ ढोली बुवा महाराज का सम्मान किया गया। इसी तरह ग्राम निनौरा की श्रीमती सीताबाई, जिन्होंने जल को संरक्षित करने के उद्देश्य से अपनी स्वयं की पांच बीघा भूमि बेचकर ग्राम निनोरा में शिप्रा नदी किनारे घाट निर्माण कार्य किया, जिन्हें आज मंच से सम्मानित किया गया। इसी तरह शिप्रा मैया एवं मानव सेवा करने के लिए श्री दीपक कहार को भी सम्मानित किया गया।

# नंदीश्वर जैन मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र की राशि ले गए चोर

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*



अम्बाह। मुरैना । नगर के अम्बाह रोड पर स्थित जैन मंदिर में चोरों ने ताला चटकाकर दानपात्र से नगदी पार करदी श्री महावीर दिगंबर जैन नसियां जी मंदिर, फाटक बाहर (अम्बाह रोड) पर स्थित श्री नंदीश्वर जैन मंदिर से अज्ञात चोरों ने शनिवार/रविवार की मध्य रात्रि को बाउंड्री फांदकर चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया । मंदिर में रखी अलमारियों को खखोला, दान पात्र का ताला तोड़कर उसकी राशि ले गए दान पात्र में कितनी राशि थी, उसका अनुमान लगाया जा रहा है बताया जाता है कि दान पात्र काफी दिनों से खोला नहीं गया था, जिससे उसमें अधिक राशि होने की संभावना व्यक्त की जा रही है । गनीमत यह रही कि नंदीश्वर जैन मंदिर में पाषाण की मूर्तियों व दानपात्र और शास्त्रों के अलावा अन्य कोई कीमती चीज नहीं थी । जैन मंदिर के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन ने बताया कि शनिवार की रात्रि को आरती, स्वाध्याय प्रवचनों के पश्चात सभी भक्तों के जाने पर नसियां जी मंदिर के माली भगवान दास ने मंदिर जी को अच्छी तरह से बंद किया था । रविवार प्रातः 05 बजे के लगभग जब वह नंदीश्वर मंदिर को खोलने पहुंचा तो वहां मैंन गेट के चैनल का ताला टूटा हुआ पड़ा था । अंदर झांकने पर दान पात्र टूटी अवस्था में दिखाई दिया । जो कि पूर्णतः खाली था उसने तुरंत मुझे एवं अन्य समाजजनों को सूचित किया । मंदिर में चोरी की सूचना पाकर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल जैन, पदमचंद जैन, राजेंद्र भंडारी, मनोज नायक, सतेंद्र जैन, मुकेश जैन, संजीव जैन, राजकुमार जैन, पारस जैन, दिनेश जैन, चंद्रप्रकाश जैन सहित अनेकों लोग एकत्रित हुए और तुरंत पुलिस को सूचित किया । पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया । चोरी के संदर्भ में आवेदन लेकर कार्यवाही प्रारंभ करदी है । मंदिर में चोरी की घटना से जैन समाज में रोष व्याप्त है लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# देश के लिए जीने मरने का संस्कार देता है बलिदान मेला- जयभान सिंह पवैया

### आज झांसी से शहीद ज्योति यात्रा आएगी

### वीरांगना बलिदान मेला का भूमिपूजन संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर वीरांगना बलिदान मेला का भूमिपूजन रविवार को संतों के सानिध्य में संपन्न हुआ। कल 17 जून को शाम को झांसी किले से शहीद ज्योति यात्रा आएगी, जिसे समाधि स्थल पर स्थापित किया जाएगा व प्रदर्शनी उद्घाटन होगा। रविवार को झांसी की रानी की समाधि के सामने 1858 क्रांति के मैदान पर आयोजित भूमिपूजन समारोह में मेला के संस्थापक, अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि स्वार्थ के लिए जीना-लड़ना पशु में भी जन्मजात होता है, लेकिन देश के लिए मर मिटने के संस्कार मनुष्य को देना पड़ते हैं, और वे इसी तरह प्रयासों से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाते हैं। बलिदान मेला 25 सालों में ग्वालियर की पहचान बन गया है।

उन्होंने कहा कि यह भूमि पूजन का कार्यक्रम दिखावे का कार्यक्रम नहीं है, प्रार्थना का कार्यक्रम है। जो लड़ाई में मौत से डर कर भागते हैं उसे मरना कहा जाता है और जो मृत्यु को गले लगाते हैं उसे अमर कहते हैं, जो रानी लक्ष्मीबाई है, महाराणा प्रताप है, शिवाजी है। मैं जब रानी लक्ष्मी बाई को खड़े होकर देखता था तो मेरे मन में एक बात आती थी यह जो मैदान है यहां नरसंहार नहीं यहां तो हाथों में वीडा लेकर वीरांगनाओं ने अग्रेजों से दो दो हाथ किया।, आज हम उनको याद करते हैं।

इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर ने कहा कि बलिदान मेले से देशभर में ग्वालियर का गौरव बढ़ाया है। हम सभी को किसी बुलावे का इंतजार किए बिना इस पुनीत आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मेला युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करता है।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि इस जगह पर संतों का बलिदान भी हुआ है। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग का इस मेले में हमेशा सहयोग रहा है और नगर निगम ग्वालियर का उसका निरंतर सहयोग मिलता रहा है। राष्ट्र की भावना को लेकर सभी लोग इस मेले में लगे रहते हैं। इस मेले से हमारे युवा लोगों में देशभक्ति का जज्बा उभरता है वह हमें देखने को मिलता हैं। चाहे हिंदुस्तान को आजाद होने की बात हो, चाहे हमारे ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान हो कहीं ना कहीं लोगों की भावनाएं है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने कहा कि यह भूमि राष्ट्र भक्तों की भूमि है रानी लक्ष्मीबाई की बलिदान की भूमि है। इस मेले को 25 वर्ष हो गए हैं और लगातार इस मेले में हम सबको संत जनों का आशीर्वाद मिलता रहा है। मैं भी शुरू से ही इस मेले से जुड़ा रहा हूं। इस मेल में अंचल भर से लोग आते हैं।

### *आज आएगी ज्योति यात्रा*

17 जून को शाम 6.30 बजे झांसी दुर्ग से शहीद ज्योति को डॉ. श्याामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा से पैदल शोभा यात्रा के रूप में समाधि स्थल तक ले जाया जाएगा। स्वराज संस्थान की तथा नगर निगम की प्रदर्शनी जरा याद करो कुर्बानी का शुभारंभ भी होगा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिमोहन पुरोहित ने किया.

भूमिपूजन कार्यक्रम में संत बालक दास जी, संत ढोलीबुआ महाराज महंत रामभजनदास जी, स्वामी देवानंद जी महाराज, निगम सभापति मनोज तोमर, संघ के यशवंत इंदापुरकर, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष श्री पप्पू वर्मा, पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरौनिया, श्री कनवर मंगलानी, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्री राजू सेंगर, श्रीमती हेमलता बुधौलिया, श्री विनय जैन, श्री विनोद शर्मा, श्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, श्री दारा सिंह सेंगर, श्री शैली शर्मा, श्री नवीन परांडे, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चैधरी, श्री अशोक शर्मा, श्री किशन मुदगल, डॉ राकेश रायजादा श्री प्रमोद खंडेलवाल, श्री हरीश मेवाफरोश, श्री नरेंद्र चैहान, श्री जागेश्वर सिंह भदौरिया, श्री कमल माखीजानी, श्री जयप्रकाश मिश्रा, श्री आकाश श्रीवास्तव, श्री प्रयाग सिंह तोमर, श्री बृजमोहन शर्मा, श्री हरिओम झा, श्री राघवेंद्र कुशवाह, श्री राजेंद्र शर्मा, श्री सुनील श्रीवासस्तव, श्री अजय तिवारी, श्री संजीव पोतनीस, श्री निशिकांत मोघे, श्री गौरव कुलश्रेष्ठ, श्री अजीत बरैया, श्री संदीप देव, श्री मनोज मुटाटकर, श्री प्रवीण श्रीवास्तव, श्रीमती खुशबू गुप्ता, श्रीमती विद्या थोराठ, श्रीमती प्रीती थोराठ, प्रज्ञा सिंह, ज्योति पाठक, कृष्णा महोविया, शैलेंद्री ठाकुर, मीना चैहान, श्री अरविंद रघुवंशी, श्री अमित बंसल, श्री राहुल राजपूत, श्री प्रमोद परमार, श्री भगतवत साहय श्रीवास्तव, श्री धर्मेंद्र तोमर गुड्डू, श्री अनिल कौरव, श्री संतोष सिकरवार, श्री सक्षम गोहा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे

# कलश यात्रा के साथ मड़यापुरा हनुमान जी सरकार पर श्रीमद् भागवत का हुआ शुभारंभ



### यूवा नेता रणविजय सिहं एवं लहार विधायक के भाई ने श्री भागवत महापुराण का किया पुजन

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो,, 8889486368

लहार नगर के मडयापुरा बगीचा बाले हनुमान जी मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा की ऐतिहासिक कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ लहार नगर में वडे धुम धाम से निकाली गई जिसमे सेकड़ो महिलाओं ने अपने सर पर मंगल कलश धारण किये कलश यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया नगर भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा कथा स्थल हनुमान जी मंदिर पर पहुंची जहां विधिवत रूप से मंगल कलशो को स्थापित करवाया गया और कथावाचक पूज्या श्री प्राची देवी द्वारा प्रथम दिन की कथा का वर्णन किया गया इस दौरान लहार विधानसभा के लोकप्रिय युवा नेता रणविजय सिंह राजावत और लहार विधायक के अनुज बंटू शर्मा ने भी कलश यात्रा में सम्मिलित होकर श्री भागवत महापुराण का पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया

# शिप्रा हेल्प फाउंडेशन के द्वारा रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

## रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठम सेवा कार्य - भारत कुशवाह



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर- *शिप्रा हेल्थ फाउंडेशन* ग्वालियर द्वारा बाल भवन में 151 रक्तताओं बहनों एवं भाइयों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में क्षेत्रीय सांसद श्री भरत सिंह कुशवाह, विशिष्ट पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल, सुश्री ज्योति पाठक, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. केशव पाण्डे, एडवोकेट अमर सिंह माहौर सहित शिप्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. खोजेमा सैफी, सचिव सुधीर राव दुरापे उपस्थित थे।

### *अतिथियों द्वारा 151 रक्तदाताओं का सम्मान किया गया*

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सिंह कुशवाह जी ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है जो जरूरत के समय मानव जीवन बचाता है।

रक्तदाताओं सम्मान प्रशासन द्वारा गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम मैं किया जाए इसके लिए मैं प्रयास करूंगा। मैं रक्तदान की जागरूकता के लिए भी भरपूर प्रयास करूंगा। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, डॉ. अक्षय छारी, कमलेश छारी, ध्रुव छारी, पुनीत अग्रवाल, देवेंद्र माहौर, अनिल गुप्ता, प्रखर रोहतगी, अभय राजे भोंसले, नीरज श्रीवास्तव एवं करुण श्रीवास्तव व शिप्रा फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन मधु जोशी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के संस्थापक-सचिव सुधीर राव दुरापे पर द्वारा किया गया



# अमनदीप अस्पताल पंजाब का विशेष फुट केयर हब बना



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो**

**अमृतसर पंजाब**

अमृतसर। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में उस की उत्कृष्टता को दर्शाने वाली एक और बड़ी उपलब्धि के चलते, अमनदीप अस्पताल, अमृतसर, ने फुट और एंकल सर्जनों, प्लास्टिक सर्जनों और पोडियाट्रिस्ट से लैस एक संपूर्ण फुट ऐंड एंकल तैयार कर के पंजाब का विशिष्ट फुट केयर हब बनने का गौरव प्राप्त किया है। पैर और टखने के लिए मिनिमली इनवेसिव परक्यूटेनियस सर्जरी (एमआईएस) की सुविधा प्रदान करने वाला पंजाब का पहला केंद्र भी यही है।

अमनदीप अस्पताल के चीफ़ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अवतार सिंह ने बताया कि हाल ही में फुट ऐंड एंकल विभाग ने डॉ राजीव वोहरा के मार्गदर्शन में डायबिटिक फुट सहित पैर के विभिन्न विकारों के उपचार के लिए मिनिमली इनवेसिव सर्जरी (एमआईएस) नामक नवीनतम तकनीक शुरू की है। ÷यह सर्जरी छोटे चीरों के साथ की जाती है और इसके लिए विशेष उपकरणों और उन्नत प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ÷इसके लाभों में कम ऑपरेशन समय, ऑपरेशन के बाद होने वाले दर्द और निशानों में कमी, और बेहतर कॉस्मेटिक परिणाम तथा संक्रमण के जोखिम में कमी शामिल हैं।

फ्लैट फुट के लिए एमआईएस सर्जरी~ जब फ्लैट फुट गंभीर और दर्दनाक होता है, तो इसे एक छोटे चीरे के माध्यम से एक छोटा टाईटेनियम स्टंट को डालकर ठीक किया जा सकता है, जिससे बहुत तेज़ी से रिकवरी होती है।

आर्थ्रोस्कोपी के साथ एमआईएस~ आर्थ्रोस्कोपी एक मिनिमली इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है जो टखने के आसपास के ऊतकों की जाँच और मरम्मत करने के लिए एक छोटे से चीरे के माध्यम से जोड़ में डाला जाने वाला एक उपकरण आर्थ्रोस्कोप का उपयोग करके की जाती है। यह पैर की खेल चोटों में विशेष रूप से उपयोगी होती है।

क्षेत्र में माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी सेवाओं के अग्रणी डॉ. रवि महाजन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ÷हमारा केंद्र संभवतः पंजाब में एकमात्र ऐसा केंद्र है जो व्यापक डायबिटिक फुट मूल्यांकन और चिकित्सा प्रदान करता है।÷ डॉ. महाजन ने कहा कि डायबिटिक फुट की समस्या, जिसमें हाल के वर्षों में वृद्धि देखी गई है, इसका उपचार केवल एक विशेषज्ञ द्वारा नहीं किया जा सके सकता। ÷हमारे पास डायबिटिक फुट से पीड़ित रोगियों पर काम करने वाली एक पूरी टीम है, और इसमें प्लास्टिक सर्जन, आर्थोपेडिक् सर्जन और पोडियाट्रिस्ट शामिल हैं ।

उन्होंने अमनदीप अस्पताल में फील फुट विभाग है जहाँ डायबिटिक फुट का व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। ÷यहाँ हमारे पास हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी (एचबीओटी) मशीन भी है, जिसका उपयोग मधुमेह के कारण होने वाले घावों, जैसे डायबिटिक फुट आदि, जो ठीक नहीं होते, के उपचार के लिए किया जाता है,÷ डॉ महाजन ने बताया।

पैरों की देखभाल में प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए डॉ महाजन ने बताया कि एक प्लास्टिक सर्जन डायबिटिक फुट की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि वह नरम ऊतकों के प्रबंधन और पुनर्निर्माण एल्गोरिदम का पालन करके डायबिटिक फुट के अल्सर को शीघ्र ठीक करने और रोकने की क्षमता रखता है।

डॉ अवतार सिंह ने इस अवसर पर सामुदायिक सेवा के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता दोहराई। ÷हमारा उद्देश्य क्षेत्र के सभी लोगों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराना है। चिकित्सा और शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में हमारी सफलता हमारी कड़ी मेहनत का प्रमाण है ।

# ब्लॉक कुठौंद में 50 फ़ीसदी अमृत सरोवर तालाब पड़े सूखे



**तालाबों की मौके की स्थिति कुछ और कागजों में कुछ और ग्रामीण***

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन) से**

**जिला रिपोर्टर सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट**

कुठौंद जालौन! विकासखंड कुठौंद में सरकार द्वारा अमृत सरोवर तालाब योजना इसलिए चलाई गई कि ग्रामीणों के जानवरों एवं पशु पक्षियों को इससे राहत मिल सके लेकिन ग्राम पंचायत का जिम्मेदारान व्यक्ति अपनी सोच को भ्रष्टाचारी में बदल देता है सरकार द्वारा अमृत सरोवर तालाब को सुंदर एवं सुदृढरण बनाने के लिए काफी हद तक धनराशि स्वीकृत की है जिसमें सिर्फ लागत ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर लगाई गई है! समाचार पत्र में प्रकाशित 2 ग्राम पंचायत की अमृत सरोवर तालाब की फोटो बयां कर रही है कि हम किस कगार पर खड़े हैं समाचार पत्र में ग्राम पंचायत भदेख, ग्राम पंचायत गिगौरा इसके अलावा विकासखंड के अंदर लगभग 50 फ़ीसदी अमृत सरोवर तालाब अपनी सुंदरता को खोए हुए दिखाई दे रहे हैं जिसमें ना ही जल है ना ही कोई सुंदरता है! ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की सिर्फ सुंदरता दिखाई दे रही है बाकी गौशालाओं में इस समय गोवंशो को चारा उपलब्ध कराया जाता है जिस वक्त जनपद से कोई आला अधिकारी निरीक्षण करने के लिए निकले हो! आला अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत गौशालाओं की वही स्थिति फिर से दिखाई देने लगती हैं! जनपद के आल्हा अधिकारियों को यदि सच्चाई को देखना है तो वह विकासखंड कार्यालय को जानकारी न देकर प्रथम दृष्टि से अपने अनुसार किसी भी गौशाला में यदि अचानक निरीक्षण करने पहुंचेंगे तो उसे गौशाला में किसी भी प्रकार की सुविधा व व्यवस्था नजर नहीं आएगी! पहले गांव वंशजों के लिए शासन द्वारा ?30 प्रति गोवंश के हिसाब से उनके भरण पोषण के लिए धनराशि दी जाती थी इसके बाद शासन द्वारा प्रत्येक गोवंश को ?50 के हिसाब से भरण पोषण के लिए दिया जा रहा है इसके बावजूद भी गौशालाओं का जिस हिसाब से संचालन होना चाहिए उसे हिसाब से संचालन नहीं हो रहा है! ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर हो तालाब हो या गौशाला किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी के साथ कर नहीं किया जाता है भगवान भरोसे चल रही है ! गोवंश गौशाला के अंदर कर रहे हैं दैया दैया!



# श्री भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं पत्रकार सम्मेलन

**हरिद्वार के प्रसिद्ध स्वामी सुतीक्षण मुनि जी एवं महंत स्वामी रविदेव शास्त्री जी को सुनने के लिए उमड़ेंगे हजारों सनातनी**

**मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधपाल सिंह यादव और विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिंदूवादी भाजपा नेता राजू आर्य उपस्थित रहेंगे**

***केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव***

एटा। 19 जून से अलीगंज के काली मंदिर गुरु सेवा आश्रम ईमादपुर पोस्ट बिल्सड़ में स्वर्गीय श्रीमती शारदा देवी की पुण्य स्मृति में भव्य श्री भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है भागवत कथा के समापन दिवस 28 जून को आयोजकों द्वारा इस पंडाल में पत्रकार सम्मेलन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। यह भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ एक सप्ताह चलेगा जिसमें हरिद्वार के प्रसिद्ध स्वामी सुतीक्षण मुनि जी एवं महंत स्वामी रविदेव शास्त्री जी के प्रवचन एवं भागवत कथा गायन सुनने का भक्तों को सौभाग्य प्राप्त होगा, 19 जून से शुभारंभ हो रहे भागवत कथा के समापन दिन 28 जून को आयोजकों द्वारा इस भव्य पंडाल में पत्रकार सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है। 28 जून को मुख्य रुप से कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधपाल सिंह यादव उपस्थित होंगे साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिंदूवादी भाजपा नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य भी उपस्थित रहेंगे।

## कार ट्रैक्टर के बीच भीषण टक्कर सास बहू सहित तीन की मौत

***केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव***

उत्तर प्रदेश के एटा में थाना रिजोर क्षेत्रान्तर्गत ईशन नदी पुल के पास एक आल्टो गाड़ी तथा एक ट्रैक्टर व खाली ट्राली में टक्कर होने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि समय करीब प्रात~ 08~00 गंगा स्नान कर के एटा की तरफ से जा रही ऑल्टो



संख्या यूपी 83 एएच 6744 बस को ओवरटेक करते समय शिकोहाबाद की तरफ से आ रहे खाली ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई, जिससे ऑल्टो सवार गोविन्द पुत्र महाराज सिंह उम्र करीब 40 वर्ष, पिंकी पत्नी गोविन्द उम्र करीब 35 वर्ष, सरला देवी पत्नी महाराज सिंह उम्र करीब 60 वर्ष निवासीगण नेहरू पैलेस, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, कु0 दया पुत्री राकेश उम्र करीब 16 वर्ष निवासी जगदीशपुरा, आगरा, गिरीशचंद्र पुत्र नामालूम उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ढांडरी, सिरसागंज, मैनपुरी (समस्त जाति यादव) घायल हो गये जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा सरला, पिंकी व गिरीश को मृत घोषित कर दिया गया है। गोविंद की गंभीर हालात को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा हेतु आगरा रेफर कर दिया गया है। परिजन मौके पर हैं, प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह (15 जून से 21 जून 2024) के तहत औरैया पुलिस ने किया योगाभ्यास

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 16 जून। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारु निगम के निर्देश पर



जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के उद्देश्य से योगाभ्यास किया गया, योग ट्रेनर ने बताया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, अपितु नियमित योगाभ्यास से कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों को भी दूर किया जा सकता है । स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# हिमाचल में हमले के शिकार हुए एनआरआई परिवार से अमृतसर के अस्पताल में मिलने पहुंचे मंत्री कुलदीप धालीवाल



***कहा - हिमाचल में पंजाबी दंपत्ति के साथ मारपीट के खिलाफ पंजाब पुलिस दर्ज करेगी एफआईआर***

***हिमाचल के मुख्यमंत्री और डीजीपी से मिलकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे - कुलदीप सिंह धालीवाल***

***मान सरकार एनआरआई भाईचारे के साथ हर दुख-सुख में डटकर खड़ी है - धालीवाल***

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब*

हिमाचल के डलहौजी में भीड़ के हमले के शिकार हुए एनआरआई परिवार से अमृतसर के अस्पताल में रविवार को पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री कुलदीप धालीवाल ने मुलाकात की। मंत्री धालीवाल ने पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा सहायता का भरोसा दिया और कहा कि हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कुलदीप धालीवाल ने कहा कि हिमाचल में पंजाबी दंपत्ति के साथ हुई मारपीट के खिलाफ पंजाब पुलिस जीरो एफआईआर दर्ज करेगी। इसके लिए मैंने पीड़ित परिवार से पुलिस को बयान देने को कहा है ताकि घटना के बारे में इनका पक्ष सही ढ़ंग से सामने आ सके। उन्होंने कहा कि मैंने हिमाचल के डीजीपी से बात करने की कोशिश की लेकिन मुझे बताया गया कि अभी वह राज्य से बाहर हैं। धालीवाल ने कहा कि एक दो दिन में हम हिमाचल के मुख्यमंत्री और डीजीपी से मिलकर उन्हें एफआईआर की कॉपी सौंपेंगे और हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है। पंजाब से रोज हजारों की संख्या में लोग शिमला, मनाली, कसौली और डलहौजी आदि पर्यटन स्थलों पर घूमने जाते हैं। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी पर्यटन पर ही काफी निर्भर है। ऐसी घटनाएं पर्यटकों के मन में डर और संदेह पैदा करेगा। इसलिए हिमाचल सरकार को इस घटना पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

बता दें कि बीते शनिवार को पंजाब मूल के एक एनआरआई कंवलजीत सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में पार्किंग को लेकर हुई कहासुनी के दौरान कुछ लोगों ने मारपीट की। उन्होंने क्षेत्रीय भेदभाव का भी आरोप लगाया और कहा कि उनपर करीब 100 लोगों ने हमला किया। उन्होंने हिमाचल पुलिस पर भी घटना की वीडियो जबरदस्ती डिलीट करवाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पीड़ित दंपत्ति का अमृतसर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। कंवलजीत सिंह स्पेन में 25 साल से रह रहे हैं। वह हाल ही में पंजाब लौटे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी स्पेनिश पत्नी और रिश्तेदार के साथ दो दिन पहले डलहौजी घूमने गए थे। इस घटना को लेकर राजनीतिक विवाद भी पैदा हो गया है। सभी पार्टियों के नेताओं ने एनआरआई शख्स के साथ हुई मारपीट की घटना की निंदा की है। पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने आश्वासन दिया कि मान सरकार एनआरआई भाईचारे के साथ हर दुख-सुख में डटकर खड़ी है। इस मामले में भी हम उचित कार्रवाई करेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएंगे।



# जल गंगा निशुल्क गौ सेवा

**महाकाल की कुटी ढाबा घाट पिपरिया द्वारा किया जा रहा है**

**दमोह से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया**

**हिंदुस्तान जिला ब्यूरो**

शान द्वारा प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन जैसी सुंदर अभियान चलाया जा रहा है। आज दूसरी और बहुत सुंदर निशुल्क जल गौ माँ सेवा नजारा देखने को मिला। दमोह ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले घाट पिपरिया में महाकाल की कुटी ढाबा नाम से प्रचलित ढाबा माली के रक्कू साहू ने बतलाया गौ मां जल सेवा निशुल्क 4 वर्षो से करता रहा हूं। श्री साहू ने बदला प्रत्येक दिन गांव व जंगल से सैकड़ो गौ माताएं जल पीने के लिए यहां आती है। मैं बोरवेल से ठंडा जल होदी भर देता हूं। अगर किसी कारण वर्ष अचानक लाइट नहीं रहती तुम्हें जनरेटर के माध्यम से होदी में जल भर देता हूं ठंडा जल ताकि गौ माता ठंडा जल का जलपान कर सके। रक्कू साहू ने बतलाया मुझे गौ माता सेवा करने का अवसर वह आनंद की प्राप्ति होती है। गौ सेवार्थ सहयोगी भूरा साहू, ढाबा मैनेजर अशोक मासाब एवं उनके समस्त ढाबा कर्मचारी गौ माता जल सेवा उपस्थित रहते हैं।

# जल जीवन मिशन के तहत दो विभाग पानी की कर रहे बर्बादी

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*
*डार्क जोन में हो रही जल की बर्बादी*

एटा अलीगंज नगर पालिका में सेक्युलर लीटर जल की रोजाना हो रही बर्बादी आपको बताते चले की एक सप्ताह पहले बिजली विभाग के ठेकेदार के द्वारा लट्ठे लगाए गए थे बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से वाटर पाइप लाइन को डैमेज कर दिया गया है एक सप्ताह से बह रहा में मार्केट धर्मशाला के पास पानी सभी अधिकारी रहे मौन जहां पर एक तरफ सरकार लाखों करोड़ों की लागत से जल जीवन मिशन योजना चल रही है वहीं दूसरी ओर अलीगंज नगर में बिजली विभाग और नगर पालिका की लापरवाही के चलते सैकड़ो लीटर जल की हो रही रोजाना बर्बादी एसडीओ बिजली विभाग सोनू कुमार के द्वारा बताया गया कि कल ही उनके संज्ञान में है मामला आया है जिसको लेकर ठेकेदार को तुरंत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है वीडियो नगर



पालिका कृष्ण प्रताप सरल अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बिजली का पोल लगने के कारण पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई जिसकी सूचना बिजली विभाग के द्वारा नगर पालिका को दी गई लेकिन अभी तक सुधार बिजली विभाग के द्वारा नहीं कराया गया है उन्होंने बताया कि यह मामला बिजली विभाग के एसडीओ सोनू कुमार को तत्काल संज्ञान में लेकर के करने के लिए निर्देशित किया गया है अब प्रश्न यह उठता है कि जब एक सप्ताह से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई तो क्या किसी किसी बिजली विभाग के ठेकेदार और कर्मचारियों की निगाहें नहीं गई इससे तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई भी अधिकारी सही से कार्य करने के लिए तैयार ही नहीं है एक दूसरे के ऊपर पल्ला झाड़ने नजर आए ईओ और एसडीओ। अब देखना यह है कि बिजली विभाग क्या मामले को संज्ञान में लेकर के तत्काल कार्रवाई करेगा या नहीं।

# डी.ए.पी. उर्वरक के स्थान पर एस. एस. पी. ,एन.पी.के. उर्वरक फसलों के लिये अधिक फायदेमंद-उप संचालक कृषि

**दमोह ~ 16 जून 2024**

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि किसान भाई धान, सोयाबीन, उडद आदि खरीफ फसलों की बुबाई हेतु डी.ए.पी. उर्वरक के स्था न पर एन.पी.के. उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने बताया डी.ए.पी. में नाईट्रोजन, फास्फोकरस तत्व होते है, जबकि एन.पी.के. में नाईट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश तत्वब भी पाया जाता है, जो कि फसल के लिये अति महत्वउपूर्ण एवं आवश्यरक तत्वो है।



सोयाबीन फसल में एस.एस.पी. (सिंगल सुपर फास्फेट) उर्वरक का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेट में 16 प्रतिशत फास्फोबरस, 12 प्रतिशत सल्फार, 21 प्रतिशत कैल्शियमतत्वस पाये जाते है, जो कि सोयाबीन फसल के लिये अति फायदेमंद है।

उप-संचालक कृषि ने आगे बताया खेत के जिन भागों में जल भराव होता है ऐसे स्था?नों पर मक्का की बुबाई न करें, क्योंकि मक्का में जल भराव के कारण जड़े सड़ जाती है व फसल पीली पड़ जाती है। इसी प्रकार ढालू खेतों में धान फसल की बुबाई न करें, क्योंकि धान फसल को अधिक नमी की आवश्यपकता होती है। धान की बोनी डी. एस. आर. पद्धति से करें इस पद्धति से बोनी करने पर उत्पादन अधिक एवं लागत कम आती है।

# योग सप्ताह के तहत नगर में जगह जगह हो रहा है योग व गोष्ठियां

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो**

**चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 16 जून ।तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर आयुष विभाग द्वारा आनेपुर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों और महिलाओं को योग से निरोग रहने की जानकारी दी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जिले के हर क्षेत्र में योग शिविर लगाने की योजना है। नोडल अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार ने बताया कि जिले में आयुष पद्धति से उपचार करवाने और तनाव मुक्त रहने के लिए लोग आयुर्वेद व योग को तरजीह दे रहे है। योग प्रशिक्षक शशिराज सेठ व उत्कर्ष सिंह ने बुजुर्गों और महिलाओं को योग भी करवाया और उन्हें योग क्रियाएं सिखाई साथ ही योग करने का प्रशिक्षण भी दिया ताकि बुजुर्ग एवं महिलाएं निरोग और



तनाव मुक्त यापन कर सकें। आयुष विभाग लोगों को आयुर्वेद व योग से लाभांवित करने के लिए योजनाओं के तहत कार्य कर रहा है। नोडल अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर बुजुर्ग व महिलाओं को आयुर्वेदिक दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जायेगी। इसी क्रम में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया कि योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप पर कैसे नियंत्रण पाया जा सकता है ,संगोष्ठी में योग डॉक्टर योगेंद्र कुमार मिश्रा, प्रभारी योग वैलनेस सेंटर के द्वारा योग के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस गोष्ठी में,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शिशिर पुरी ने कहा कि कि स्वाभाविक योग से स्वस्थ रहने के लिए योग क्रियाएं व आसन प्राणायाम बढ़ाने के साथ-साथ आहार बिहार व व्यवहार में सुधार का होना अत्यंत जरूरी है क्योंकि बिना स्वस्थ वातावरण के शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से मस्तिष्क में रक्त का प्रभाव पड़ता है तथा मन शांत रहता है जिसके फलस्वरुप उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है अतः उच्च रक्तचाप वाले मरीजों को नियमित योग अति आवश्यक है। संगोष्ठी में डॉक्टर सर्वेश आर्य,डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर वेद प्रकाश, डॉक्टर आर सी दुबे, आदि चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहे।

# पुलिस के प्रदेश व्यापी रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे 151 आरोपियों को सीधी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## साथ ही 51 गुण्डा बदमाश व 32 निगरानी बदमाशो को चेक कर दी गई हिदायत एवं सीआरपीसी की धारा 41 की 99 नोटिस को किया गया तामिल








**।। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 4 प्रकरण मे 4.450 किलो ग्राम गांजा के साथ 141 लीटर शराब जप्त कर 17 प्रकरण किये पंजीबद्ध ।।**

**सिपाही से लेकर पुलिस कप्तान तक रात्रि 11 बजे से सुबह 8 बजे तक रहे मैदान मे, 400 से अधिक के बल को अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारियो के नेतृत्व में टीमों का गठन कर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित कर किये रवाना**





सीधी । पुलिस महानिदेशक महोदय म0प्र0 भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश व्यापी रात्रि कांबिंग गस्त दिनांक 15-16/06/2024 की दरम्यानी रात पुलिस कप्तान डॉ रविंद्र वर्मा के कुशल मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित अलग अलग टीमों के माध्यम से सीधी पुलिस ने हत्या/लूट/डकैती/मारपीट/आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी माननीय न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फ़रार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय सीधी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पूर्व मे इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। जिले की क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं बदमाशों के मन मे भय पैदा करने के उद्देश्य से दिनांक 15-16/06/2024 की दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 33 स्थाई वारंट, 118 गिरफ्तारी वारंट कुल 151 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही 51 गुण्डा बदमाश एवं 32 निगरानी बदमाशों एवं 2 जिला बदर को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। इसके साथ लंबे समय से लंबित मिसलिनियस अपराध के नोटिस को तामिल कराते हुये सीआरपीसी की धारा 41 के तहत 99 नोटिस को तामिल कराया गया व अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 4 एनडीपीएस के प्रकरण मे 47 हजार रुपये कीमती 4.450 कि ग्रा. जप्त किया गया साथ ही अवैध शराब के विरुद्ध 17 प्रकरण मे 141 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। एक बार पुनः कांबिंग गस्त में 151 वारंटियों को गिरफ्तार कर सीधी पुलिस ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि सीधी में कानून का राज है और अपराधी चाहे जितना शातिर हो अगर वह जिले की कानून व्यवस्था के साथ छेड़खाड़ करेगे वह सीधी पुलिस के शिकंजे से बच कर नही निकल पायेगे। वही सीआरपीसी की धारा 41 के तहत मिसलिनियस अपराध के एक दिन में 99 नोटिस तामिल किये गये।

उक्त समस्त कार्यवाही में पूरे जिले की टीम शामिल रही जिसमें समस्त थाना/चौकी/ पुलिस लाईन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बल एक साथ दबिश देकर उक्त समस्त वारंटियो को गिरफ्तार करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किये है जिनके उत्साह वर्धन हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पूर्व में उद्घोषित इनाम राशि से पुरूष्कृत किया जावेगा।

# जल संकट काल में नगर परिषद ने लोगों व मवेशियों पर ढहा कहर

**आदिवासी हरिजन के निस्तारू तालाब का जेसीबी मशीन से खुदाई करवा निकला पानी।**

**2 माह बीत जाने के बाद भी नहीं कराई गई साफ,सफाई, कार्यवाही की दरकार।**

**जागरण मझौली**

नगर प्रशासन मझौली आपने मनमानी पूर्ण कार्य प्रणाली रवैए के कारण जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में चर्चित है। यहां तक की हरिजन आदिवासियों के लोगों पर भी कहर ढाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। जिसका ताजा हाल ही में हरिजन आदिवासियों के निस्तारू तलाव पुरैनिहा जिसमें हमेशा पानी भरा रहता था जिसमें वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के आदिवासी हरिजन नहाने धोने के लिए निस्तार करते थे मेड खुदाई करवा कर रातों-रात पानी निकाल दिए जाने का सामने आया था। जबकि इस जल संकट काल में कलेक्टर सीधी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर कहा गया था कि बिना सक्षम अधिकारी के हनुमत के बिना किसी जल स्रोत से जलहन नहीं पहुंचाई जाएगी। यहां तक की जल स्रोतों से निर्माण कार्य के लिए भी जल का उपयोग प्रतिबंधित किया गया था लेकिन नगर परिषद प्रशासन बिना किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति के कलेक्टर के आदेश निर्देश की अवहेलना करते हुए जेसी मशीन लेकर पहुंचे और 20 फीट गहरी चौड़ी तालाब की में की खुदाई करवा कर तालाब में भरा पानी निकलवा दिया गया। सुबह जब लोग उठे तो तालाब खाली था जिसे देख चकित रह गए लोगों की सूचना पर जब मीडिया के लोग वहां पहुंचे तो लोगों द्वारा बताया गया कि सामान्य लोग एवं मवेशियों के साथ प्रमुख रूप से हम हरिजन आदिवासी लोगों का नहाने धोने का निस्तार इसी तलाव से होता था लेकिन बिना किसी कारण बताएं रातों-रात तालाब की खुदाई करवा कर पानी निकाल दिया गया जिससे हम पर जल संकट आ गया है यहां तक की तालाब के किनारे खुदे कूप का पानी भी निचले स्तर पर पहुंच गया है जिसकी भी साफ सफाई नहीं कराई गई। नगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से पूछताछ किए जाने पर गैर जिम्मेदाराना बयान देते हुए सीधे तौर पर कहा गया कि पूर्व से टेंडर था खुदाई करने के लिए पानी निकल गया है। जिसकी खबर भी प्रमुखता के साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भले ही चाहे जहां जल भराव नहीं था यहां वहां की मिट्टी निकाल कर तालाब के किनारे लगा दी गई हो लेकिन जहां थोड़ा बहुत पानी भरा हुआ था वहां से दो माह बीत जाने के बाद भी खरपतवार हटाना उचित नहीं समझ गया जिससे हरिजन आदिवासियों को नहाने धोने के साथ मधेशियों को पीने के पानी की अभी भी दिक्कत बनी हुई है। सबसे चिंतनीय बात तो यह है कि नगर परिषद अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा की जा रही मनमानी पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं एक और जहां निर्वाचित अध्यक्ष अनुचित कार्य के पक्षधर दिख रहे हैं वहीं अन्य पार्षद प्रतिनिधि पूरी तरह से नगर परिषद के मनमानी पर लगाम लगाने से अक्षम दिख रहे हैं।

***सौन्दरीय करण के लिए बनाई गई दीवार भी तोड़ी***

अभी कुछ माह ही बीते होंगें तालाब की सौंदर्यीकरण के लिए कई लाख लागत राशि से तालाब के मेढ के नीचे 8 से 10 फीट की कंक्रीट दीवाल तैयार की गई थी तथा तालाब लगभग 20 मी चौड़ी मेड पर टाइल्स एवं दोनों और रेलिंग लगाई गई थी जिसे भी पानी निकालने के लिए मेढ खुदाई के समय क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। लोगों की माने तो इनका कहना है कि जहां से पानी निकल गया है वहां से अंश मात्र की मिट्टी नहीं निकली गई है यहां तक की यहां का खरपतवार भी नहीं निकल गया। खाली स्थान जहां पानी का भराव नहीं था वहीं टीकुर टाकर की मिट्टी निकाल कर तालाब के किनारे लगा दी गई है जिससे तालाब की एरिया सिकुड़ती जा रही है। नगर प्रशासन का कार्य हम लोगों के समझ से परे है आखिर किस हिसाब से कार्य किया जा रहा है इसकी जानकारी एक सामान्य लोगों को तो छोड़िए जनप्रतिनिधि एवं मीडिया को भी समुचित ढंग से नहीं दिए जा रही। अब देखना होगा खबर प्रशासन के बाद जिला प्रशासन ऐसे लापरवाह अधिकारी कर्मचारी पर क्या कुछ कार्यवाही कर पाएगा।









### व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य संत महामंडलेश्वर रामेश्वरानंद जी महाराज ने कहा

# अंतःकरण शुद्ध करने एवम भगवत प्राप्ति के कई साधन है

*श्री दादाजी धाम धर्मपुरी मंदिर* में आज श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर एकादश स्कंध में उद्धव संवाद, सूर्य ग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण बलराम से बाबा नंद, मैया यशोदा, श्री राधा रानी एवं बृजवासियों का मिलन, सुदामा चरित्र की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया । व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य संत महामंडलेश्वर रामेश्वरानंद जी महाराज ने कहा अंतःकरण शुद्ध करने एवम भगवत प्राप्ति के कई साधन है। अष्टांग योग, जप तप, अनुष्ठान, कर्मकांड आदि परंतु *सबसे सहज और सरल साधन है हरि नाम संकीर्तन* नाम संकीर्तन में किसी प्रकार के समय,श्रम, नियम, अनुष्ठान व धन की आवश्यकता नहीं है। इसे कोई भी व्यक्ति कहीं भी किसी भी समय किसी भी अवस्था में, राग से अथवा द्वेष से, एकांत में या समूह में कर सकता है। उसका कल्याण निश्चित ही है। नारद भक्ति सूत्र में भगवान श्री हरि देवऋषि नारद जी से कहते हैं÷ *मदभक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामी नारद*÷ मेरे भक्त जहां मेरा संकीर्तन करते हैं मैं वहां अवश्य ही उपस्थित रहता हूं।यह भगवान की प्रतिज्ञा है। योग की व्याख्या करते हुए पूज्यश्री ने कहा *शरीर,मन और श्वास को जोड़ने की विधि का नाम है योग* इससे मन और शरीर तथा मनुष्य एवं



प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य स्थापित हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप शरीर निरोगी एवं मन निर्विकार हो जाता है। निर्विकार मन में परमात्मा का सहज निवास है। योग श्वांस के द्वारा मन को स्थिर एवं शांत करने का अचूक साधन है। इससे शरीर के भीतर सूक्ष्म शक्तियां नियंत्रित होती हैं और उनके बीच समन्वय स्थापित होता है, हम ध्यान की गहराइयों में उतर सकते हैं एवं सूक्ष्म जगत से भी संबंध स्थापित हो सकता है। सेवा करने से अंतःकरण शुद्ध होता है और हमारे कर्म पवित्र होते हैं। सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए पूज्य महामंडलेश्वर जी ने कहा सुदामा भगवान कृष्ण के अनन्य एवं अकिंचन निष्काम भक्त थे।ऐसा भक्त आज तक न हुआ है न ही आगे होगा। पूज्य महामंडलेश्वर जी ने कहा श्री कृष्ण ने सुदामा के साथ मित्रता का प्रकार निर्वाह किया वैसा अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। जब महात्मा सुदामा द्वारिका नगरी में द्वारकाधीश श्री कृष्ण के महलों में पहुंचे तब उनके शरीर पर मेरी कुचली फटी हुई धोती, हाथ में लकड़ी,नंगे पैर, चेहरे पर थकावट झलक रही थी।सुदामा को देखते ही द्वारकाधीश श्री कृष्ण अपने राज सिंहासन से नंगे पैर ही कूदे और दौड़ते हुए सुदामा को गले लगा लिया। महात्मा सुदामा की दीन दशा देखकर भगवान श्री कृष्णा रोने लगे और सुदामा को अपने हाथ से पकड़कर सहारा देते हुए अपने राज सिंहासन पर ले जाकर बिठाया। द्वारिका की पटरानी रुक्मणी जी जल लेकर आईं और भगवान कृष्ण महात्मा सुदामा की चरण पखारने लगे। उनके चरणों में जो कांटे लगे थे एक-एक करके भगवान कृष्ण ने अपने हाथ से निकाले। भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी के चरण धोते जा रहे हैं और उनकी दशा देखकर इतना रोए कि उन्हें जल की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, अपने आंसुओं से ही सुदामा जी के चरण पखार दिए। निष्काम भक्त सुदमाजी को बिना मांगे ही अपनी भव्य द्वारिका जैसी सुदामा नगरी बना दी, अपने जैसा ही ऐश्वर्य प्रदान किया। इतना ऐश्वर्या पाकर भी सुदामा के मन में कोई विकार या अहंकार उत्पन्न नहीं हुआ वे उसी प्रकार अपने भजन में निमग्न रहे। सुदामा जी कहते हैं ब्राह्मण को ज्ञान का दान करना चाहिए उसे विक्रय नहीं करना चाहिए। दत्तात्रेय भगवान के 24 गुरुओं से प्राप्त शिक्षाओं का वर्णन किया। गुरु माता शारदा देवी,मुख्य यजमान एवम भा ज पा के जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने कथा की आरती की। आरती के उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया गया ।

# गंगा दशमी पर जिले के गाँव-गाँव में हुआ जलाभिषेक






### जलाशय पूजन, दीप दान, भजन कीर्तन व जलस्त्रातों की आरती कर लिया पानी सहेजने का संकल्प

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर -/- गंगा दशमी के पावन अवसर पर जिले भर में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। ग्रामीणों द्वारा जलाशय पूजन, दीप दान, भजन-कीर्तन एवं भंडारे आदि आयोजित किए गए। साथ ही जिले से होकर गुजर रहीं नदियों और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन, पुनरुद्धार और साफ सफाई के लिए जलाभिषेक अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया।

ग्वालियर जिले के विकासखंड मुरार की ग्राम पंचायत गुर्री में स्थित भदावना में कलश यात्रा निकाली। इसके बाद यहा के पवित्र जलप्रपात की आरती उतारी और दीप दान किया। इसी तरह ग्राम सियावरी, तिघरा, सोता खिरिया, भितरवार, एवं डबरा जनपद पंचायत नुन्हारी में जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत सिरसा के ग्रामवासियों ने अपने गाँव के तालाब पर श्रमदान किया। गंगा दशहरा पर जिले के विभिन्न गाँवों में जल यात्राएँ भी निकाली गईं। पूजा घरों में भी भजन-कीर्तन कर लोगों को पानी की बूँद-बूँद सहेजने के ?िलए प्रेरित किया गया।

## जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध रहेगा

### मछलियों का प्रजनन काल होने से लगाया गया है यह प्रतिबंध

ग्वालियर -/*जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मध्य प्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस आशय का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

ज्ञात हो मत्स्योद्योग अधिनियम व नियमों के प्रावधानों तहत संपूर्ण मध्यप्रदेश में हर साल 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतुकाल रहता है। इस अवधि में मछलियों द्वारा प्रजनन कर अपनी वंश वृद्धि की जाती है। इस अवधि में मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय करना सज्ञेय अपराध है। मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधान के तहत बंद ऋतुकाल में मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय करने पर दण्डात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके तहत एक वर्ष का कारावास व पाँच हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों प्रकार दण्ड दिया जा सकता है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश ऐसे छोटे तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों पर लागू नहीं होगा जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है। इसके अलावा अन्य समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतुकाल के दौरान मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश के जरिए पुलिस, राज्य परिवहन, नगर निगम, रेल विभाग इत्यादि से पिछले वर्षों की भाँति इस साल भी प्रभावी ढंग मत्स्य संरक्षण कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# ब्रह्म भोज में दक्षिणा भेंट के साथ ब्राह्मणों को दिए गए दान स्वरूप वृक्ष और परिजनों संग मान्य पक्ष के लोगों ने किया वृक्षारोपण

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

*समाजसेवी सुधीर आचार्य एवं आचार्य आनन्द टीम की हरियाली से खुशहाली के लिए अभिनव पहल* ? अम्बाह । हरियाली से खुशहाली की अवधारणा को ज़मीन पर उतारने के लिए अंचल के समाज सेवी सुधीर आचार्य ने अनूठी पहल करते हुए ब्रह्म भोज में भेंट स्वरूप दी जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के साथ औषधीय और फलदार वृक्षों को ब्राह्मणों एवं मान्य पक्ष के लोगों और अतिथियों को देने के साथ-साथ,परिजनों और सभी मान्य पक्ष के लोगों के करकमलों से वृक्षारोपण कराने की परंपरा का सूत्रपात किया है। इस अनूठी पहल को गतिशील बनाने में सहयोगी आनन्दक अरविन्द मावई, विश्वनाथ गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर, बालकृष्ण शर्मा, अंकित मिश्रा, मनोज शर्मा, बिंदुसार सिंह तोमर, महेंद्र सखबार, रविकांत कटारे की मुख्य भूमिका है। गांव भरतपुरा और हिंगावली से हुई शुरुआतः बड़फरा पंचायत के गांव भरतपुरा में अतर सिंह



कपसिया एवं गांव हिंगवली में श्रीमती कटोरी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री तोताराम शर्मा के निधन के पश्चात उठावनी में शामिल हुए समाज सेवी सुधीर आचार्य संग आचार्य आनंद टीम के सदस्यों ने परिजनों के समक्ष अपने बुजुर्गों की स्मृति को प्रकृति को समर्पित कर, सर्वव्यापी बनाने और हरियाली से खुशहाली की भावना को फलीभूत करने के लिए 12-13 ब्राह्मणों को दान की जाने वाली वस्तुओं में औषधीय एवं फलदार वृक्षों को भेंट करने तथा इस अवसर पर उपस्थित मान्य पक्ष के लोगों एवं परिजनों द्वारा वृक्षारोपण कराने तथा उनकी देखभाल कर प्रतिवर्ष बरसी के समय उनका पूजन करने की परंपरा शुरू करने के लिए निवेदन किया। इस पर स्वर्गीय अतर सिंह कपसिया के पुत्र राजेश कपासिया, अशोक कपासिया, जगदीश, विनोद कपासिया, राकेश और संजय कपासिया ने तथा श्रीमती कटोरी देवी के सुपुत्र शिवदत्त शर्मा, हरिशंकर शर्मा,रामबरन शर्मा और सुग्रीव शर्मा ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। लेकिन इस परंपरा को शुरू करने के लिए मौके पर समाज सेवी सुधीर आचार्य सहित पूरी आचार्य आनंद टीम को उपस्थित रहकर सभी को इसका उद्देश्य समझने के लिए कहा। कपासिया ?स्मृति उद्यान बनायेंगेः आज गंगा दशहरा दिन रविवार को स्वर्गीय अतर सिंह कपसिया की आत्मा शांति के लिए आयोजित हुए ब्रह्म भोज से पूर्व प्रातः उनके खेत पर परिजनों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया। यहां उनके पुत्र राजेश और अशोक सिंह कपसिया ने उनकी स्मृति में उद्यान बनाने का संकल्प लिया। तदोपरांत दोपहर में आयोजित ब्रह्म भोज में शामिल सभी ब्राह्मण को दान स्वरूप भेंट की गई विभिन्न सामग्रियों के साथ ही पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक राजनेता और समाज से भी उपस्थित थे। हिंगावली में ब्रह्म भोज में भेंट किए जाएंगे वृक्ष और कराया जाएगा वृक्षारोपणः आज सोमवार 17 जून को गांव हिंगवली में श्रीमती कटोरी देवी पत्नी स्वर्गीय तोताराम शर्मा के यहां आयोजित ब्रह्म भोज में भी इस अनूठी पहल को उनके पुत्रों द्वारा पूर्ण कराया जाएगा।

## 19 जून से नवीन जिला न्यायालय भवन में होगी मामलों की सुनवाई

ग्वालियर -/* जयेन्द्रगंज स्थित पुराने हाईकोर्ट परिसर में संचालित जिला एवं सत्र न्यायालय अब न्यू कलेक्ट्रेट रोड़ ओहदपुर में नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हो गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पी सी गुप्ता ने बताया कि नवीन जिला न्यायालय भवन में जिला न्यायालय के स्थानांतरण का कार्य पूर्ण हो गया है। नये न्यायालय भवन में 19 जून से मामलों की सुनवाई होगी।

## दुषित पानी की समस्या से ग्रस्त रौन नगर में फैल सकती है महामारी

### जगह जगह लीकेज,पानी सप्लाई की लाइन में जा रहा गंदी नालियों का पानी

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

भिंड जिले में कई जगह दूषित पानी पीने के कारण जनता में फेले संक्रमण से लोग मर चुके और कई गम्भीर बीमार हैं जब दूषित पानी का मामला जिला कलेक्टर महोदय के संज्ञान में आया तो कलेक्टर साहब ने जांच शुरू कर शक्ति दिखाई है लेकिन भिंड जिले का रौन नगर भी दूषित पानी की समस्या को झेल रहा है सूत्र बता रहे हैं की जगह जगह पानी की पाइप लाइने लीकेज हो गई है जिसमें नालियों का गंदा पानी चला जाता है और वही पानी लोगों के घरेलू नलों में निकलता देखा जाता है दुसरी ओर जिला प्रशासन और नगर परिषद रौन नगर में कई वर्षों से दूषित पानी की विकराल समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं क्या शासन और नेता रौन नगर की जनता को मिल रहे दूषित पानी से भविष्य में फेलने वाली महामारी पर चुप्पी तोड़ेंगे या जनता को मरने के लिए छोड़ रखा है, प्रशासन को आमजन की इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए इस मामले पर विचार करना चाहिए यह दूषित पानी किसी दिन धीमे जहर की तरह रौन की जनता के लिए मुसीबत बन जाएगा तो इसका जिम्मेदार कौन होगा,आखिर रौन नगर की जनता के ऊपर मंडरा रहे दूषित जल संकट पर शासन, प्रशासन एवं नेताओं व नगर परिषद का शांति रखना एक अनहोनी को न्योता देने जैसा है इस गंभीर विषय पर जिले के आल्हा अधिकारियों एवं नगर परिषद को विचार कर समाधान निकालना चाहिए ताकि जनता के जीवन से खिलवाड़ ना हो सके।।

# आम नागरिक की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य रवि भदौरिया

### *व्यापारी एवं पुलिस प्रशासन समन्वय समिति मीटिंग ह्य.ह्.द्व गार्डन में संपन्न हुई




अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अम्बाह। अम्बाह शनिवार को ह्य.ह्.द्व गार्डन में व्यापारी एवं पुलिस प्रशासन समन्वय समिति मीटिंग रात्रि 8.40 पर संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बाह एसडीओपी रवि भदौरिया एवं अम्बाह थाना प्रभारी सतेंद्र कुशवाहा जी मौजूद रहे, मंचासीन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन जी,

व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय गुप्ता जी, व्यापार प्रकोष्ठ सहसंयोजक बच्चू लाल गुप्ता जी,

कविंद्र सिंह तोमर, विमल जैन राजू , लक्ष्मण वर्मा जी, संतोष वर्मा जी, , मौजूद रहे। मंच संचालन कर रहे विजय गुप्ता जी एवं संतोष वर्मा ने किया। एसडीओपी रवि भदौरिया ने कहा है कि व्यापारी की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। सभी व्यापारी अपनी दुकान के अंदर बहार सीसीटीवी केमरा लगवाए, जिससे कोई भी वारदात होती है तो केमरे की मदद से जल्द खुलासा हो सके। पुलिस प्रशासन नगर पालिका के सहयोग जल्द अतिक्रमण से छुटकारा दिलाने का आश्वासन दिया। अम्बाह थाना प्रभारी सतेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुझे अम्बाह आये हुए एक सप्ताह हुआ है शहर कोई भी गुंडे बदमाश बवाली परेशान कर रहे हो तो मुझे तुरंत आपके पास हाजिर रहुगा, उन्होंने अपना नम्बर सभी को लिखवाया । 9131112947, सब लोगों ने सेब किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन कहा है कि अवैध नल कनेक्शन सिर्फ 2000 रु की नगर पालिका से रशीद काटकर वैध करा सकते है, 1 माह बाद पूरे शहर में सड़क निर्माण होने के बाद किसी ने सड़क को खोदा तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, इसलिए अभी 1 हफ्ते में नल ठीक करवा सकते है। दूसरी घोषणा ङ्क भवन निर्माण के लिए नगर पालिका से परिमिशन लेना अनिवार्य। 24 घंटे में मिलेगी परमिशन, रजिस्ट्री, नक्शा करना होगा पेश। दुकान के बाहर ठेले लगवाने वालों पर होगी कार्यवाही, दुकान के बाहर, सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर भी कार्यवाही, दुकान एवं घर के बाहर कचरा फेकने वालों पर भी होगी कार्यवाही, स्वच्छ अंबाह के तहत सिर्फ सफाई गाड़ी में ही कचरा डालें। दुकान के सामने जबरजस्ती ठेला कोई व्यक्ति लगता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही,कॉल करने पर तुरंत होने उपस्थित ङ्क थाना प्रभारी सतेंद्र कुशवाह जी दूसरे चरण में 60 नए CCTV कैमरे लगाएगी नगर पालिका, अब हर कॉलोनी में लगेंगे कैमरे। इस मीटिंग में 250 लगभग गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आभार व्यक्त नीरज गुप्ता ने किया।



## ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण सप्ताह मनाते हुए सीएम राईज विद्यालय में विद्यार्थियों को बताया जल संरक्षण का महत्व

सबलगढ़/ राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश अनुसार ईको क्लब अंतर्गत पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में दिनांक 5 जून से 12 जून तक ईको क्लब फिर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संबंधी गतिविधियों का आयोजन शासकीय सीएम राज विद्यालय सबलगढ़ में किया जा रहा है जिसमें जिला नोडल अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशानुसार विकासखंड नोडल अधिकारी मनोज भाटेले के मार्गदर्शन में ईको क्लब प्रभारी राकेश कुशवाहा के द्वारा जल ही जीवन है की थीम पर आधारित विद्यार्थियों को जल संरक्षण के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं यह बताया गया कि जल संरक्षण व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से सभी की जिम्मेदारी है यदि हम आज जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो संपूर्ण मानव जाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय सबलगढ़ में विद्यार्थियों को वर्षा जल संचयन और उसके लाभों के विषय में जागरूक किया गया एवं विद्यालय में हम किस तरह पानी का उपयोग कर सकते हैं और पानी के दुरुपयोग को कैसे रोक सकते हैं इस विषय में विस्तार से बताया गया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बी.एन. शर्मा वरिष्ठ अध्यापक धर्मेंद्र सिंह जादौन एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## भितरवार वार्ड नं 8 में नाला निर्माण नही रहेगी बरसात में पानी की समस्या बलदेव अग्रवाल

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार

वार्ड नं 8 भितरवार में बहुत दिनों से बरसात के पानी की समस्या चल रही थी नगर पालिका अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल जी ने बताया किवार्ड नं 8 में नाले का निर्माण जैन मंदिर से सरकारी हॉस्पिटल से निकल कर नहर तक बनेगा नाला और उसी मै स्वर्गाश्रम स्कूल बाली गली में भी बनाई जाएगी छोटी नाली क्यू कि वार्ड नं 8 में स्वर्गाश्रम स्कूल वाला मौहल्ला मेंतो पानी निकलने निकलने की समस्या बहुत ही गंभीर है अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल जी ने आश्वासन दिया है कि नाले का काम 3 दिन बाद से ही हो जायेगासुरु और बरसात से पहले ही नालेका कार्य पूर्ण हो जायेगा अध्यक्ष जी ने बताया है की बरसात मै जिन गलियों मै आदमी निकलने मै समस्या आती हैं उनका भी कार्य जल्द से जल्द करा दिया जायेगा नाले का स्टिमेंट भी ठेकेदार दीपक जी को दे दिया गया है ठेकेदार जी का कहना है की नाले का कार्य दो या तीन दिनमै सुरु करवा दिया जायेगा

## दो बाइक आपस मैं टकराने से हुआ करैरा तिराह पर एक्सीडेंट



संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार ग्वालियर

दीपक जाटव (चरखा)अपनी बाइक से जा रहा था तभी अचानक से एक बाइक सवार अपनी मोटर साइकिल से बहुत ही तेजी मै आया और दीपक जाटव की गाड़ी में टक्कर मार कर चला गया जिसने दीपक जाटव की गाड़ी में टक्कर मारी उस टक्कर मारने वाले का गाड़ी नंबर है द्बश्च07 ह्क्क0629 इसी मोटर साइकिल ने टक्कर मारी जिससे की दीपक जाटव बहुत ही घायल हो गया जहां पर एक्सीडेंट हुआ था वहा पर ही पुलिस थाना है इस की सोचना जब पुलिस को मिली तब पुलिस ने उसे भितरवार शासकीय अस्पताल पहुंचाया दीपक जाटव के पैर में बहुत चोट लगी हुई है

# तेजाव डालने से पति व पत्नी झुलसे, पुरानी रंजिश के चलते?

पारिवारी जनों ने शौच जाते समय पीछे से डाला तेजाब,चिल्लाने पर बचाव में आई पत्नी झुलसी। सबलगढ़ पुरानी रंजिश के चलते परिवारी जनों ने राम प्रकाश कुशवाहा पुत्र मेघनाथ कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी रामसहाय गली वार्ड नंबर 10 सबलगढ़ पर तेजाब डालने से पूरा शरीर झुलस गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर पत्नी आई और उसने बीच बचाव किया तो उसके हाथ झुलस गए। इलाज के लिए दोनों को सिविल हॉस्पिटल लेकर आए। शनिवार की रात करीब 12ः00 राम प्रकाश कुशवाहा पुत्र मेघनाथ कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी रामसहाय गली वार्ड नंबर 10 सबलगढ़ अपने मकान से खुले में शौच जाने के लिए ऊपर किले की ओर जा रहे थे तभी पुरानी रंजिश रखने वाले उनके ही परिवार के रामदयाल ,सेवा प्रीतम एवं उनके लड़के बीरबल, गोपाल, राम लखन ,दीपू ,अज्जू एवम उनकी महिलाओं ने राम प्रकाश को पकड़ लिया और मारपीट करने लगे मारपीट की पति रामप्रकाश की चिल्लाने की आवाज सुनकर राम प्रकाश की पत्नी मिथिलेश 28 वर्ष उन्हें बचाने आई इसी बीच अचानक,गोपाल ने राम प्रकाश कुशवाहा के ऊपर तेजाब डाल दिया तेजाब इतनी ज्यादा मात्रा में डाला गया की रामप्रकाश के पूरे शरीर पर फफोले पड़ गए 50त्न से अधिक शरीर,पेट, पीठ,कंधे पर जल गया कुछ तेजाब की बूंदे महिला मिथिलेश के हाथ पैर और चेहरे पर भी गिरी रात्रि को ही राम प्रकाश इस घटना की रिपोर्ट करने थाने गया। थाना सबलगढ़ में उन्होंने अपनी बात मौखिक बताई। थाने से उन्हें सिविल हॉस्पिटल इलाज कराने भेज दिया गया। रात्रि करीब 1ः00 बजे रामप्रकाश सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ में अपना इलाज करने पहुंचे तब उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया उसके बाद सुबह 10ः00 बजे तक उन्हें किसी प्रकार का इलाज नहीं मिला ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर ने उन्हें 50त्न से अधिक शरीर के जल जाने पर भी रेफर नहीं किया गया था। महिला को हाथ में और चेहरे पर जलने के निशान है उसको भी कोई इलाज प्रदान नहीं किया गया।उक्त घटना में पुलिस ने 11ः00 बजे तक आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। डॉक्टर रेवानंद शर्मा से जानकारी लेने पर बताया कि मैंने उन्हें जाने के लिए बोला था। तत्पश्चात रामप्रकाश को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा एवं बीमा क्लेम दिलाया जाए- शिवनारायण परिहार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झाँसी। यूपी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में आज जनपद झांसी की ग्राम पंचायत हरपुरा के पंचमपुरा में बर्बाद रबी की फसल का मुआवजा बीमा क्लेम दिलाए जाने हेतु आज किसान पंचायत हुई। किसान पंचायत में प्रमुख रूप से किसानों ने मांग की है। विगत 2 मार्च को ओलावृष्टि से बर्बाद हुई रबी की फसल जिसमें गेहूं चना मटर राई मसूर की फसले बोई गई थी खेतों में कुदरत के कहर ने फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया नष्ट फसलों का मुआवजा दिलाया जाए साथ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाए। किसान पंचायत में किसानों ने कहा साहब प्राकृतिक आपदाओं और सरकार की गलत नीतियों के चलते खेती किसानी घाटे का सौदा साबित हो रही है फसले बर्बाद हो जाने से रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है गांव से लगभग 50 पर्सेंट लोग दिल्ली एवं अन्य प्रदेशों में चले गए हैं मेहनत मजदूरी करते हैं तब कहीं जाकर घर में चूल्हा जलता है किसानों ने पंचायत में बारी-बारी से बताया साहब हम लोग ग्राम पंचायत हरपुरा के पंचमपूरा में रहते हैं और हमारी कुछ खेती की जमीन मथुपुरा मौजा ढकरवारा मौजा हरपुरा मौजा चुरारा मौजा बड़ा गांव मौजा में जमीन है जिसका हमको मुआवजा एवं बीमा क्लेम नहीं मिला है लेखपाल की लापरवाही के चलते हमारे गांव में आधा सैकड़ा




किसान मुआवजा पाने से वंचित रह गए। किसान रामदास अहिरवार ने बताया हम पंचमपुरा में रहते हैं हमारी खेती की जमीन बड़ा गांव मौजा में 20 बीघा है जिसका हमको मुआवजा नहीं मिला है। किसान गोविंद दास पटेल ने बताया हमारी एक एकड़ जमीन हरपुरा मौजा में है जिसका मुआवजा हमको नहीं मिला है पुकखन ने बताया ढकरवारा मौजा में एक एकड़ जमीन है उसका मुआवजा नहीं मिला, ऐसे लगभग आधा सैकड़ा किसान है जिनकी अन्य मौजों में खेती योग्य जमीन है जिसका मुआवजा एवं बीमा क्लेम नहीं मिला है किसानों ने कहा तहसील प्रशासन पुन जांच कराए और हमें हमारी बर्बाद फसलों का मुआवजा बीमा क्लेम दिलाये। किसानों ने बताया साहब बड़ी संकट की घड़ी है बारिश होने वाली है बारिश के बाद खेतों में खरीफ की फसल की बुवाई होनी है और धन की कमी के चलते कुछ सूझ नहीं रहा है कि इस बार खेतों की बुवाई कैसे होगी खाद बीज का प्रबंध कैसे होगा पंचायत के माध्यम से किसानों ने मांग की सरकार हम किसानों का केसीसी कर्ज माफ करें साथ में बिजली बिल माफ करें। पंचायत के माध्यम से किसानों ने कहा हमारे गांव में सांसद आए विधायक का एमएलसी जिला प्रशासन के अधिकारी आए लेकिन हम लोगों को आज तक न्याय नहीं मिला हम लोगों ने आंदोलन किया धरना प्रदर्शन किया चुनाव का बहिष्कार भी किया लेकिन सिर्फ हम लोगों को कोरा आश्वासन मिला है हम लोगों को आज तक न्याय नहीं मिला न्याय की उम्मीद में हम लोग संघर्ष कर रहे हैं । किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ तत्काल किसानों को देना चाहिए और बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा भी देना चाहिए जिससे किसान समय पर अपने खरीफ की फसल की बुवाई कर सके। परिहार ने कहा किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिम्मेदारों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा जरूरत पड़ेगी तो तहसील मऊरानीपुर का घेराव किया जाएगा। किसान पंचायत में प्रमुख रूप से रामदास अहिरवार छबिलाल अहिरवार पंचमाला अहिरवार पहलाद पटेल बबलू पटेल गोविंद दास पटेल महेश पटेल थोबन लाल अहिरवार राजू चढ़ार रविंद्र चढार केसर प्रसाद अहिरवार उत्तम अहिरवार मोहनलाल अहिरवार मुन्नालाल अहिरवार मूलचंद रोशन लाल पटेल देवकी अहिरवार शोभा अहिरवार इंद्रपाल अहिरवार मुन्नालाल विश्वकर्मा धर्मजीत अहिरवार भानु प्रताप अहिरवार पहलवान दिनेश अहिरवार निशु अहिरवार सचिन अहिरवार सियाराम भागीरथ प्यारेलाल बेधड़क गजेंद्र यादव पंखीलाल लक्ष्मी प्रसाद प्रेम नारायण सिया राम भजन लाल कृपाराम लाडले अखिलेद्र चंदेल रविंद्र चढार दिलीप अहिरवार चेतराम कृपाराम शोभाराम बलराम गणपत पंचम पुख्कन शेखर राज बड़ोनिया रामाधार निषाद रामचंद्र बुढ़िया बृजेंद्र कुमार पटेल कमलापति नरेंद्र पटेल गोविंद दास पटेल हरिशचंद्र मिश्रा सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# जनकपुर में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसीलदार पर पक्षपात करने का आरोप

***देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)***





एमसीबी। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के बीते कुछ दिनों पहले जनकपुर भरतपुर ब्लॉक पर अवैध अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार भरतपुर के द्वारा कुछ झुग्गी झोपड़ी जहां पर गरीब मजदूर का आशियाना बना हुआ था उसे मकान पर बुलडोजर चलवा कर अवैध अतिक्रमण हटाया गया ।लेकिन महज दो चार,ही मकान पर बुलडोजर का चलवाना कहीं ना कहीं तहसीलदार की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है आखिर क्यों हर जगह हर बार गरीब ही अधिकारियों कर्मचारियों के शिकार में क्यों आते हैं ,गरीबों का ही मकान क्यों तोड़ा जाता है जबकि वही बड़े-बड़े बिल्डिंग रईस रसूखदार लोगों का अवैध अतिक्रमण में बनाया गया है लेकिन गरीबों का मकान तोड़ने के बाद वहां कुछ विवाद के कारण रहीस बिल्डिंग वालो को तहसीलदार द्वारा 15 दिन का टाइम दिया गया था 15 दिन के अंदर आप अपना रहने का व्यवस्था बना लें अन्यथा मकान गिरवा दिया जाएगा लेकिन आज दिनांक तक उन मकानों पर बुलडोजर का ना चलाना तहसीलदार के कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता हुआ नजर आ रहा है आखिर क्यों तहसीलदार के द्वारा बड़े रसूखदार लोगों के मकान पर बुलडोजर नहीं चलवाया गया क्या सत्ता के दबाव में यह बड़े रसूखदार लोगों के मकान पर बुलडोजर चलाने से डर रहे हैं ,अधिकारी कर्मचारी कलेक्टर एम सी बी के द्वारा लगातार अवैध अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश करते रहते हैं ।उसके बाद भी इस तरह अतिक्रमण पर कार्यवाही होते हुए रोक देना आधे अधूरे लोगो का मकान तोड़ना कहा तक जायज है आखिर आधिकारी पक्षपात कैसे कर सकते हैं।।बहरहाल देखना होगा की कब तक बड़े रसूखदारों के अवैध कब्जा किए हुए मकान पर बुलडोजर चलाने पर समर्थ होते हैं भरतपुर तहसीलदार।। या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा फोटो में देख सकते हैं किस प्रकार से अतिक्रमण टूटा और रहीश रसूखदार लोगो का मकान सुरक्षित है।



## मजबूत संगठन के आधार स्तंभ होते हैं कार्यकर्ता: अजय कुमार दूबे

**दुर्गेश्वर सोनी केसरिया हिन्दुस्तान**

ब्यूरो चीफ देवरिया

भाटपार रानी,देवरिया।भाटपार रानी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे क्षेत्र के बड़का गांव में बैठक कर विभिन्न राजनीतिक विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के आधार स्तंभ होते हैं। कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। कार्यकर्ता विपरीत परिस्थिति में भी संगठनात्मक कार्यों को करते हुए संगठन को मजबूती देने का कार्य करता है। कार्यकर्ता के बिना मजबूत संगठन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम में भी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कठिन परिश्रम किया लेकिन हमें सफलता प्राप्त नहीं हुई परंतु हमें इसे असफलता से निराश होने की भी जरूरत नहीं है। हमको और मजबूती के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूत करने की जरूरत है ताकि आगामी चुनाव में हम अपना परचम लहरा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भविष्य में भीषण गर्मी से बचने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे और समस्त जीवधारी को शुद्ध हवा मिल सके।

बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, विशंभर पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, अशोक तिवारी, रमेश पटेल, अर्जुन गुप्ता, हरेंद्र पाल, अनिल कुमार, रामप्रीत पाल, हसनाथ प्रसाद उपस्थित थे।

## मिशन शक्ति के तहत एन्टी रोमियो अभियान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 16 जून। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार थानों की एन्टी रोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूल/कालेजों के आस-पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़को /शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही साथ टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिला/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं0-1090,181,112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारो के बारे में बताया गया।



## योग दिवस के उपलब्ध में नगर कार्यालय में योग दिवस का आयोजन हुआ

भोजपुर। आगामी 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है नगर पंचायत भोजपुर



कार्यालय में प्रातः छह बजे से सात बजे तक सामूहिक रूप से योगाभ्यास करके योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है नगर कार्यालय के लिपिक फिरासत हुसैन ने बताया कि योगाभ्यास जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है इसे जरूर करें और स्वस्थ रहें, मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए केन्द्र सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है सभी इसका लाभ उठायें इस दौरान लिपिक फिरासत हुसैन, चेतराम, सभासद प्रतिनिधि इस्तेकर हुसैन, मोहम्मद जरीफ, रियासत हुसैन, आमिर, युसूफ, कैलाश आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र का भूटान की राजधानी शिम्फू में आयोजित सम्मेलन में होगा सम्मान

*ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय*

चित्रकूट - जब कोई भी जनप्रतिनिधि अपने पद का सदुपयोग करते हुये अपने कर्तव्यों के प्रति लगनशीलता के साथ विकास कार्यों के प्रति तटस्थ रहता है तो स्वाभाविक है की शासन प्रशासन ही नहीं विदेश भी उन्हें सम्मानित करने में पीछे नहीं रहता जिसका जीता जागता उदाहरण हैं भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र जिनके जनहित में समर्पित कार्यों को देखते हुये उन्हें वर्ष 2018 में श्रेष्ठ सांसद अवार्ड से सम्मानित भी किया गया था उनके अच्छे कार्यों को दृष्टिगत रखते हुये यही पूर्व सांसद बांदा-चित्रकूट भैरो प्रसाद मिश्र भूटान की राजधानी थिम्फू में 19 से 21जून तक अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आयोजित त्व-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भाग लेंगे जिसमें उन्हें21जून को भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड प्रदान किया जायेगा।



विकासशील राष्ट्र भारत के विकसित राष्ट्रों की ओर बढ़ते कदमों पर भारत की प्रतिष्ठा,शक्ति,पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से अर्न्तराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल, न्यायमूर्ति परमानन्द झा पूर्व न्यायाधीश, नेपाल सर्वोच्च न्यायालय काठमाण्डो के सानिध्य में थिम्फू भूटान में 19 से 21 जून 2024 को त्व-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य समारोह में त्व-22 राष्ट्र भारत,नेपाल, भुटान,अफगानिस्तान अल्जीरिया,एंगोला, आस्ट्रेलिया,क्रोएशिया, फिनलैण्ड,तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक ईजराइल,मैकडोनिया, मोरक्को,नीदरलैण्ड,नाईजीरिया,नार्वेजियन, रोमानिया,रायल,डेनिश,श्रीलंका,मालदीव के प्रतिनिधियों को आंमत्रित किया है। अर्न्तराष्ट्रीय समरसता मंच मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि भूटान में आयोजित सम्मेलन भारत-भूटान सम्बन्धों का एक ऐतिहासिक क्षण है भारत और भूटान के बीच स्थायी शान्ति और मैत्री होगी, पारस्परिक और दीर्घ कालीन लाभ के लिए आर्थिक सहयोग को मजबूत करने और उसके विस्तार, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल तथा विज्ञान और प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढेगा।परिपक्वता, विश्वास, सम्मान और समय बूझ निरन्तर विस्तृत भारत-भूटान संबन्धो की विशेषता है। सम्मेलन में भारत-नेपाल भूटान की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्नउत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगतगुरू के आसन पर पद्स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्धेश्य से सदस्य राष्ट्रों का नैतिक समर्थन संयुक्त सम्मेलन में भूटान के महननीय एवं प्रबुद्व व्यक्तियो के सानिध्य में बांदा उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान सदन में शत-प्रतिशत उपस्थित एवं राष्ट्र एवं समाज हित के बिषयो पर सबसे ज्यादा आवाज उठाने पर व कर्मस्थली के विकास के लिए सबसे ज्यादा योजनाएं लें जाने पर तथा सर्व सामाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने तथा अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान पड़ोसी राष्ट्रों बिशेष कर भूटान एवं नेपाल से आपसी सौहार्द मजबूत करने में उनके योगदान को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति ने भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड के लिए चयन किया है। पूर्व सासंद मिश्रा का अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को थिम्फू-भूटान में भूटान नागरिको की और से अभिनन्दन किया जायेगा। पूर्व सांसद मिश्रा का न्यू अलीपुरद्वार पश्चिम बंगाल, जय गॉव, भूटान बोर्डर पर भारतीय नागरिको की और से अभिनन्दन किया जायेगा। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र जी भारत-भूटान के बहुआयामी सम्बन्धो पर भूटान में चर्चा करेंगें।

## पटना क्षेत्र वासियों के नगर पंचायत बनाने की मांग पर विधायक भईया लाल राजवाड़े का प्रस्ताव पहुंचा राजधानी

*नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने किया आश्वस्त, पटना को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू*

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*



कोरिया। सबका साथ सबका विकास भाजपा की नीति के तहत ग्राम पंचायत पटना जो की अपने आप में कोरिया जिले का बड़े आबादी वाला राजनीतिक क्षेत्र है । पटना क्षेत्र कोरिया जिले की राजनीति और जन प्रतिनिधित्व के मामले में बड़ा कद रखता है।हालांकि पूर्व के कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पटना को नगर पंचायत बनाने की घोषणा जरूर की थी परंतु राज्य से बेदखल हो चुकी कांग्रेस सरकार की घोषणा को भाजपा विधायक भईया लाल राजवाड़े ने ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के लोगों की मांग पर मुहर लगाते हुए इस मांग को प्राथमिकता दिया है जिसके बाद उन्होंने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर मांग की है की ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाया जाए और जिस मांग पर विधायक भईया लाल राजवाड़े को मंत्री द्वारा आश्वस्त करते हुए ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाने की हरी झंडी दे दी है और कहा है की जल्द ही इसे प्रक्रिया में लिया जाएगा । विधायक भईया लाल राजवाड़े ने बताया की क्षेत्र की जनता की हर संभव मांग और उनकी सुविधा से जुड़ी सभी आशाएं भाजपा

## रेंजर कुलदीप चौहान की दोरंगी नीति से अक्रोश,चिन्हित आरा मशीन पर कारवाई, शेष पर रहम क्यू ?

एस एस रिज़वी जिला ब्यूरो चीफ गया (केसरिया हिंदुस्तान)



गया जिला के इमामगंज वन विभाग अंतर्गत दर्जनों आरा मशीन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल को लेकर के वन विभाग आधिकारी रेंजर कुलदीप चौहान के दिशा निर्देश पर केवल तीन ही चिन्हित आरा मशीन जब्त कर उक्त मालिकों पर करवाई किया गया ,जिसके कारण क्षेत्र में वन विभाग के प्रति आक्रोश और भी बढ़ गया है।बताया जा रहा है कि क्या दर्जनों आरा मशीन में तीन ही आरा मशीन को जब्त करने का आदेश था। उक्त सभी आरा मशीन इसके बावजूद भी लगातार चल रहे हैं, हालाकि खबर के असर से कई आरा मशीन बंद कर दिए गए हैं और उसे आरा मशीन मालिकों ने कबाड़ कर हटा दिया है।लेकिन कई आरा मशीन आज भी संचालित किए जा रहे हैं।

आरा मशीन संचालित होना इस बात का संकेत है कि आरा मशीन मालिक वन विभाग अधिकारी को रकम देते हैं।जिसके कारण उन्हें छोड़ दिया जाता है।

क्युकी जिस दिन तीन आरा मशीन को जब्त किया गया था उस समय सलैया के सभी आरा मशीन को छोड़कर वन विभाग के अधिकारी पथरा चले गय थे।लेकिन सलैया मुख्य बाजार सड़क के 200 मीटर बगल में एक आरा मशीन को छोड़ दिया। इतना ही लौटते समय सलैया आरा मशीन को पुनः छोड़कर सीधे मैगरा की तरह जाकर जगतपुर में जब्त किया।लेकिन इस बीच आठ आरा मशीन को छोड़कर कारवाई की गई।उस के बावजूद भी आरा मशीन लगातार चल रही है। रात्रि में मुख्य सड़क से होते हुए अवैध लकड़ी, बोटा,पटरा,सेटरिंग आदि लोड कर गाड़ी जाती है। जिस पर कोई अंकुश नहीं लगाया जाता है।

# प्रमुख समाजसेवी ने राजकीय उद्यान जवाहर बाग में हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

### प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी गणमान्य नागरिकों ने दिखाई सहभागिता

मथुरा। राजकीय उद्यान जवाहर बाग में दशहरा पर्व को बडे ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें अग्रणी प्रमुख प्रतिष्ठित उद्योग पति,समाज सेवी,अग्नि दमन, जलपुरुष प्रमोद गर्ग कसेरे द्वारा अपनी मार्निंग वाक - जागिंग क्लब को साथ लेकर आज पतंग - डोर साथ में कचौरी, जलेबी फ्रूट चाट ठंडा पेय पदार्थ ऊपर से मुख पान आदि वगैरा का सभी के सहआनन्द में शामिल हुए खुशी के साथ हमारे विशिष्ट सम्माननीय मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकान्त शर्मा, एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह,विधायक ठाकुर मेघश्याय सिंह , विधायक पूरन प्रकाश ,अधिकारी डी एच ओ मनोज चतुर्वेदी , श्रीभगवान चतुर्वेदी पवन चतुर्वेदी,एड0योगेन्द्र चतुर्वेदी, पत्रकार राजकुमार तौमर विजय गर्ग,डा0 अशोक, अजय चतुर्वेदी उमा मोटर्स,अशोक भारतद्वाज,एड0 अजय सिंह,एड0अजय गौतम,एड0संजय स्वारस्वत,रोहित चतुर्वेदी,श्रीकृष्ण चतुर्वेदी,रुद्रम् चतुर्वेदी,नीरज गोइल,सुशील गोयल,मुकेश अग्रवाल,एड0रामसरीन,एड0मुकेश खाडेलवाल,बालो फूफा,बाँकेपटवारी,सी ए,,विजय सिंह राजपूत,विजेन्द्र सिंह गूर्जर सुशील दीवान तथा महिला मण्डल ग्रुप से लता चतुर्वेदी,आयुषी चतुर्वेदी,मीनाक्षी चतुर्वेदी,आरती चतुर्वेदी,रजनी शर्मा आदि सभी ने खूब गंगा दशहरा पर्व का अपने परिवारों के साथ महिलाओं ने पतंगबाजी का खूब आनंद लिया और भर पेट नास्ता,पानी का लाभ लिया सभी की एक ही आबाज निकली कि जगद् माँतु श्रीयमुनाजी ऐसे प्रमुख समाज सेवी प्रमोद गर्ग कसेरे परिवार को सदाँ सदाँके लिए बनाये रखें।



# नाती पर बिटिया को भगा ले जाने की शंका पर कर डाली बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीटकर हत्या

## पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपी दबोचे



**गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट**

भिंड। नाती पर बिटिया को भगा ले जाने की शंका पर बुजुर्ग दादा की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। देहात थाना क्षेत्र में इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को पुलिस द्वारा घटना के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

यहां बता दें कि बीते रोज देहात थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम परसोना में एक बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने इस तरह दहशत फैलाई थी, कि गंभीर रूप से घायल वृद्ध को हॉस्पिटल तक नहीं पहुंचाने दिया गया था। बताया गया है कि उपचार के अभाव में ही बुजुर्ग ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया था। बाद में घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में कर शव का पीएम के लिए भिजवाया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 506 व 34 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। वहीं एसपी डॉ. असित यादव ने घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी संजीव पाठक को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में उन्होंने सीएसपी अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में देहात थाने की दो टीमें गठित कर मामले की पतारसी में लगाई थीं। सीएसपी उईके के मार्गदर्शन में उक्त टीमों द्वारा खुफिया तंत्र को अलर्ट करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज 24 घंटे के भीतर वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को ग्राम परसौना में ही बने टयूबवेल से गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में देहात टीआई मुकेश कुमार सहित एसआई विजय शिवहरे, रविंद्र कुमार मांझी, प्रधान आरक्षक हरवीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, सोनेंद्र राजावत, गुरुदास सोही, आरक्षक सुभाष तोमर, भूपेंद्र राजावत, अनिल जाट, रामकुमार जाट, दीपक जादौन, बृजेश लखेरे, महेंद्र प्रताप सिंह,अजय भदौरिया, दिलीप, दिलीप शाक्य, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र यादव, अतुल पांडेय, आनंद दीक्षित (सायबर सेल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पत्नी के घर पहुंचकर दिया तीन तलाक: महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस जांच में जुटी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह/जिला ब्यूरो**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और तीन तलाक का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार को आरोपी पति के खिलाफ मुस्लिम विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम सहित दहेज प्रताड़ना की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि अक्टूबर 2023 में शहर के पठला मोहल्ला निवासी सखावत खान के साथ निकाह हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुर और पति रुपए की मांग करने लगे। महिला ने बताया कि पैसों के लिए पति बार-बार मुझे मायके भेज दिया करते थे। कई बार मैंने पिता से पैसे लेकर पति को दिए। इसके बाद भी वह लगातार पिता के घर से रुपए लाने के लिए दबाव बनाते रहे और मारपीट की गई। के घर भेज दिया। इसके बाद 12 जून की रात पति सखावत पिता के घर आया और पैसों की मांग करने लगा। जब मेरे भाइयों ने गाली गलौज करने से मना किया तो सरेआम जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पूरे मोहल्ले वालों के सामने पति ने तीन बार तलाक बोलकर मुझसे रिश्ता तोड़ने की बात कही। महिला ने शनिवार को कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करा दी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### *विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज*

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि महिला की शिकायत पर उसके पति सखावत खान के खिलाफ मुस्लिम विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा धारा 498 ए, 323, 294 और दहेज प्रताड़ना की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति के नाम नोटिस जारी किया गया है।



## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर: हादसे में पति की मौत, पत्नी और बहू गंभीर घायल; पलेरा थाना क्षेत्र की घटना

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /मनोज सिंह/जिला ब्यूरो**

टीकमगढ़।जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पलेरा थाना पुलिस ने बताया कि आज सुबह संजय नगर गांव के पास हादसे की सूचना मिली। तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक चला रहे वीरेंद्र अहिरवार (55) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी 42 वर्षीय पत्नी रामकुंअर अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके अलावा उनकी 21 वर्षीय बहू सीमा अहिरवार भी घायल हो गई।

जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र रखा गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### *बहू का इलाज कराने गए थे पलेरा*

पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल वीरेंद्र की बहू सीमा अहिरवार से पूछताछ की गई। उसने बताया कि आज सुबह करीब 6 बजे कपासी गांव से इलाज कराने पलेरा गए थे। ससुर वीरेंद्र और सास राम कुंअर साथ गए थे। पलेरा से गांव लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सास गंभीर रूप से घायल है।

## राज्य शासन के निर्णय अनुसार एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध

रायसेन( मदन राजपूत ब्यूरो चीफ केसरिया हिंदुस्तान)राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं,तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विगत दिवस समीक्षा बैठक में इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिये थे।कंपनी ने कहा है कि मूल विद्युत कनेक्शन के अधीन परिवार के द्वारा पृथक कनेक्शन चाहे जाने पर मूल कनेक्शन परिवार के मुखिया के नाम करवाने हेतु यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालाकि इन शर्तों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एक ही परिसर में पृथक स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन दिए जाने में आ रही कठिनाईयों के निराकरण हेतु सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों

भोपाल,ग्वालियर,इंदौर,उज्जैन,सागर, जबलपुर,शहडोल एवं रीवा में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है,इसके अंतर्गत एक ही परिसर में निवासरत पृथक-पृथक परिवारों को कुछ शर्तो के साथ स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं।ऊर्जा विभाग ने निर्णय लिया है कि ऐसे आवेदक जहां मूल परिसर पर विद्युत चोरी के प्रकरण लंबित है ऐसे आवेदनों पर कार्यवाही नहीं की जायेगी। प्राप्त आवेदनों में मूल परिसर पर बकाया राशि होने की स्थिति में मूल परिसर पर बकाया राशि का भुगतान समानुपातिक रूप से किया जाएगा। उदाहरण स्वरूप,मूल कनेक्शन पर यदि बकाया राशि 30 हजार रुपए है तो वहां एक पृथक कनेक्शन लिया जा रहा है तो वहां समानुपातिक रूप से बकाया राशि में से 15 हजार एवं यदि दो पृथक कनेक्शन लिए जा रहे हैं तो बकाया राशि में से 10 हजार रूपये जमा कराकर कनेक्शन दिया जा सकता है।

मूल परिसर पर राज्य शासन के निर्णय अनुसार 31 अगस्त 2023 की स्थिति में आस्थगित बकाया राशि वाले आवेदनों पर,उक्तानुसार आस्थगित राशि पर ध्यान दिए बिना उक्त योजनांतर्गत कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही की जाये। आस्थगित राशि के निराकरण के संबंध में राज्य शासन द्वारा प्रथक से

# भानपुरा में कलर फोटो कॉपी मशीन पर छपे 15 लाख 32 हजार के नकली नोट गुजरात में पकड़ाए !

### राजस्थान के झालावाड़ के तीन लोग हिरासत में, पहले भी हो चुके है गिरफ्तार

*कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर*

मंदसौर, बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद की सीआईडी की क्राईम इंटलीजेंस ने राजस्थान के झालावाड़ के तीन लोगों को 15 लाख 32 हजार 100 रूपये के नकली नोटों के साथ रामोल से गिरफ्तार किया। 15 लाख 32 हजार रूपये के यह नकली नोट मंदसौर जिले के भानपुरा में कलर फोटो कॉपी मशीन पर छपे थे। यह तीनों नकली नोट जुहापुरा के एक व्यक्ति को देने वाले थे।

अहमदाबाद की क्राईम इंटलीजेंस की टीम ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई की और 500 रूपये, 200 रूपये और 100 रूपये के नकली नोट के रूप में 15 लाख 32 हजार जप्त किए।



क्राईम इंटलीजेंस के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नकली नोट लेकर तीन लोग रामोल फ्लाईओवर के पास मौजूद है। जो जुहापुरा के मोइनुद्दीन सैयद नामक के व्यक्ति को यह नकली नोट देने वाले है। क्राईम इंटलीजेंस ने इन तीनों के पास से 500 रूपये के 2145 नोट, 200 रूपये के 1243 नोट और 100 रूपये के 2110 नोट बरामद किए है।

### सैयद से प्रतापगढ़ में मिले थे तीनों

पूछताछ में यह बात सामने आई कि नकली नोटो के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी राजस्थान के झालावाड़ के सतीश जिनवार उम्र 32 वर्ष, अनिल रजत उम्र 34 वर्ष, कालूराम मेघवाल उम्र 39 वर्ष इन तीनों से सैयद की मुलाकात करीब दो साल पहले राजस्थान के प्रतापगढ़ में हुई थी। तीनों को एक असली नोट के बदले तीन नकली नोट देने थे। नकली नोट 500, 200, 100 रूपये के रूप में छपाने थे।

### भानपुरा में छपे थे नकली नोट

नकली नोट कहां छापे गए थे इस संबंध में आरोपियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के भानपुरा में एक कलर फोटो कॉपी मशीन का उपयोग कर यह नकली नोट छापे गए थे। साथ ही आरोपियों ने यह भी बताया कि वह चार वर्षों से नकली नोट छापने का काम कर रहे थे।

### नकली नोट रखने के आरोप में पूर्व में भी हुए गिरफ्तार

क्राईम इंटलीजेंस के अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपी वर्ष 2022 में दो बार नकली नोट रखने के आरोप में राजस्थान में गिरफ्तार हो चुके है और जेल में रहे है। वहीं फरार चल रहे सैयद पर 14 अपराध पंजीबद्ध है।जप्त किए गए नकली नोटों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

## भारतीय किसान संघ तहसील कार्यकारिणी भानपुरा का हुआ गठन

### बलवंत सिंह अध्यक्ष प्रहलाद सिंह मंत्री बने।

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा

भारतीय किसान संघ का निर्वाचन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी भानपुरा में संपन्न हुआ अध्यक्ष मंत्री सहित सहित विभिन्न पदों पर हुई नियुक्ति संगठन के द्वारा तीन वर्षो के लिए कार्यकारिणी की जाती है घोषित निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला सदस्य नैन सिंह सिसोदिया ने पूर्व कार्यकारिणी को भंग किया तत्पश्चात, नवीन कार्यकारिणी का गठन ओम की ध्वनि के साथ समर्थन कर किया गया।



बलवंत सिंह अध्यक्ष, हुकम सिंह उपाध्यक्ष,प्रहलाद सिंह मंत्री कारू लाल सह मंत्री, संजय सिंह युवा प्रमुख, महेंद्र सिंह प्रचार प्रमुख, मदनलाल , शंकर सिंह, चंद्र सिंह, श्याम सिंह, मोकम सिंह, जानकी लाल , मदनलाल को बनाया गया नवनिर्वाचित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को देव दर्शन बालाजी महाराज के मंदीर दर्शन पश्च्यात सभी ने भानपुरा तहसील के किसानों की प्रगति में उनकी सहायता का संकल्प लिया।

निर्वाचन कार्यक्रम में प्रांत सदस्य रघुनंदन पाटीदार, जिला अध्यक्ष कृपाल सिंह सोलंकी, जिला मंत्री रामनिवास बैरागी, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद चौधरी, जिला सदस्य प्रहलाद सिंह परिहार सुवासरा तह. अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष शामगढ़ अर्जुन सिंह सिसोदिया आदि की उपस्थिति रही उक्त जानकारी महेंद्र सिंह तह. प्रचार प्रमुख भानपुरा द्वारा दी गई।

## जल गंगा जल संवर्धन अभियान का आज समापन



*कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर*

शामगढ़ आज शामगढ़ में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का समापन हुआ

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव सहित जनप्रतिनिधियों समाजसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं एवं नापा पार्षदों ने मिलकर सर्वप्रथम सब्जी मंडी स्थित दिनेश गुप्ता के निवास के बाहर आवाले का वृक्ष लगाया उसके बाद राव कॉलोनी स्थित सरकारी कुवे पर को जिसे साफ-सफाई करके पीने योग्य पानी के लिए तैयार किया उसमें गंगा आरती पूजन कर के शाम को मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर पर धार्मिक आयोजन किया इस आयोजन में नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव उपाध्यक्ष डाली बाई जोशी पार्षद कृष्णा फरक्या जलकल सभापति बंटी अश्क सीएमओ सुरेश कुमार यादव गोपाल जोशी नवीन फरक्या नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू भाई नरेंद्र यादव भाजपा नेता दिलीप सांघवी मनोज चौधरी गोपाल पोरवाल पिंकी सघवी दिनेश गुप्ता एवं अन्य गई आमजन उपस्थित रहे

# बदनावर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधारोपणन्नगर परिषद ने बागेड़ी डेम पर पौधे लगाए

### कानवन में कण्व-वन सेवा संस्थान ने करंज के बीज एकत्रित करने की मुहिम चलाई,*

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9424075866

बदनावर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा इन दिनों शहर में पुराने जल स्त्रोत को पुनर्जीवित करने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है। परिषद शहर में स्थित वर्षो पुराने जलस्तर को पुनर्जीवित करने के लिए सफाई अभियान चला रही है। वही पौधारोपण भी किया जा रहा है।

नगर के बस स्टैंड के पास बलवंती नदी तट के निकट स्थित पुरानी बावड़ी के आसपास परिषद द्वारा सफाई की गई। इसके अलावा कालीबावड़ी में भी सफाई कर वर्षो से जमी गाद को निकाला गया। वही बावड़ी के अंदर जाने में लिए बनी पेडियो की भी सफाई कर उन्हें चमकाया गया। अब बावड़ी भी सुंदर दिखने लगी है। नगर परिषद की टीम द्वारा रविवार को अभियान के तहत बागेड़ी डेम पर पौधरोपण का अभियान चलाया गया।

इस मौके पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए व उनकी रक्षा का संकल्प लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने निकाय कर्मियों को इस वर्षा ऋ्तु में अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा सभी पौधों की रक्षा कर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, जैव विविधता के अध्यक्ष भेरूलाल पंड्या, पार्षद भारती राठौड़, संतोष चौहान, दीपक



जाधव, सुखराम देवदा, चेतन नागल, हरीश मांगलिया, भेरूलाल डावर, सामाजिक कार्यकर्ता हुकुम सिंह सोलंकी, राधेश्याम हारोड़, मितेश शर्मा, वर्दी चंद्र राठौड़ , डॉ महुलकर, बापूसिंह जाधव, समेत निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे

निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार बांटे,

उधर रविवार शाम को जल गंगा अभियान के तहत नगर परिषद प्रांगण में बड़ी एलईडी लगाकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सीधा संबोधन भी सुना गया। इस मौके पर जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार भी बांटे गए। जिसमे कक्षा 12 वी की छात्रा श्रदा अशोक राठौड़ प्रथम रही। कक्षा 11 वी की छात्रा चित्रांशी महेंद्र सिंह माथुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वी की नेहा कमलेश बघेल तृतीय रही। वही आशा सिसोदिया, पायल प्रजापत, नंदिनी दिया व खुशबू पाटीदार को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।

# वर्षों से अधूरी सूखी खड़ी पानी टंकी, चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट,पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

## भीषण गर्मी के बीच शाहपुर में छाया जल संकट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह***







हनुमना जल जीवन मिशन के आधे अधूरे पड़े निर्माण कार्य पूर्ण न कराए जाने के कारण कई क्षेत्रों में लोगों को भीषण जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वैसे तो मऊगंज जिले में जहां देखा जाए वहां के एक जैसे हालात हैं लेकिन जिले के हनुमना विकास खंड अंतर्गत आने वाले शाहपुर ग्राम पंचायत में देखने को मिला जहां आधा दशक पूर्व जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामीण जनता को घर-घर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य पानी की टंकी बनाए जाने की कार्य योजना लाई गई थी। लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी एवं संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक पानी के टंकी के निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। ग्रामीणों की माने तो करीब डेढ़ वर्ष से टंकी निर्माण का कार्य भी बंद कर दिया गया। संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार टंकी निर्माण का कार्य छोड़कर कहां गायब हो गए किसी को भी पता नहीं। लोगों ने

कहा एक नहीं दर्जनों बार विभाग के समक्ष गुहार लगाया कि टंकी निर्माण का कार्य पूरा कर नल जल योजना के तहत जनता को पेयजल प्रदाय किया जाए। लेकिन विभाग द्वारा सुनवाई नहीं की गई। जिसका परिणाम

की आज भी गांव की जनता योजना का लाभ पाने से वंचित है।

*प्रशासन के निर्देश का नहीं पड़ा असर-*

विभाग से लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा आए दिन निर्माण कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक

ली जाती रही है। आयोजित समीक्षा बैठकों में अधिकारियों द्वारा संबंधी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को यह भी हिदायत दिए जाते रहे हैं कि समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं। लेकिन समीक्षा बैठक उपरांत दी गई अधिकारियों की हिदायत का असर न तो संबंधी विभाग को पड़ा और न ही ठेकेदार को जिसके चलते शाहपुर ग्राम पंचायत स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी का आधा अधूरा कार्य आज तक पूर्णता की गुहार लगाता नजर आता है। जिसके निर्माण कार्य में गति लाने के लिए न तो विभाग सामने आया और न ही जिम्मेदार निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में प्रगति लाई गई।

सीढ़ियों में आई दरारें मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले शाहपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्माण कराई जा रही पानी की टंकी में संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा किस तरह अनियमितता

बरती गई प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखाई देती है। आलम यह है कि घटिया निर्माण के चलते निर्माणाधीन टंकी में बनाई गई सीढ़ियों में कार्य पूर्ण होने से पहले ही जगह-जगह दरारें आ गई जिसके रखरखाव एवं सुधार में समय रहते यदि ध्यान नहीं दिया गया तो निर्माणाधीन टंकी पर भी असर पड़ सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जिस समय निर्माण एजेंसी द्वारा संबंधी निर्माण कार्य कराया जा रहा था उस समय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्य की अनदेखी क्यों कि गई। यदि पीएचई विभाग के इंजीनियर निर्माण संबंधी एजेंसी के निर्माण कार्य पर नजर रखते तो शायद बेहतर निर्माण कार्य होता। लेकिन इधर विभाग की अनदेखा के कारण बनने वाली पानी की टंकी की सीढ़ियों में दरारें नजर आने लगी। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आधे अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए साथ ही कराए गए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

निर्माण कार्य बंद कर गायब हुआ ठेकेदार शाहपुर ग्राम पंचायत स्थित जिस निर्माण एजेंसी को पानी की टंकी के निर्माण का दायित्व सौपा गया। संबंधित ठेकेदार आधा अधूरा काम छोड़कर गायब हो गया। इधर बीते डेढ़ वर्ष के अंतराल में निर्माण एजेंसी के ठेकेदार के दर्शन तक नहीं हुए। जिससे ग्रामीणों ने अब पानी टंकी निर्माण की लगभग आशा ही छोड़ दी थी। लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि जिले के मुखिया के रहते निर्माण कार्य की संभावनाएं जागी हैं। है। शाहपुर गाव निवासी राम सुरेश साकेत शिवा साकेत महावीर साकेत श्याम लाल पटेल सहित अन्य ग्रामीण ने कलेक्टर मऊगंज एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि आधा अधूरा पानी की टंकी निर्माण का कार्य जन सुखाधिकार को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ कराया जाए साथ ही निर्माण कार्य में वर्ती गई अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# दिनांक 15 व 16 जून 2024 के मध्य रात्रि में पूरे प्रदेश में वारंटियों तथा फरार अपराधियों की गिरफतारी हेतु नाईट कॉबिंग ऑपरेशन चलाया गया




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल.9425727854**

भोपाल।।कॉम्बिग ऑपरेशन के दौरान पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश श्री सुधीर सक्सेना द्वारा रात्रि में थाना कोतवाली पहुंचकर निरीक्षण किया एवं नए कानून के संबध में चर्चा की गई इस अवसर पर श्री अभय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक देहात भोपाल जोन, पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग उपस्थित रहे इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री मयंक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में नाईट कॉबिंग ऑपरेशन चलाया गया जिसमें जिले में अनुभाग के सभी अनुभाग प्रभारीगण ने अपने-अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में उपस्थित रहकर कॉम्बिग नाईट ऑपरेशन चलवाया गया जिसमें सभी थानों के थाना प्रभारीगण के अतिरिक्त जिले के थानों में पदस्थ 223 अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया गया जिसमें 47 गिरफतारी वारंटी, 65 स्थाई वारंटी, 3 इनामी बदमाश तथा 4 अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की इसके अतिरिक्त 14 जिला बदर अपराधियों को भी चेक किया गया । जिसमें थाना कोतवाली सीहोर ने 5 गिरफतारी वारंटी, 12 स्थाई वारंटी, थाना मण्डी ने 1 गिरफतारी, 2 स्थाई वारंटी, 2 इनामी बदमाश, थाना दोराहा ने 1 गिरफतारी वारंटी, 2 स्थाई वारंटी, थाना अहमदपुर ने 3 स्थाई वारंटी, थाना श्यामपुर 3 गिरफतारी, 2 स्थाई वारंटी, थाना बिलकिसगंज ने 1 गिरफतारी, 5 स्थाई वारंटी, थाना इछावर 3 गिरफतारी, 9 स्थाई वारंटी तथा 01 अन्य अपराध में फरार, थाना आष्टा ने 10 गिरफतारी, 2 स्थाई वारंटी तथा 3 अन्य अपराधों में फरार अपराधी, थाना जावर ने 4 गिरफतारी, 1 स्थाई वारंटी, थाना सिद्धिकगंज ने 2 गिरफतारी, 3 स्थाई वारंटी, थाना पार्वती ने 2 गिरफतारी वारंटी, थाना रेहटी ने 6 गिरफतारी, 4 स्थाई वारंटी, थाना बुदनी ने 1 गिरफतारी 5 स्थाई वारंटी, थाना शाहगंज ने 5 गिरफतारी वारंटी, थाना नसरूल्लागंज( भैरूंदा ) ने 2 गिरफतारी , 12 स्थाई वारंटी तथा 1 इनामी बदमाश, थाना गोपालपुर ने 01 गिरफतारी, 3 स्थाई वारंटी को पकड़ा गया । इसके अतिरिक्त 14 जिला बदर के अपराधियों को चेक किया गया ।

# उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी के प्रयास से एस.ई.सी.एल .ने लाखों रुपए किए टैक्स जमा

**संभागीय ब्यूरो अखण्ड प्रताप सिंह केसरिया हिंदुस्तान**



अनूपपुर।नगर परिषद बरगवां अमलाई के उपाध्यक्ष डॉक्टर राज तिवारी के अथक प्रयासों से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा नगर परिषद को दी जाने वाली टैक्स को जमा कराने में डॉक्टर राज तिवारी ने अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया है उनका कहना है कि परिषद को सशक्त बनाने के लिए और विकास कार्यो को आयाम देने के उद्देश्य से हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि शासन के द्वारा गठित नगर परिषद और उसके अंतर्गत निवासरत सभी वर्ग के लोगों को आगे बढ़कर सभी प्रकार के करों की भरपाई समय रहते और पूर्ववत जमा करना जिससे नगर परिषद के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यों विकास कार्यक्रम को गति मिल सके इस संबंध में डॉक्टर राज तिवारी के द्वारा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर एरिया के द्वारा अपने संपूर्ण कारों का भुगतान 52,38, 940 लाख रुपए नगर परिषद के खाते में जमा कराया गया इस पूरी प्रक्रिया में नगर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी के अथक प्रयास और मेहनत का परिणाम है।

# सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चतुर्थ दिवस आज कृष्ण जन्म उत्सव मनाया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल.9425727854**



भोपाल।। रतन कालोनी न्यू जेल रोड करोंद भोपाल में किया जा रहा है आयोजन कथा व्यास राधा देवी नर्मदेश्वर आश्रम द्वारा अपने प्रवचन में लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए कहा भगवान श्री कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है कुछ कथा वाचकों का नाम लिए बगैर कहा की सोशल मीडिया के माध्यम से अपने आप को ऋषि मुनियों संतों से भी उपर बताते हैं कुछ टोटका बताते हैं कुछ भविष्य बता रहे हैं कुछ हमारे धर्म ग्रंथों वेदों उपनिषदों पर उंगली उठाते हैं सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए उटपटांग व्यान दे रहे हैं कथा वाचक को राष्ट्र हित में संस्कृति के हित में अपने धर्म ग्रंथों वेदों उपनिषदों के हित में समाज में व्याप्त बैर नशा व्यशन मुक्त भारत का निर्माण करना चाहिए पैसों के लालच में आकर कथा कम करते हैं राजनैतिक दलों के मंच पर जा कर बगैर सोचे समझे नेताओ का प्रचार करने लगते है यह भी नहीं देखते हैं की नेता जी ने धन कैसे कमाया है और उसके लिए समर्थन मा गने लगते है सच्चे संत पाप कर के कमाया धन बालो के यहां अन्न जल ग्रहण नहीं करते मुख्य यजमान युवराज सिंह राय को शपथ दिलाई की अन्याय अधर्म से कमाए धन से कोई दान धर्म अनुष्ठान नहीं करेंगे ना ही ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिस से किसी की आत्मा दुखी हो

# हरिओंम शुक्ला हत्याकाण्ड में सम्मिलित आरोपी अजय श्रीवास एवं पृथ्वीराज सिंह गिरफ्तार

दिनाँक 25 मार्च को महोबा रोड में विवाद के कारण गोली चलने से हरिओम शुक्ला की मृत्यु हो गई थी। घटनास्थल का बारीकी से भौतिक निरीक्षण करते हुए एकत्रित साक्ष्य, सक्षियो के कथनों, एवं फरियादी के कथनों तथा चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना एवं आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई।पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा घटनास्थल का सुपरविजन कर विशेष टीम गठित कर अपराध की समीक्षा निरंतर की जा रही थी।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं गठित पुलिस टीम द्वारा मामलें में पूर्व में 13 आरोपीगणों 1. आकाश यादव निवासी छतरपुर 2. अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा हथियार विक्रेता ग्राम गहरवार 3. आकाश शर्मा 4. अजय राय 5. गोलू विश्वकर्मा6. विश्वनाथ प्रताप सिंह7. सौरभ सैनी 8. सुमित कुशवाहा 9. शिवम सोनी 10. अवधेश प्रताप सिं 11. अजय राजपूत 12. सुधांशु रावत निवासी ग्राम पिपट 13. छोटू पंडित14. अभिषेक परिहार को गिरफ्तार कर जेल एवं 3 विधि विरुद्ध किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया था।हत्या में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी।एकत्रित साक्ष्य के आधार पर हत्या की घटना में सुनियोजित तरीके से सम्मिलित दो आरोपियों . अजय श्रीवास उर्फ पप्पू उम्र 21 वर्ष निवासी बी डी कॉलोनी देरी रोड छतरपुर2. पृथ्वीराज सिंह चंदेल उर्फ छोटू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम देरी



को गिरफ्तार अभिरक्षा में लिया गया। हत्या की घटना में सम्मिलित होना स्वीकार किया। उक्त गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल दो 315 बोर के अवैध देसी कट्टे एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया।

उक्त अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

# दिल्ली में इस बार आयोजित होगा ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य जी का चातुर्मास्य महामहोत्सव

परमाराध्य परमधर्मधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती 1008 जी महाराज का 22वां चातुर्मास्य व्रत महामहोत्सव इस बार आगामी संवत 2081गौ सम्वत्सर आषाढ़ पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तदनुसार दिनांक 21 जुलाई से 18 सितंबर तक दिल्ली में आयोजित होंगे।इस दौरान विभिन्न धर्मानुष्ठान सम्पन्न किए जाएंगे।इस सूचना से अवगत होने पर दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों के भक्तों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है।

उक्त जानकारी देते हुए परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी सजंय पाण्डेय ने बताया कि भारतीय परम्परा में सन्यास आश्रम को अत्यंत विशिष्ट स्थान प्राप्त है।सन्यासी परिव्राजक परम्परा में चातुर्मास्य के चार पक्षों में एक स्थान पर रहकर उस क्षेत्र के समस्त सनातनधर्मियों को अपने दर्शन,पूजन,भिक्षा-वंदन,जिज्ञासा-समाधान व प्रवचन आदि के द्वारा लाभान्वित करते हैं।कहा गया है चातुर्मास्य कराने वाले को राजसूय व अश्वमेध यज्ञ कराने का फल प्राप्त होता है।भारत मे परम्परागत राजतंत्र के उच्छिन्न हो जाने से अब राजसूय व अश्वमेध यज्ञ तो अनुष्ठित नही हो सकता है।परन्तु सन्यासी का चातुर्मास्य आयोजित कराकर



इन यज्ञों का पुण्य फल अवश्य प्राप्त किया जा सकता है।इस बार दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों के भक्त चातुर्मास्य व्रत महामहोत्सव पर्यन्त परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज का दर्शन-पूजन करने के साथ महाराजश्री का भिक्षा-वंदन आयोजित कर अनंत अक्षय पुण्य के भागी बन सकते हैं।

कार्यक्रम विवरण नित्य पंचदेवोपासना

प्रतिदिन प्रतज 4=30 बजे श्रीगणेश पूजन,प्रातः 6=45 बजे श्रीसूर्य पूजन,प्रातः 8=00 बजे से 9=30 बजे तक विवेक चूणामणि पर नित्य पाठ, पूर्वाह्न 9=45 बजे श्रीविष्णु पूजन।

अपराह्न 3=45 बजे श्रीशिव पूजन,सायं 4 बजे से 6 बजे विविध धर्म विषय पर नित्य प्रवचन,सायं 6=45 बजे श्रीशक्ति पूजन सम्पन्न होगा। *24 से 28 जुलाई तक पंचदिवसीय गौ-संसद और 28 से 30 अगस्त तक त्रिदिवसीय श्रीविद्या साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसके अतिरिक्त *धर्म सम्राट श्रीकरपात्री जयंती*श्रावणी उपक्रम/रक्षासूत्र बंधन/संस्कृत दिवस *श्रीकृष्ण जन्माष्टमी *अनंत चतुर्दशी व्रत*चातुर्मास्य व्रत सम्पन्न/सीमोल्लंघन* आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समस्त आयोजनों का स्थल नरसिंह सेवा सदन,108,आदर्श नगर,ब्लॉक केपी,पूर्वी पीतमपुरा,पीतमपुरा,दिल्ली,110034 रहेगा।मीडिया प्रभारीसजंय पाण्डेय।परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज।

# घण्टाघर के व्यापारी परेशान,जिम्मेवार तंत्र मौन क्यो:- प्रिंस शर्मा



भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने कहा कि इनदिनों घण्टाघर क्षेत्र में ठेला वालो की प्रताड़ना से एक एक दुकानदार परेसान है कोई भी दुकानदार स्थिर मन से अपना व्यापार नही कर पा रहा। पहली बात तो माननीय विधायक जी के सफल प्रयासो से पूर्व में जगह का निर्धारण करते हुए सभी ठेला वालो को अपना व्यापार वहां करने की हिदायत भी दी गयी थी साथ ही जगह जगह बेतरतीब खड़े ठेला वालो की वजह से होने वाली आम जन की समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य किया गया था। लेकिन जिम्मेवार तंत्र की उदासीनता की वजह से हालात एकबार फिर बद से बदतर हो गए और इसके लिए पूर्ण जिम्मेवार नगरपालिका प्रशासन है जो व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ नजर आ रहा है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता और व्यापारी भाई उठा रहे है। इनदिनों ये ठेला वाले पूर्व से भी ज्यादा मात्रा में घण्टाघर जैसे व्यस्तम चौराहे में एकत्र रहते है जिस वजह से कभी भी बड़ी घटना दुर्घटना घटित हो सकती है। इतना ही नही ये ठेला वाले इनदिनों व्यापार की नई तरतीब निकाले है इन सभी के पास छोटा लाऊड स्पीकर होता है जिससे चिल्ला चिल्ला कर ये व्यापार कर रहे है जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मना करने पर ये मारपीट पर उतारू होते है लेकिन पीड़ा सुनने वाला कोई नही। नगरपालिका ये जिम्मेवार पार्षद ने कल सोशल मीडिया के माध्यम से परेशानी का बयान किया था इसके बाद भी जिम्मेवार तंत्र यहां के एसडीएम,कलेक्टर,एसपी,सीएमओ सभी हाथ पे हाथ धरे बैठे है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों और दुकानों के सामने ठेला लगाने वालो की प्रताड़ना से व्यापारी कराह रहा है। प्रिंस शर्मा ने कहा कि अगर अतिशीघ्र मामले में कार्यवाही नही होती इन्हें इनके नियत स्थान तक प्रशासन नही पहुचाता तो अब आंदोलन की राह पकड़ी जाएगी।

# वक्त के कामिल मुर्शिद, आला फकीर बाबा उमाकान्त जी महाराज की ईद पर सबसे शाकाहारी बनने की अपील

## सभी जीवों में खुदा का नूर है, रहमान से रहम पाने के लिए रहम दिल बनो, मांसाहार छोड़ो और वक़्त के कामिल मुर्शिद की तलाश करो

बुल्ढाना (महाराष्ट्र) आला फकीर, वक्त के कामिल मुर्शिद, जीते जी सभी रूहों के निजात का रास्ता बताने वाले उज्जैन के बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि इस्लाम के मानने वाले रोजा रखते हैं, दिन भर उपवास करते, पानी तक नहीं पीते लेकिन ईद के बाद फिर (खाने में) परहेज नहीं करते हैं।

परहेज यानी जो खाने-पीने की चीज है, उनको खाया जाए और जो चीज खाने-पीने के लिए भगवान खुदा ने नहीं बनाया, इंसान का भोजन खाना नहीं बनाया, उसको नहीं खाना चाहिए, उससे परहेज करना चाहिए। जैसे रोजा में परहेज रखते हो, दिन में पानी नहीं पीते, सूर्योदय के पहले और सूर्यास्त के बाद खाते हैं, ऐसे ही परहेज रखना चाहिए। इस शरीर को गंदा नहीं करना चाहिए। इतना दिन हल्का-फुल्का खाते, पेट को साफ रखते हैं जिससे मन स्वच्छ, पवित्र रहे और इबादत करते हैं। रोजा रखने वाला नमाज अदा करता, खुदा को याद करता है। वो खुदा जिसको बिस्मिल्लाह ए रहमान ए रहीम कहा गया, उस रहमान को याद करता है। लेकिन बाद में न जानकारी में, या जुबान के स्वाद के लिए जानकारी होते हुए भी, जुबान को सुख मिले, उसके लिए फिर जानवरों को मार-काट करके और फिर इस जिस्मानी मस्जिद को गंदा कर लेता है।

### ख्वाहिशों की नहीं, रूहानी इबादत से वह रवरदिगार खुश होगा, इसी मनुष्य मस्जिद मिलेगा, दिखेगा



यही कारण है कि देखो कितना रोजा रखने, नमाज लोग अदा करते हैं लेकिन सुकून शांति नहीं मिल रहा है। कारण? वह प्रभु खुश नहीं हो रहा है। जिस मन को मारना चाहिए लेकिन इंसान उस मन को ख्वाहिशों में लगा देता है और ख्वाहिशों की इबादत करने लग जाता है तो रूहानी इबादत से दूर हो जाता है। रूहानी इबादत जब किया जाता है तब खुदा का दीदार-दर्शन इसी जिस्मानी मस्जिद में होता है। और हुआ तभी तो कहा फकीर ने- अल्लाह अल्लाह का मजा मुर्शीद के मयखाने में है, दोनों आलम की हकीकत एक पैमाने में है, न खुदा मंदिर में देखा, न खुदा मस्जिद में है, शेख जिरिंदों से पूछो, दिल के आशियाने में है। इसी में वह मिलता है।

### कामिल मुर्शिद से इल्म लेकर रूहानी इबादत करो तब वह मालिक मिलेगा

जब मन गंदी चीज खाने में लग जाता है जो इंसान के लिए नहीं बनाया गया। जिसके लिए जितने भी पीर-पैगंबर आए, जो जानकर फकीर पूरे थे, उन्होंने मना किया कि ये इंसान के लिए स्वछ साफ चीज नहीं है, इसको मत खाना। यह नापाक चीज है। पाक भोजन आपको करना है, पाक खाना खाना है, उस चीज को नहीं खाना पीना चाहिए। तो आज ईद के दिन हम इस्लाम धर्म के मानने वाले लोग जो ईद मना रहे हैं उनसे अपील प्रार्थना करते हैं कि भाई इस जिस्मानी मस्जिद को पाक साफ रखो, गंदा मत रखो और इससे रूहानी इबादत करो। किसी मुर्शिद-ए-कामिल की कदमपोशी करो, उसके पास जाओ, वह नाम बतायेगा कि इस नाम से पुकारोगे तो वह मिलेगा। उसका दीदार कैसे होगा? जैसे कहा गया कि लोगों को इसी (शरीर) में दिखाई पड़ा। वह कैसे मिलेगा, वह बताएंगे। उनके पास जाओ और वह आपको इल्म देंगे तब उस इल्म से आप उसको याद करोगे, आपके अंदर उस मालिक से मिलने की तड़प जब जागेगी और मलिक जब आपको मिल जाएगा तो इसी में उसका दीदार हो जाएगा तो फिर कोई चीज की तकलीफ नहीं रह जाएगी। फिर तो दीन और दुनिया दोनों काम बन जाएगा। इसलिए इसको पाक साफ रखने के लिए मैं आज इस्लाम धर्म के मानने वाले लोगों से भी अपील गुजारिश करूंगा कि आप लोग इस जिस्मानी मस्जिद को पाक साफ रखना।




20

# *बेलवा पैकान में चली गोली पीड़ित ने 50,हजार रूपए की लूट होना पुलिस को बताया

### पुलिस कर रही मामले की गंभीरता से जांच गोली चली है लेकिन लूट की बात संदेह में है आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

गोलीकांड का शिकार हुए पीड़ित युवक ने बताया बाइक सवार तीन युवक नकाबपोश धारी गोली चलाकर 50000 की लूट को घटना का अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए हैं घायल युवक नरेंद्र विश्वकर्मा निवासी उमरी का रहने वाला है सुबह ट्रैक्टर में लकड़ी लेकर मंनगवा आया था वापस घर जा रहा था बलवा पैकान के आसपास की घटना है घटना बताई जा रही है घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया है कि गोली कांड की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हुए थे पर घटना को अंजाम देने के बाद यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है की क्या सच में 50 हजार निकाल कर आरोपी लापता हो गए हैं इस मामले की रिपोर्ट संबंधित थाना में हो गई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है घायल युवक का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है

# वांछित फाउंडेशन मध्य प्रदेश

आज वांछित फाउंडेशन द्वारा गांव, प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती सांवत कोटडी मे वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता जी मेहरोत्रा जी व प्रदेश अध्यक्ष श्री गिरजाशंकर जी शर्मा जी के नेतृत्व मे औषधिय गुणों से युक्त पौधों का पौधारोपण किया व बच्चों को चप्पलें वितरण की व खाने की सामग्री वितरण की। जिसमे मध्य प्रदेश दिल्ली उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ सदस्य के द्वारा कार्यक्रम किया व आने वाली बारिश के मौसम मे अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। समाज सेवा के कार्य पर चर्चा की जिसमे वांछित फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी सरपंच राजु पोसवाल व शिक्षक बालाराम जी दिलीप जी ,लखन पुरोहित गांव के सभी माता बहने व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# वाह! शहडोल पुलिस कप्तान, बढ़ाया मोहन सरकार का मान.. रात भर चलाया गुंडा बदमाशों के खिलाफ विशेष अभियान

## सप्ताह भर के भीतर नशे के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्यवाही, आधी रात 220 वारंट तमील, 170 गिरफ्तारी



**शहडोल में अब गुंडा बदमाशों की खैर नहीं.. अपने मंसूबे बीते एक सप्ताह के भीतर शहडोल पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है शहडोल पुलिस कप्तान के नेतृत्व में सप्ताह भर के भीतर अवैध मादक पदार्थ नशीले इंजेक्शन और गांजे के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है, इसके अलावा कॉम्बिं卐 卐स्त करा कर गुंडा बदमाशों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया है जिसमें 220 वारंटो को तमिल कराया गया जिसे 50 स्थाई और 170 गिरफ्तारी और कई जमानती वारंट भी तामील किये गए। नशे और 卐ुंडा बदमाशों के खिलाफ चल रही मुहिम ने प्रदेश सरकार का मान आम जनता के बीच पढ़ने का कार्य किया है जिसका श्रेय शहडोल पुलिस कप्तान और मार्गदर्शक एडीजीपी डीसी सागर को जाता है।**









गजेन्द्र परिहार

शहडोल। संवेदनशील पुलिस कप्तान शहडोल के निर्देशन पर शहडोल पुलिस द्वारा सप्ताह भर के भीतर अवैध नशीले पदार्थ गांजे और नशीले इंजेक्शन के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है इसके अलावा मुहिम चलाकर रात भर गस्त करते हुए शहडोल के लगभग एक सैकड़ा से अधिक पुलिस कर्मचारियों ने 24 जिला बदर गुंडा बदमाशों के ठिकानों पर औचक दस्तक दी है, तो इसके अलावा आसामाजिक तत्व एवं गुंडा बदमाशों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शहडोल पुलिस टीम ने कप्तान के मार्गदर्शन में 24 घंटे के भीतर 220 वारंटो को तामील कराया है। गौरतलब है कि हाल ही में बड़े पैमाने पर एंबुलेंस में छुपा कर की जा रही नशीले इंजेक्शनों की तस्करी पर भी कप्तान के निर्देशन पर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया था इसके अलावा सोहागपुर पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर गांजा जप्त करते हुए लगभग 20 लाख का मसरूका बरामद किया गया था तो इसी तारतम्य में जिले के अंतिम छोर पर भी कप्तान के निर्देशन पर 47 किलो गांजा समेत लगभग 13 लाख रुपए का मसरूका रविवार को जप्त किया गया है।

### फिर जप्त 47 किलो गांजा

शहडोल पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध एक और बडी कार्यवाही करते हुए थाना देवलोंद में 47.6 किलोग्राम गांजा जप्त कर उल्लेखनीय कार्यवाही की गई है। शनिवार को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना देवलोंद पुलिस द्वारा ग्राम सुखाड बुडवा कुदरी रोड हनुमान मंदिर के पास नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग लगाई गई थी। वाहन क्र0 एमपी 17 सीसी 6894 कारको चेकिंग हेतु पुलिस बल के द्वारारूकाया गया। पूछताछ में वाहन में सवार चालक ने अपना नाम महफूज खान पिता मो अफजल खान निवासी वार्ड नंबर 3 मनगंवा थाना मनगंवा रीवा का रहने वाला बताया एवं फ्रंट सीट में रौनक हुसैन पिता बसीर हुसैन निवासी मनगंवा रीवा का रहने वाला बताया गया। कार की डिग्गी खुलवाकर देखने पर उसमें छोटे-बड़े पैकेटों में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ पाया गया। जिसमें कार सहित जप्त मशरूका की कीमत 13 लाख से अधिक कि आंकी जा रही है एवं 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गुंडा बदमाशों पर विशेष अभियान

रविवार को शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक की अगुवाई में, शहडोल शहर के तीनों अनुभागीय अधिकारी पुलिस के नेतृत्व में, शनिवार-रविवार की दरमियानी रात से सुबह तक सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों सहित करीब 400 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली और सोहागपुर क्षेत्र में स्टाफ सहित रात्रि गश्त भी की गई। इस दौरान शहडोल पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग 100 बदमाशों, असामाजिक तत्वों को चौक किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 220 वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें 50 -स्थाई, 170 -गिरफ्तारी और कई जमानती वारंट भी तामील करवाए गए। इस दौरान पकड़े गए अपराधियो एवं वारंटियो के विरुद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। शहडोल पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### एम्बुलेंस से नशा तस्करी का पर्दाफाश

हाल ही में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा नशे के तस्करों पर कार्यवाही हेतु फिल्मी तर्ज पर नशीले इंजेक्शनों की तस्करी करने वाले शातिर अपराधियों पर कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा मुखबिर के सहयोग से भोपाल से नषे की खेप लेकर शहडोल आ रहे आरोपियों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई एवं रेल्वे स्टेशन पर रैकी की गई परंतु आरोपीगण पुलिस को चकमा देने के उद्येश्य से शहडोल स्टेशन के पहले मुदरिया स्टेशन पर ही उतर गए। उक्त आरोपी एम्बूलेंस पर चढ़कर शहडोल-पाली मेन रोड से शहडोल के लिए आने लगे। चेकिंग के दौरान उमरिया तरफ से आ रही एम्बूलेंस पर संदिग्धों के हुलिये अनुसार व्यक्ति दिखाई पड़ने पर एम्बूलेंस को रोकने का प्रयास किया गया जिसपर चालक ने वाहन को भगाने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर रोक लिया गया। एम्बूलेंस की चेकिंग करने पर बैग में से 255 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए जिनको रखने के संबंध में आरोपियों के द्वारा कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए। मुख्य आरोपी गणों राहुल शुक्ला, संदीप सोनी एवं आदित्य उपाध्याय ने पूछताछ में बताया कि वह भोपाल से एक अज्ञात व्यक्ति से नशीली इंजेक्शन खरीदकर बिक्री करने हेतु ट्रेन से वापस आया और रास्ते में मुदरिया स्टेशन में उतरकर एम्बूलेंस से शहडोल आ रहा था। पुलिस द्वारा उक्त इंजेक्शन जप्त कर आरोपी गणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### 107 कि.ग्रा. गांजा किया था जप्त

बीते रविवार कप्तान के निर्देषन पर थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा बुढ़ार बायपास ग्राम कोटमा में जायसवाल ढाबा के पास वाहन चेकिंग लगाई गई थी। रात्रि करीबन 08:00 बजे वाहन क्र0 सी जी 04 एचबी 1981 सिल्वर रंग की महिन्द्रा बोलेरो को चेकिंग हेतु पुलिस बल के द्वारा बैरिकेट की सहायता से रूकाया गया वाहन की चेकिंग करने पर वाहन की सीलिंग में अलग से लोहे की चादर का कैबिनेट बना हुआ था। जिसे खुलवाकर देखने पर उसमें छोटे-बड़े पैकेटों में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ पाया गया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा जप्त सामग्री में 107 किलो 590 ग्राम गांजा कीमत लगभग 10,70,000 रूपये एवं बोलेरो क्र.- सीजी 04 एचबी 1981 कीमती लगभग 10,00,000 रूपये बताया गया।

### सराहनीय कार्यवाही, आगे भी रहेगी जारीः एडीजीपी



अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ ताबड़तोड़ की गई कार्यवाही एवं कांबिंग गस्त वारंट तामील को लेकर चर्चा एडीजीपी डी.सी. सागर की गई तो उन्होंने शहडोल पुलिस की उक्त कार्यवाही की सराहना करते हुए बताया कि प्रदेश के मुखिया आदरणीय मोहन यादव, मध्य प्रदेश सरकार एवं आदरणीय पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश पर जोन में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत कार्यवाहियां की गई है, पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के आधार पर पुलिस आपकी मित्र अभियान के तहत पुलिस से जनता के बीच संबंध स्थापित हो रहे हैं गुंडा बदमाशों पर कार्यवाही इसी प्रकार से निरंतर जारी रहेगी पुलिस मुख्यालय एवं प्रदेश सरकार के मुखिया के निर्देशन पर शहडोल पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही प्रशंसा योग्य है, ऐसे अभियान जोन में निरंतर चलते रहें।

# जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए चलाया गया विशेष अभियान

## जल के संरक्षण हेतु लोगों ने किया श्रमदान, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



शहडोल। ''संरक्षित करें जल, सुरक्षित करें कल'' कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में पानी सहेजने के लिए जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे में भी विश्व पर्यावरण दिवस से ÷जल गंगा संवर्धन÷ अभियान के तहत जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन का काम प्रारंभ किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतो तथा नदी, तालाबो, कुआं, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु ''जल गंगा संवर्धन'' विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी एवं ग्रामीण बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं तथा नदी, तालाब, बावड़ी इत्यादि के आस पास सफाई करके स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में समाजसेवी, जन अभियान परिषद के सदस्यगण व अन्य लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इसी कड़ी में जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत मऊ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलश यात्रा निकालकर चिपाड़ नाथ तालाब की साफ सफाई की गई जिसमें लोगों ने श्रम दान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम नेमुहा, जनपद पंचायत बुढार में पिपरहा तालाब का जीर्णोद्वार का कार्य किया गया। जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत झिरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत डेवरी तालाब की साफ सफाई की गई जिसमें लोगों ने श्रम दान किया। जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत झिरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नाला की साफ सफाई की गई जिसमें लोगों ने श्रम दान किया। जिले के ग्राम पंचायत देवरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नाला ट्रेंचिंग कार्य किया गया। इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का महत्व बताने के लिए महिलाओं ने ग्राम पंचायत सकरिया में कलश यात्रा निकाली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का महत्व बताने के लिए महिलाओं ने ग्राम पंचायत बरहा में कलश यात्रा निकाली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत देवगांव में बहेरा नाला के ट्रेंचिंग कार्य किया गया। ट्रेंचिंग कार्य में लोगों सहभागिता निभाई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत दरसीला में तालाब की साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमे लोगों ने श्रम दान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत खम्हारिया में जल का महत्व बताने के लिए महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत पडरिया में तालाब की साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमे लोगों ने श्रम दान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत असवारी में कलश यात्रा निकाली गई तथा नाला के ट्रेंचिंग का कार्य किया गया तथा लोगों ने श्रम दान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत तितरा जनपद पंचायत बुढार में बेलनहाई तालाब का जीर्णोद्वार एवं साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमे लोगों ने श्रम दान किया।

# रुद्रगंगा में कुत्तों से संतो व भक्तों ने बजाई चीतल की जान



शहडोल/अनूपपुर। मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली/पवित्र नगरी अमरकंटक में आज गंगा दशहरा के पावन पर्व पर रुद्रगंगा स्थल पास बना छोटा चेकडैम में एक युवा चीतल को कुत्तों ने घेर रखा था। फक्कड़ बाबा आश्रम में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित संत एवं भक्तो के जब उस चीतल पर नजर पड़ी तो कुत्तों को भगाकर चीतल को पानी से बाहर निकाल कर फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी गई। फॉरेस्ट रेंजर व्ही के श्रीवास्तव ने बताया की सूचना प्राप्त होते ही टीम भेजी गई तथा चीतल को वन्हा से उठा कर लाया गया और तत्काल पशु चिकित्सालय उपचार हेतु भेजा गया। चीतल के गले में एक फेंसिंग की कटिली तार चुभी हुई थी और कुत्तों ने चीतल के पीछे भाग को थोड़ा नोच भी डाला है। लोगो द्वारा चिंता जताया जा रहा था की जब चीतल जंगल से नदी की ओर पानी पीने के लिए आ रहा होगा तो उसने कटिली फेंसिंग में छलांग लगाने पर वह फस गया और तार गले में जा घुसी और वह टूट कर रह गई। घायल अवस्था में देख कई कुत्तों द्वारा भी आक्रमण किया गया होगा जहां वह पानी में जा घुसा। वहां भी कुत्ते पीछा किए हुए थे जिन्हे भगाकर चीतल की रक्षा की गई। रुद्रगंगा पास बना छोटा चेक डैम में वह कब से पडा हुआ था, यह कह पाना मुस्किल है। जब लोगो की नजर पड़ी तो उसे पानी से बाहर निकाल लाया गया और उसके पैर में कपड़ा बांध कर लिटा दिया गया ताकि वह भाग न सके तथा फॉरेस्ट विभाग को तत्काल सूचना दी गई। उसका उपचार जारी है।

# मानपुर में एक ही परिवार के चार सदस्य फूड प्वाइजन के हुए शिकार



शहडोल/उमरिया। हंचौरा गांव की महिलाएं अचानक एक के बाद एक बेहोश होने लगीं। जिस कारण घर व गांव में सनसनी फैल गई। लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाएं होने लगीं। देखते ही देखते मौके पर झाड़-फूंक करने वाले गुनी वैद्य भी आ पहुंचे, लेकिन किसी को होश नही आया। आनन फानन में बेहोशी की हालात में सभी को रात 12 बजे मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। बीमार होने वाली शशि चतुर्वेदी उम्र 35 वर्ष, बितुला बाई चतुर्वेदी 55 वर्ष, माया बाई चतुर्वेदी उम्र 58 वर्ष, रामप्रकाश उर्फ झब्बू चतुर्वेदी उम्र 23 वर्ष की हालत में सुधार बताया जाता है। घर के अन्य सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात के भोजन में मिक्स आटे की रोटी बनाई गई थी। जिसमें कोदो, उड़द, चावल, गेहूं, आदि का आटा मिक्स था। रोटी खाने के बाद जितने लोग खाए सब धीरे धीरे से बेहोश हो गई। उक्त घटना से घर के अन्य लोग हड़बड़ा गए जिसकी जानकारी गांव में हवा की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। जिसके बाद आनन फानन में सभी को मानपुर अस्पताल लाया गया जहां उन सभी का इलाज जारी है। डॉ.राजेंद्र माझी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर ने बताया कि जिन चार लोगों को अस्पताल लाया गया था, वह फूड प्वाइजन का शिकार हुए हैं। जिनका तत्काल इलाज प्रारंभ किया गया जो फिलहाल अब सभी खतरे से बाहर हैं।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# विधायक और कप्तान ने किया थाने के नवनिर्मित आगंतुक कक्ष उदघाटन

सीतापुर। जाबाज पुलिस अफसरो में गिने जाने वाले पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा

द्वारा आम जनमानस व पुलिसकर्मियो की सुविधा हेतु थाना मछरेहटा व मानपुर में ,

तथा विकास की गंगा बहाने के मामले में अपना नाम कमा चुके मिश्रिख विधायक रामकृष्ण ने विगत दिवस मछरेहटा थाना परिसर में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उद्घाटन किया गया। प्रभारी कक्षा का उदघाटन करते हुए कहा कि पुलिस हमारी रक्षक है पुलिस दिन रात अपने कर्तव्यों का पालन करके हमे सुरक्षा प्रदान करती है और हम लोग रात में जब सो जाते है तो पुलिस रात भर गश्त करके हमारे घर की पहरेदारी करती है इस कारण हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम लोगे पुलिस को सम्मान करे और कानून का पालन करे। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिये हमेशा तत्पर रहती है इस कारण आप लोग भी पुलिस का सहयोग करें।


उदघाटन के दौरान थाना परिसर में स्वच्छता मिशन का असर साफ साफ चमक रहा है। सफाई के साथ ही व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब हो कि रविवार को थाना मछरेहटा परिसर में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का मिश्रिख विधायक राम कृष्ण भार्गव, एस पी सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा उद्घाटनकिया गया। परिसर में पुलिस अधिक्षक चक्रेश मिश्र के पहुंचने पर सलामी दी गई। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष जे बी पांडे,ए एस पी प्रवीण रंजन



,थाना प्रभावी रामकोट बलवंत शाही, व पुलिस बल मछरेहटा प्रधान प्रतिनिधि मछरेहटा मनोज रावत प्रधान रामचंद्र त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामगोपाल अवस्थी काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो संबंधित

सीतापुर ।सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर को जांच हेतु निर्देशित किया गया। उक्त वीडियो में थाना हरगांव पर तैनात उ.नि. योगेश कुमार शंखधार द्वारा एक युवक पर हल्का बल प्रयोग किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तो पाया कि उक्त स्थान-हरगांव शिव मंदिर के पास व्यापारियों तथा महिलाओं द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि कुछ युवक बेवजह रोड पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं से छींटाकशी करते हैं। 15.जून.24 को उपरोक्त उपनिरीक्षक योगेश कुमार शंखधार उसी स्थान से गुजर रहे थे जहां उन्होने देखा कि दो युवक एक बाइक पर खड़े हैं, उपनिरीक्षक उपरोक्त द्वारा रुककर पूछताछ की गयी तो युवक भागने का प्रयास करने लगे जिनको दोबारा रोका गया एवं पूछा गया तो वे अपने उस स्थान पर खड़े होने का कोई उचित कारण नही बता सके, मौके पर उपस्थित जनमानस के व्यक्तियों द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गयी है। तत्पश्चात् उपनिरीक्षक योगेश कुमार शंखधार द्वारा उक्त युवकों को हल्का बल प्रयोग करके चेतावनी देते हुए छोड़ा गया। किसी शरारती व्यक्ति









द्वारा उपरोक्त संपूर्ण घटनाक्रम में से 10 सेकंड का वीडियो क्लिप बनाकर प्रसारित किया जा रहा है। संपूर्ण प्रकरण में भी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है। विस्तृत जांच के पश्चात् यदि किसी का दोष पाया जाता है तो विभागीय कार्यवाही की जायेगी।



# परिवार परामर्श केन्द्र में 05 जोड़े आपसी मतभेद को छोड़कर एक साथ रहने को हुए राजी

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ÷उत्तरी÷ प्रकाश कुमार के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 05 जोड़े.लक्ष्मी पत्नी अम्बुज निवासी ग्राम कमलाविमलपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर ,.असीमुन्निशा पुत्री कमालअहमद निवासी मो0 सिसटोला थाना तंबौर जनपद सीतापुर ,.रोशनी पत्नी अशफाक अली निवासी ग्राम बम्हौना थाना तंबौर जनपद सीतापुर ,अंजू देवी पत्नी स्व0 पप्पू निवासी ग्राम अक्किलपुर थाना खैराबाद जनपद सीतापुर,.आयशा बानो पत्नी मो0 आजाद निवासी मो0 पैगम्बरपुर राजारोड थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 05 लोगों की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ0नि0 मधु यादव, काउंसलर विकास वर्मा, शशिकलामिश्रा, मांडवी मिश्रा, मुख्य आरक्षी जावेद अली, म0आ0 गीता, म0आ0 कल्पना, आरक्षी शिवा ढाका आदि मौजूद रहे।

# महाबली के भक्त मां ललिता के पुजारी संजीव गुप्ता टिन्चू मंगलवार को करेगे विशाल भण्डारा

सीतापुर। वरिष्ठ युवा भाजपा नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता टिन्चू आगामी मंगलवार को संतोषी मां मंदिर के सामने स्थित पावर हाउस



में महाबली के मंदिर में हर वर्ष की तरह विशाल भण्डारे का आयोजन करेगें। श्री गुप्ता ने सभी महाबली के भक्तों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भक्त अगर हमारे भण्डारे में शामिल होकर हमको अपना थोड़ा समय देगे तो हम अपने आपको भाग्यशाली समझेगे। हर वर्ष मेरे द्वारा महाबली का भण्डारा ज्येष्ठ माह में किया जाता है और आप सभी भक्तें का मुझे आशीर्वाद मिलता है और आप सभी लोग भण्डारे में शामिल होकर हमारी गरिमा बढ़ाते है और मुझे एहसास करवाते है कि आप लोगों की तरह मै भी महाबली का सेवक हू। आप लोगों के आने से हमारे प्रसाद वितरण में चार चांद लग जाते है इस कारण आप लोगों की उपस्थित हमारे लिये प्राथनीय है। गौर तलब हो कि संजीव गुप्ता टिन्चू हर वर्ष महाबली का विशाल भण्डारा प्रभू की इच्छा तक करते है। इस मौके पर वह अपने सभी मित्रों और परिवार के सभी सदस्यों को बुलाकर सुबह से ही श्रद्धाभाव के साथ महाबली की पूजा अर्चना विधिविधान के साथ करते है उसके बाद परिवार और ईष्ट मित्रों के साथ महाबली का भोग लगाते है और उसके बाद प्रसाद वितरण करते है।

## बोले थानाध्यक्ष पीएम रिपोर्ट आने के बढ़ेगी धाराएं

सीतापुर। हेतराम की मौत को लेकर पिसावां थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस तो दर्ज कर लिया है लेकिन थानाध्यक्ष ने कहा कि केस दर्ज है शव को पीएम के लिये भेजा जा चुका पड़ताल जारी है लेकिन कत्ल व अन्य धाराएं तो उसी समय बढ़ाई जायेगी जब पीएम रिपोर्ट विवेचक को मिल जायेगी। पिसावां थाना क्षेत्र में बाग की रखवाली कर रहे एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। तेजीपुरवा निवासी उमाशंकर ने बताया कि उसका भाई हेतराम (48) कुतुबनगर निवासी इंद्रप्रकाश सिंह के तेजीपुरवा स्थित आम के बाग की रखवाली करता था। बाग की फसल को टड़ियावां निवासी सर्वेश और मन्नी ने खरीदा है। बाग काफी लंबी है। बाग के एक तरफ हेतराम लेटा हुआ था। वहीं दूसरी तरफ फसल खरीदने वाले सर्वेश और मन्नी के दोनों बेटे लेटे थे। बताते हैं कि शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों ने हेतराम को धारदार हथियार से बुरी तरह से जख्मी कर दिया। रात करीब 12 जब फसल खरीदने वाले सर्वेश व मन्नी के पुत्रों ने हेतराम को आवाज दी लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके बाद दोनों लोग मौके पर पहुंचे। यहां युवक को लहूलुहान हालत में देख घबरा गए।आननफानन भाई उमाशंकर को फोन किया। इसके बाद हेतराम के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी मिश्रिख ले गए। यहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लखनऊ के जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में गंभीर रूप से पीटे जाने की तहरीर दी गई थी। इस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।





# नि:शुल्क स्मार्ट फोन वितरण किये गये

मिश्रिख.सीतापुर ।.तहसील क्षेत्र के नहर चौराहे पर श्रीचन्द्र भगवान विधि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्मार्ट पोन का वितरण किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष महान्त सियाराम दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।प्रबंधिका डॉं रिन्टू सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन का वितरण सरकार की ओर से किया जा रहा है। उन्होने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं इन्हें अच्छी शिक्षा के लिए अच्छी व्यवस्था के साथ चलना पडेगा। पहले स्मार्टफोन से बच्चों को दूर रखने को कहा जाता था लेकिन कोरोना काल में इसी स्मार्टफोन से ही ऑनलाइन पढाई की गयी। जिससे ऑनलाइन पढाई से काफी मदद मिली है।आज का युग टैक्नोलॉजी हो गया है।बिना इसके अब आगे ही नहीं बढा जा सकता है। इसके बिना सहारे के हम आगे तरक्की नहीं कर सकते हैं।देशविदेश में इसी टैक्नोलॉजी से देश आगे विकास कर रहे हैं। हर्ष प्रताप सिंह ने कहा युवाओं को स्मार्ट फोन से पढाई मे मदद मिलेगी।स्मार्ट फोन से लोगों को जोड़ने का प्रयास करे और अपनी शिक्षा पर ध्यान दे।प्रधान रामकिशोर वर्मा,प्रधान प्रतिनिधि धमेंन्द्र सिंह ने कहा यदि हम इस टैक्नोलॉजी के साथ आगे बढेंगे तो निश्चित ही आगे देश व प्रदेश का विकास कर सकेंगे।शिवम शुक्ला ने बताया कि विधि महाविद्यालय मे 223 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये हैं।छात्र विमलेन्द्र त्रिपाठी,दुर्गेश पान्डेय,आशुतोष, प्रशान्त त्रिपाठी,धम्रेन्द्र यादव विद्यालय स्टाप आशीष त्रिपाठी, ताजदार आलम,सचिन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# 11 वांछित/वारंटी गिरफ्तार

सीतापुर ।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों एवं वारंटियो की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में थाना हरगांव, रामकोट, तालगांव, लहरपुर, सिधौली की पुलिस टीमो द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग/मा.न्यायालय में प्रचलित वाद से संबंधित कुल 11 वांछित/वारंटियो को गिरफ्तार किया गया है। ज़्हरगांव थाना द्वारा 05 वांछित गिरफ्तार- थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 305/2024 धारा 147/148/149/353/307/308/324/504/506 /336/332 भादवि व 7 सीएलए एक्ट में वांछित 1. यासीन उर्फ हसीन खां पुत्र इस्माइल 2. वसीर पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां 3. तौसीफ पुत्र रोजदार खां 4.नसीम पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां 5. परवेज पुत्र शमसाद निवासी गण ग्राम मोहरसा थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रामकोट थाना द्वारा 03 वांछित गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 236/2024 धारा 147/148/307/365/323/504/506 भादवि में वांछित 1.कुलदीप शुक्ला पुत्र विमल कुमार शुक्ला निवासी ग्राम खैरेपारा थाना रामकोट जनपद सीतापुर 2.प्रियांशु उर्फ प्रांशु मिश्रा पुत्र मुनेश मिश्रा निवासी ग्राम खैरेपारा थाना रामकोट जनपद सीतापुर 3.मुकुल मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र कुमार मिश्रा निवासी विकास नगर खूबपुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अभि0 आदर्श मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र मिश्रा निवासी खुबपुर थाना रामकोट सीतापुर एक अन्य अभियोग में मा0 न्याया0 सीतापुर के समक्ष दिनांक 15.06.24 को आत्म समपर्ण किया है जिसे मुकदमा उपरोक्त में तलब कराकर रिमाण्ड प्राप्त करने की कार्यवाही अलग से की जाएगी । ज़्तालगांव थाना पुलिस टीम द्वारा





01 वांछित गिरफ्तार ड्ड्थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा मु मु.अ.सं. 226/24 धारा 498ए/304बी भादवि व ड डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त हरिओम पुत्र रामसागर नि.मुलाहिमपुर थाना तालगांव सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान मा.न्यायालय किया गया। लहरपुर थाना पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित गिरफ्तारः- थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 208/24 धारा 354/376/323/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र मेड़ई उम्र करीब 26 वर्ष नि0ग्राम रतौली थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को एक अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु.अ.सं. 313/24 धारा 25(1-बी)आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा.न्यायालय किया गया।।

# सचिन त्रिपाठी जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला महासचिव मनोनीत

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा स्थानीय ग्रीकगंज स्थित धर्मशाला में जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक प्रतिनिधि व पूर्व पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर हुआ। अतिथी में पधारे नगर पालिका प्रतिनिधी मुनेंद्र अवस्थी का

स्वागत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पटका पहना व अभिनंदन पत्र देकर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व संचालन राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी ने किया। मनोनयन कार्यक्रम के दौरान सचिन त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अतिथी मुनेंद्र अवस्थी ने नव मनोनीत जिला अध्यक्ष को पगड़ी व पटका पहना शुभकामनाऐ दी। इसके उपरांत नव मनोनीत जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी द्वारा जिला महासचिव





विजय कुमार शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष में अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, अनिल श्रीवास्तव, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, राजेश त्रिपाठी को मनोनीत किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विनोद त्रिपाठी, संजय पांडेय प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेई व अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ राम कुमार कटियार को बनाया गया। इसी के साथ उप सचिव वेद प्रकाश कश्यप व विकास चन्द्र जैन बने। अगले क्रम में जिला सलाहकार डॉ राजीव मिश्रा अध्यक्ष युवा मोर्चा महिला प्रियंका सिंह, अध्यक्ष युवा मोर्चा पुरुष सोमकान्त बाजपेयी बनाए गए। अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संजय शुक्ला, अध्यक्ष आध्यत्मिक प्रकोष्ठ डॉ कमल किशोर सेठ बने। इसी के साथ जिला कार्यकारणी सदस्य में रजनी वर्मा को मनोनीत किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियो को मनोनयन पत्र व पटका पहनाकरबधाई दी गई। मुख्य अतिथी मुनेंद्र अवस्थी ने सभी मनोनीत पदाधिकारियो को शपथ दिलायी। इस

दौरान मुख्य अतिथी श्री मुनेंद्र अवस्थी ने नव मनोनीत पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा अब

अपेक्षा की जा रही है कि राष्ट्रीय सेवा परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता समाजिक कार्य में अपना योगदान देगा, जिससे जन मानस की समस्या का समाधान होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने कहा सभी कार्यकर्ता एकजुटता एवं सक्रियता के साथ कार्य करे तभी संगठन उचाईयो को छुएगा। अंत में जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशो का पालन करते हुए जनहित का कार्य करना है नव

मनोनीत पदाधिकारी इस मुहिम में कारगर साबित होंगे।

# चेयरमैन पति मुझ पर ईओ ने लगाया गलत आरोप मैने नही की पिटाई

सीतापुर। तम्बौर नगर पंचायत के ईओ ने चेयरमैन पति पर पीटे जाने के के आरोपों का खण्डन करते हुए कहा कि ईओ ने मुझपर गलत आरोप लगाया है मैने ईओ की पिटाई नही की है। बिना बोर्ड प्रस्ताव के ईओ ने कैमरे खरीद लिये थे इसका मैने विरोध किया और इसी विरोध को ईओ हवा दे रहे है और उन्होने मुझपर पिटाई करने का आरोप लगा दिया है। मैने तो केवल ईओ के गलत तरीके से किये जा रहे कार्यो का विरोध किया था। गौरतलब हो कि जनपद के तम्बौर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन व वर्तमान चेयरमैन के पति इश्तियाक खां पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप गौतम ने शनिवार को पीटने का आरोप लगाया है। अधिशासी अधिकारी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत में तैनात अधिशासी अधिकारी प्रदीप गौतम ने बताया कि शुक्रवार शाम वह सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे थे। इसे इश्तियाक खां ने रुकवा दिया। सुरक्षा कारणों से लगवाए जा रहे कैमरों को

रोकने की जानकारी होने पर वह मौके पर गए। जब वह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और कर्मचारियों से कैमरा लगाने को कहा। उसी समय चेयरमैन पति ने मुझे व कर्मचारियों को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी।वहीं कई कैमरे तोड़ डाले। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। चेयरमैन पति इश्तियाक खान ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे बिना बोर्ड प्रस्ताव के अधिशासी अधिकारी ने खरीद लिए थे। इसी संबंध में मैंने मना किया था। मारपीट व अन्य आरोप गलत हैं।

# नौकरी दिलाने वाला गिरोह सक्रिय, एसपी से की शिकायत

मिश्रिख सीतापुर। मिश्रिख में अब एक नया गिरोह सक्रिय हो गया है जो सरकारी नौकरी वह भी सचिववालय में लगवाने के नाम लोगों से लाखों रूपये ऐठे। पढ़े लिखे बेरोजगारो ने सरकारी नौकरी दिलाने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। इस गिरोह के शातिर और स्मार्ट सदस्यों ने शिक्षित बेरोजगारों से करीब आधा करोड़ रूपये ऐठ लिये और नौकरी दिलाने का दिलाशा दिलाते रहे काफी समय बीतने के बाद जब बेरोजगारों को नौकरी नही मिल और उनको पता चला कि वह ठगी का शिकार हुए है तो उन्होने कप्तान से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाज ने खुद को सचिवालय का रिटायर्ड अधिकारी व पूर्व में मुख्यमंत्री का ओएसडी बताकर कई युवाओं से करीब 42 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने समाधान दिवस में एसपी चक्रेश मिश्र से कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित बहुती गांव निवासी बालक राम ने बताया कि लखनऊ के मानकनगर निवासी अशर्फीलाल व अरुण कुमार भारती ने उनके साथ जालसाजी की है। बालक राम ने बताया कि मछरेहटा

के मन्नापुर गदपुरवा गांव के मजरा राजेपारा अख्तर गाजी के माध्यम से दोनों से संपर्क हुआ। उन्होंने खुद को सचिवालय का एक रिटायर्ड अधिकारी व मुख्यमंत्री का ओएसडी बताया। इसके बाद उनके आवास पर आना-जाना शुरू हुआ। जालसाजों ने नौकरी का झांसा देकर उनसे तीन-तीन लाख रुपये ले लिए।बालक राम ने बताया कि उसने अपने कई परिचितों को भी पैसा देकर नौकरी लगवाने की बात कही। इसके बाद कई युवाओं ने भी पैसे दे दिए। जालसाजों ने शैक्षिक अभिलेख भी जमा कर लिए। कई माह बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ितों ने फोन करना शुरू किया लेकिन दोनों ठगों ने फोन उठाना बंद कर दिया। किसी तरह संपर्क होने पर पैसे वापस करने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि दबाव बनाने पर आरोपियों ने उन्हें तीन चेक दिए और तीनों बाउंस हो गए। इसके बाद शनिवार को पीड़ित ने

तहसील दिवस पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र से शिकायत की।

## सुपर किंग्स व बिसवां पुलिस की टीम के बीच एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया

बिसवां सीतापुर- ग्राम बेलझरिया मे स्थित नारायण मोटर के तत्वाधान मे ग्राम अम्झला मे नारायण सुपर किंग्स व बिसवां पुलिस की टीम के बीच एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच मे बिसवां पुलिस की टीम विजयी रही। टॉस जीतकर नारायण सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और मात्र 51 रन बनाकर सिमट गयी। जवाब मे बिसवां पुलिस के बल्लेबाजों ने 2 विकेट खोकर 52 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिसवां पुलिस टीम की ओर से कांस्टेबल गौरव, अविनाश, मोनू बालियान, तौफीक ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा। मैच से पहले मैसी ट्रैक्टर के अधिकारियों मोहित, वीके मिश्रा, धर्मेंद्र पांडेय ने मैसी के मॉडल दिखाये तथा उपस्थित किसानो के इसके फीचर्स के बारे मे बताया। इस अवसर पर आयोजक तत्सत सिंह परमार, अभय सिंह समेत बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

## लापता युवक का शव नदी से बरामद

सीतापुर। जनपद के संदना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव गोमती नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस्माइलगंज निवासी अभय सिंह (46) का शव शुक्रवार देर रात गोमती नदी में उतराता मिला।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी गोल्डी ने पुलिस को बताया कि अभय शुक्रवार सुबह घर से टहलने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की।इसके कुछ देर बाद उसका शव नदी में उतराता मिला। थाना प्रभारी सुरेश पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी पर कोई आरोप नहीं है। न ही कोई तहरीर मिली है।

# महिला को महिला प्रभारी से नही मिल पा रहा न्याय, आखिर किससे लगाए उम्मीद मिलेगा न्याय

***जैतपुर थाने में महिला सशक्तिकरण की उड़ाई जा रही धज्जियां***

***स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते लगातार महिला को किया जा रहा प्रताड़ित***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो
2

अम्बेडकर नगर। महिला सशक्तिकरण की धज्जियां साफ उड़ती दिखाई दे रही हैं। गरीब महिला लगातार तहसील से लेकर थाने का चक्कर लगा रही है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। करीब आधा दर्जन से अधिक शिकायती पत्र दे चुकी है फिर भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है विपक्षी अपनी दबंगई और सरकसी के बल पर लगातार उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। महिला को पूर्व में जमीन पर गिरा कर मारा गया अब हमेशा मारने का प्रयास किया जा रहा है।

मामला जैतपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत कोटवा गाँव निवासिनी खुशनाज पत्नी सदरे आलम का है। वहीं जैतपुर थाना अध्यक्ष बंदना अग्रहरि महिला होकर भी उसे न्याय नहीं दिला पा रही है। विपक्षीगण मोहम्मद आरिफ, सहवान, अकबरअली, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद समीर, जिवरान, सबनम, नजीबुलनिशा लगातार गाली गलौज मारपीट कर उसकी जमीन को हड़पने में लगे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते लगातार उसे प्रताड़ित भी कर रहे हैं। करीब 4 दिन पूर्व उप जिलाधिकारी जलालपुर को उसने शिकायती पत्र देकर उसने अपने संक्रमणीय भूमि से अवैध कब्जा हटवाने व बाथरूम के बंद किए गए पानी को खुलवाने, क्षेत्रीय लेखपाल व स्थानीय थाना को उचित कार्रवाई करने के आदेश की मांग की थी। जिस पर उपजिलाधिकारी जलालपुर ने जैतपुर थाना अध्यक्ष को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आख्या रिपोर्ट मांगी थी लेकिन अभी तक जैतपुर थाना अध्यक्ष बंदना अग्रहरि को पीड़िता के घर पहुंचने तक का समय नहीं मिल पाया। उधर विपक्षीगण नाली में अवैध रूप से मिट्टी डालकर पाटने तथा विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो रहे हैं। बीते 11 जून को विपक्षीगणो ने मारपीट किया था। जिस पर पीड़िता ने जैतपुर थाने पर शिकायती पत्र दिया था लेकिन कार्रवाई न होने पर पुनः विपक्षीगणो के द्वारा बीते 13 जून को उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही क्षेत्राधिकार जलालपुर को भी शिकायती पत्र देकर संबंधित मामले से अवगत कराया था लेकिन उसे कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है। डायल 112 पर फोन करने के बाद भी पीआरबी पर तैनात पुलिसकर्मी उल्टा ही उसे डांटे फिर रहे हैं। आखिर में यह कैसा न्याय है क्या वाकई में यह कहावत जैतपुर थाने के लिए चरितार्थ हो रहा है जिसकी लाठी उसी की भैंस यानी गरीब महिला सही होते हुए भी अपने गरीबी के चलते अपनी ही जमीन से बेदखल की जा रही है। और दर-दर न्याय की मांग कर रही है उसे न्याय नहीं मिल रहा है आखिर मारपीट की कई घटनाएं उसके साथ घटित हो चुकी है क्या जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि किसी बड़ी घटना या अनहोनी का इंतजार कर रही हैं उसके बाद ही कार्यवाही करेंगी फिर हाल जनपद में कई ऐसे जमीनी विवाद के मामले सामने आए हैं जिसमें पुलिस हाथों पर हाथ धरे बैठी रहती है जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो उसके बाद ही पुलिस सक्रिय होती है फिर भी आज तक ऐसे मामलों में संबंधित थाना अध्यक्ष या संबंधित हल्का दरोगा और सिपाही के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# झूलते तार बन सकते है शार्ट सर्किट की वजह



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झूलते तार से हो सकता है शॉर्ट सर्किट,चिंगारी से गेहूँ के खेत में आग लगने की घटनाएं भी सामने आई है, किसानों का कहना है। की बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का नतीजा है की प्रत्येक वर्ष किसानों को काफी नुकसान होता है। खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार काफी ढीला होकर लटक रहे हैं। इनकी मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ती की जाती है। नतीजा है। कि किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

झूलता तार बनता है सार्ट सर्किट की वजह यह दृश्य विद्युत उपकेंद्र बरवा बैरम पुर अन्तर्गत निकट अन्नावां पियारेपुर का है किसान का कहना है लकड़ी का पोल जर्जर होने के कारण तार झूल रहा है और सार्ट सर्किट का कारण बना रहता है संत कुमार वर्मा ने बताया खंभे के संबंध में विभाग से मांग की गई है लेकिन अभी तक खंभा नहीं बदला गया।

## जनपद में इंस्पेक्टरों की भरमार फिर भी नहीं बना रहे थाना इंचार्ज

**जनपद के 13 थानों की कमान सब इंस्पेक्टरों के हाथ**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। हर विभाग के कुछ अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार करना अपना अधिकार समझते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे विभाग भी हैं जिनके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता कि वह भी इस बुराई में पूरी तरह संलिप्त हो सकते हैं। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार छुपा हुआ रहता है तथा पता होने पर भी न तो मीडिया और न ही बुद्धिजीवी नागरिक कोई उंगली उठा सकते हैं क्योंकि कोई भी अवमानना के पचड़े में नहीं फंसना चाहता।

ऐसे में जनपद के इस 13 थानों को सब इंस्पेक्टर चला रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जनपद में इंस्पेक्टर की कमी है, लेकिन इनकी पदस्थापना नहीं हो रही है, इंस्पेक्टर और कार्यवाहक इंस्पेक्टर को मौखिक आदेश पर साइबर क्राइम और क्राइम ब्रांच के अलावा अन्य जगह कार्य हेतु लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, जिले में 19 थाने हैं परंतु 6 थानों पर इंस्पेक्टर की तैनाती है और तेरह थाने सब इंस्पेक्टर चला रहे हैं।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चार दिन पहले पूरे प्रदेश के एसएसपी के साथ कानून व्यवस्था संबंधित बैठक की थी। बैठक के दौरान सीएम ने निर्देश दिए थे कि अपने अपने जिले की तेज तर्रार इंस्पेक्टर को थाने की अहम जिम्मेदारी दें।

जबकि पुलिसिंग के असली मकसद में कामयाब होने के लिए अधिकारियों को एक रोल मॉडल की तरह काम करने की जरूरत है। कानून ने पुलिस को इतनी शक्तियां प्रदान की हैं कि इनके सदुपयोग करने पर बड़े से बड़े भ्रष्ट बाहुबली या किसी भी विभाग में शीर्ष स्थानों पर बैठे कर्मचारियों को सलाखों के पीछे पहुंचा सकते है। लोगों का कहना है कि जनपद में कुछ इससे हटकर चल रहा है। लोगों द्वारा यह भी कहते हुए सुना गया कि जब जिले में इंस्पेक्टर की संख्या पर्याप्त मात्रा में है तो इनकी तैनाती थानों पर क्यों नहीं की जाती, आम जनमानस में यह चर्चा का विषय बना हुआ है की कुछ राजनीतिक लोगों का दबाव बनाकर लोगों ने थाने की कमान ले रखी है। अब देखना यह है कि पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश पर क्या कदम उठाते हैं।

## प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत

***परिजनों व ग्रामीणों ने दोनों शव को मुख्य मार्ग पर रखकर किया प्रदर्शन***

***अस्पताल कर्मचारी अस्पताल बंद कर फरार***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। मिली जानकारी अनुसार घटना के बाद अस्पताल कर्मचारी अस्पताल बंद कर फरार हो गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया।

सीओ सिटी द्वारा मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद परिजन व ग्रामीण शांत हुए। मामला बसखारी थाना क्षेत्र के बसखारी-अकबरपुर मार्ग पर गायत्री मंदिर के सामने स्थित आयुष मल्टीपल हॉस्पिटल का है। जहां रविवार को रीना देवी पत्नी राजन निवासी हरनीडीह थाना हंसवर को प्रसव पीड़ा हुई। जिसके बाद परिजनों ने रीना देवी को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही की गई, जिससे प्रसव पीड़ा से तड़प रही रीना देवी व नवजात बच्ची की मौत हो गई।

जच्चा-बच्चा की मौत से परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने दोनों शव को मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे वहीं सीओ सिटी ने परिजनों से वार्ता कर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया इसके बाद हंगामा बंद हुआ।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।सरकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया व पात्रता को लेकर अगुवा महिलाओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पँचायत भवन इस्माइलपुर गँज मे हुआ। जहां पर अकबरपुर विकासखण्ड के 8 ग्राम पंचायत के 82 लोगों ने भागिदारी किया।

जन विकास केन्द्र भितरीडीह द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण के औचित्य पर चर्चा करती हुई सचिव गायत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए हम तत्पर हैं। ताकि सरकार की मँशानुरूप लोग विकसित भारत की दिशा में अग्रसर हो सकें।

प्रशिक्षण मे प्रशिक्षक मो. फायद द्वारा लोगों को उत्तरप्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा सँचालित योजनाओं का नाम जुड़ने की पात्रता व प्रक्रिया, ग्राम पंचायत समिति व ग्राम प्रधान ,ग्राम स्तरीय कर्मचारी के कार्य सरकारी योजनाओं की हकदारी मे लोगों की भूमिका पर आवश्यक जानकारी दिया।

प्रशिक्षण मे सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए मनोज कुमार ने 8 ग्राम पंचायत की स्थिति को साझा किया व लोगों को योजना की पात्रता आवश्यक विभाग,महिलाओं से सम्बंधित महत्वपूर्ण योजनाएं विभाग व अधिकारी एवं समाधान दिवसों सहित ग्रामीण विकास में सरकारी योजनाओं के महत्व पर विशेष टिप्स दिए।

प्रशिक्षण को सफल बनाने में दर्शन भारती, निरकला छोटेलाल दीपेश रानी आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## कृषि विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक की पत्नी का फंदे से लटका मिला शव

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या। जिले के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी लगभग 25 वर्ष का शव उसके कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे शनिवार रात 10 बजे लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चले गये। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस में महिला के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। अनूप कुमार सिंह निवासी नेहरू नगर, चंदौली की डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि विश्व विद्यालय के कॉलेज आफ वेटरनरी में सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति हुई थी। वर्ष 2022 में उनका विवाह नेहा कुमारी पुत्री संजय सिंह निवासी यारपुरा थाना गार्डनीबाग जनपद पटना बिहार के साथ हुआ था। उनके 9 माह का एक बेटा भी है। वह कृषि विश्वविद्यालय के मकान संख्या बी - 87 में परिवार के साथ रहते थे। शनिवार की रात उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी पाई गईं। बताया जाता है कि थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और पड़ोस में ही स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कहते हुए हालत नाजुक बताई। इतने में कार में सवार तीनों लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहते हुए लेकर चले गए थे। घटना के दूसरे दिन रविवार को क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ एसपी सिंह की मौजूदगी में सहायक प्राध्यापक के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि जिस कार से महिला को लेकर आए थे उसमें सवार तीनों लोग शराब के नशे में धुत थे। उनसे बार-बार कहा गया कि महिला को कार से उतार कर इमरजेंसी कक्ष में ले आइए, किंतु उन लोगों ने एक भी नहीं सुनी थी। फिलहाल मामले में अभी कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। अलबत्ता पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

## कुर्बानी खुले स्थान पर बिल्कुल न करें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें:देवेंद्र कुमार मौर्य

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।प्रतिबंधित पशु पूर्णत प्रतिबंध है। कुर्बानी के मलबे को गड्ढे में दफन करें ।कुर्बानी खुले स्थान पर बिल्कुल न करें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें इन आदेशों का जो भी उल्लंघन करेगा उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उक्त बातें पीस कमेटी को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी जलालपुर देवेंद्र कुमार मौर्य ने कही। प्राप्त विवरण के अनुसार ईदउलड्डअजहा (बकरीद) के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने हेतु कटका थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत न्यौरी में ग्राम प्रधान अबूजर फारूकी के आवास पर शनिवार की शाम को पीस कमेटी का आयोजन किया गया। पीस कमेटी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष कटका यादवेंद्र सोनकर सोनकर ने कहा कि कुर्बानी के मलबे को आप लोग गड्ढे में दफन करें बकरीद के त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान न्यौरी अबूजर फारुकी, अब्दुल माबूद फारूकी, डॉ आसिम अबूजर फारुकी, मास्टर जैद फारूकी, सुफियान फारूकी सहित गांव के अनेक सभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर संजय कुमार निषाद जनपद अम्बेडकर नगर के दौरे पर

***प्रेस वार्ता के दौरान गिनाई केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद में दिनांक 16 जून दिन रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर संजय कुमार निषाद जनपद अंबेडकर नगर के दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने अकबरपुर स्थित सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार राज्य में निषाद समाज के विकास एवं उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे कि आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए निषाद समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। निषाद ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मछुआ समाज के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही है जैसे कि निषाद राज बोट योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मछुआ कल्याण कोष की भी स्थापना की जा चुकी है जिसके अंतर्गत मछुआ समाज को चिकित्सा लाभ, शिक्षा लाभ, मछुआ आवास जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया है इससे की मछुआ समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

*लोकसभा चुनाव के परिणाम पर*

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम पर पत्रकार बंधुओ द्वारा पूछे गए सवाल पर संजय कुमार निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में केंद्र व राज्य सरकार के प्रति जनता में किसी भी प्रकार का रोष एंटी इन कंबेंसी नहीं था, विपक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों पर जनता को गुमराह किया गया जैसे की केंद्र में एनडीए की सरकार बनती है तो आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा, ?8000 महीना और सालाना ?100000 महिलाओं के खाते में दिए जाएंगे जैसे कई भ्रामक प्रचार विपक्ष द्वारा जनता के बीच में किए गए जिससे की जनता का नैरेटिव सेट किया गया और उत्तर प्रदेश की जनता कुछ बहुत भोली है और इनके भ्रामक प्रचार में आ गई जिससे कि हम कुछ सीटो पर हार गए हैं। आज देश मे हमारे यशस्वी एनडीए के नेता मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है और उनके नेतृत्व में देश पुनः नई उचाईयों को छुएगा। कैबिनेट मंत्री निषाद ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके दफ्तर के बाहर लोग लाइन लगा रहे हैं कि ?8000 कब मिलेंगे, जनता समझ चुकी है ये धोखेबाज लोग है इनकी फितरत में धोखा है। विपक्ष मुँह में राम बगल में छुरी लेकर चलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने है, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बड़े भाई की भूमिका में शुरू से रही है और उन्होंने विधानसभा चुनाव 2022 में निषाद पार्टी को 15 सीटे दी थी ऐसे में गठबंधन धर्म के तहत कटेहरी और मझवा सीट हमारे कोटे की सीट रही है और निषाद पार्टी और एनडीए उपचुनाव में पुरजोर तरीके से चुनाव लड़ेंगा और जीत दर्ज कर विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करेगा।

## 74 करोड़ रुपये से अकबरपुर नगर में होगा विकास

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अंबेडकरनगर

लगभग 74 करोड़ रुपये की लागत से नगर पालिका परिषद क्षेत्र अकबरपुर में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें न सिर्फ बड़े पैमाने पर सड़कों का निर्माण व नवीनीकरण होगा बल्कि अन्त्येष्टि स्थल का सुंदरीकरण भी होगा। इस संबंध में शनिवार को नगर पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से बजट को मंजूरी प्रदान की गई।लंबे इंतजार के बाद शनिवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें वर्ष 2024-25 के लिए 73 करोड़ 80 लाख 70 हजार रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पहले वर्ष 2023-24 के वास्तविक आय 44 करोड़ 29 लाख 21 हजार 322 रुपये व वास्तविक व्यय 36 करोड़ 47 हजार 569 रुपये की जानकारी दी गई।इसके बाद 2024-25 की अनुमानित आय 50 करोड़ 30 लाख 36 हजार रुपये बताई गई। पिछले वर्ष की विभिन्न मदों से बचत आय 23 करोड़ 76 लाख 22 हजार 418 रुपये को जोड़कर कुल रकम 74 करोड़ छह लाख 98 हजार 418 रुपये बताई गई। इसमें से 73 करोड़ 80 लाख 70 हजार रुपये की राशि से विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि न सिर्फ क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी बल्कि नई सड़क का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही मीरानपुर, शिवालय घाट स्थित अन्त्येष्टिस्थल का सुंदरीकरण होगा। मार्ग प्रकाश के लिए 500 एलईडी लाइट लगाई जाएगी। उधर, चेयरमैन चंद्रप्रकाश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर पूरी गंभीरता दिखाई जा रही है। इस दौरान सभासद कंचन, दुर्गावती, अतुल वर्मा, ऊषा देवी, प्रदीप मिश्र, कविता देवी, रेखा, शबीना खातून, वैभव, नीतू चौहान, बेबी तबस्सुम, अशोक कुमार, संदीप चौहान, कांजी सरल, राजकुमार, शिवकुमार, अनीता देवी, सुरेंद्र गुप्ता, आदित्यप्रताप आदि मौजूद रहे।

# किसी को पांच तो किसी को तीन वर्ष से न्याय का इंतजार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।

लगभग तीन माह बाद शनिवार को जिले के सभी पांच तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर फरियादी उम्मीदों के साथ पहुंचे। किसी को पांच वर्ष से न्याय का इंतजार है तो किसी को तीन वर्ष से समस्या के निस्तारण का। किसी की पुश्तैनी भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा है तो कहीं भूमि का फर्जी ढंग से एग्रीमेंट कर दिया गया। शनिवार को अलग-अलग तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों से टीम ने बात की तो उनका दर्द कुछ इस प्रकार से छलका

***20 बार दर्ज कराई शिकायत, नहीं मिला न्याय***

सैरपुर उमरन निवासी मीरा देवी जलालपुर तहसील में शिकायत दर्ज कराने पहुंची थीं। कहा कि उनकी ग्रामसभा हाजीपुर स्थित खतौनी की भूमि पर विपक्षियों ने कब्जा कर रखा है। लगभग पांच वर्ष से न्याय के लिए जिम्मेदारों का चक्कर लगा रही हैं। 20 बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद भी अब तक न्याय नहीं मिल सका है।

***नहीं हो रही नाली की पैमाइश***

मंगुराडिला निवासी राजाराम शर्मा जलालपुर तहसील में शिकायत दर्ज कराने के बाद कहा कि उम्मीद है कि इस बार उनकी समस्या का निस्तारण हो जाएगा। कहा कि खेत में सिंचाई के लिए नाली की पैमाइश की मांग को लेकर 15 बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। अब तक निस्तारण नहीं हुआ है।

***नहीं मिला तालाब पर कब्जा***

टांडा तहसील मुख्यालय पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे किछौछा निवासी विवेक विश्वकर्मा ने कहा कि तालाब का पट्टा मिला था लेकिन अब तक उस पर कब्जा नहीं मिल सका है। इसके लिए बीते डेढ़ वर्ष से जिम्मेदारों के कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इसके लिए तीन बार संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन तालाब पर कब्जा नहीं मिल सका है।

***चार बार की शिकायत***

भिदूड़ निवासी नफीस अहमद टांडा तहसील में शिकायत दर्ज कराने के बाद बाहर निकले। उन्होंने कहा कि गांव में होलिका दहन स्थल पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। कब्जा हटाने को लेकर चार बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस बार उम्मीद है कि समस्या का निस्तारण हो जाएगा।

***विदेश से आकर दर्ज कराई शिकायत***

सिझौली निवासी गुलाम दस्तगीर अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे। कहा कि वे अंडमान निकोबार में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। एक सप्ताह पहले जानकारी हुई कि सिझौली स्थित उनकी पुश्तैनी भूमि का कुछ लोगों ने फर्जी ढंग से एग्रीमेंट कर दिया है। इस पर एक सप्ताह पहले ही घर आए। जिम्मेदारों से शिकायत दर्ज कराने के साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। उम्मीद है कि समस्या का बेहतर ढंग से निस्तारण होगा।

***तेजी से निस्तारित हो रहीं समस्याएं***

संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। जो शिकायतें लंबित हैं, उनका भी बेहतर ढंग से निस्तारण किया जा रहा है। -डॉ. सदानंद गुप्ता एडीएम

***536 शिकायतें आईं, बस 30 निपटाईं***

लगभग तीन माह बाद एक बार फिर से जिले के पांच तहसील मुख्यालय पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 536 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई। इनमें 30 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।टांडा तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे डीएम अविनाश सिंह ने जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का बेहतर ढंग से निस्तारण किया जाए। जो शिकायतें लंबित हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो। इस बीच 78 शिकायतें आईं। 10 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान एसपी डॉ. कौस्तुभ के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील मुख्यालय भीटी में 104 शिकायतें आईं। इसमें छह का निस्तारण हुआ। इसी तरह जलालपुर में 146 में चार, आलापुर में 82 में पांच व अकबरपुर में 126 में पांच शिकायतों का निस्तारण हुआ।

# दो सगे भाइयों ने पुलिस पर की अंधाधुंध फायरिंग, लगायी पुलिस की गाडी में आग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से

ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट



झाँसी। जनपद झाँसी में कानपुर के बिकरु जैसा कांड होते बाल बाल बच गया। मामला नवाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बजरंग कॉलोनी में पारिवारिक विवाद में हुए झगड़े की सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज और सिपाही के साथ दो सगे भाइयों ने मारपीट की। मारपीट की सूचना चौकी इंचार्ज ने 112 पर सूचना दी,इसके बाद मौके पर पीआरवी समेत पुलिस अधिकारी पहुंच गए. खुद को घिरता देख दोनों दबंग भाइयों ने घर की छत पर खड़े होकर अंधेरे में ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया।पुलिस टीम पर फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसएसपी राजेश एस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पुलिस फोर्स को आगे बढ़ने से रोक लिया,जब तक दोनों भाई ताबड़तोड़ पुलिस टीम पर फायरिंग करते रहे, पुलिस अपनी पोजीशन से पीछे हटी रही।इस दौरान स्वाट टीम के दो सिपाही मौका पाकर आरोपियों के घर में घुस गए. स्वाट टीम के सिपाहियों के घर में घुसने की जानकारी मिलते ही दोनों सगे भाई पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए छत से कूद गए. रिहायशी कालोनी में हो रही ताबड़तोड़ फायरिंग को देखते हुए एसएसपी ने पुलिस फोर्स को जोखिम लेने से तब तक रोक रखा जब तक फायरिंग बंद नहीं हो गई.इतना ही नहीं दोनों दबंगों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए भागते समय ताबड़तोड़ फायरिंग की. इसके अलावा घर के पास खड़ी पुलिस गाड़ी में आग भी लगाकर सनसनी फैला दी. पुलिस की गाड़ी मे आग लगाने के बाद दोनों दबंग भाई घर की छत से कूद कर पास में मेडिकल कॉलेज के जंगल में छिप गए. इस दौरान पुलिस की चार टीम दोनों का पीछा करती रही। जंगल में एक बार फिर से दोनों भाइयों ने ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग की. रिहायसी कॉलोनी में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिहाज से पुलिस टीम ने अपने आप को रोक कर रखा था। इसके बाद जंगल में पुलिस की जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली योगेंद्र को लगी, वहीं दूसरे आरोपी सुरेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

***एक आरोपी पुलिस का सिपाही***

मारपीट करने वाले सुरेन्द्र यादव और योगेंद्र यादव दोनों सगे भाई है। इनमें से एक सुरेन्द्र यादव मौजूदा समय मे यूपी पुलिस मे नौकरी कर रहा है। बतौर दीवान सुरेन्द्र महोबा मे तैनात है। पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले आरोपी भाइयों के पिता भी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर हैं. इस बाबत एसएसपी का कहना है कि पुलिस टीम को जोखिम में नहीं डालने के साथ-साथ कॉलोनी में लोगों की सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने फायरिंग के रुकने का इंतजार किया. जब दोनों दबंग भाई फायरिंग करते हुए कॉलोनी से जंगल की तरफ भागे, तब पुलिस ने अपने ऑपरेशन को अंजाम देते हुए एक आरोपी का हाफ एनकाउंटर कर दिया। दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल पुलिस ने लाइसेंस बंदूक भी जब्त कर ली है. पुलिस इस पूरे मामले में बड़ी कार्रवाई करने जा रही है। वही एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनो भाईयो के विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन दोनो भाईयो ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए गाड़ी जलाकर सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है। जो जघन्य अपराध है, उन्होंने बताया एक आरोपी पुलिस में सिपाही है, उसकी जहां पोस्टिंग है वहां उस संबंधित के जिले के पुलिस कप्तान को घटना से अवगत कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस रायफल से पुलिस पर फायरिंग की वह रायफल ललितपुर जिले की है। उन्होंने कहा कि जघन्य अपराध है, आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही कर रही है।

# कृष्ण की आहलादनी शक्ति राधा के बिना ब्रज सूना, प्रदीप मिश्रा के बयान की हुई निंदा

मथुरा। परिक्रमा मार्ग स्थित हरिदास धाम में विश्व वैष्णव सेवा संघ के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई जिसमें कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधारानी के प्रति कहे गये अपशब्द कपर रोष व्यक्त किया गया। उपस्थितजनों ने कहा कि हम चाहते हैं कि उनकी यह ना समझी है वह राधा रानी को नहीं समझ पाए। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा राधा रानी भगवान कृष्ण की आहलादनी शक्ति राधा के बिना ब्रज सूना है। भगवान राधा कृष्ण का विवाह भांडीरवन में ब्रह्माजी द्वारा कराया गया। वेदों, उपनिषदों तथा गर्ग संहिता में प्रत्यक्ष इसका प्रमाण है। प्रदीप मिश्रा के बयान पर महंत फूलडोल दास बिहारी महाराज ने कहा कि इनका यह बयान निन्दनीय है और इनकी सजा मिलनी चाहिए। यदि ब्रज मे कोई इनकी कथा करायेगा तो इसका बहिष्कार किया जाएगा। बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा प्रदीप मिश्रा का ज्ञान अशोभनीय है। ब्रज आकर से क्षमा माँगनी चाहिए। इस दौरान चंदलाल शर्मा, हरि सुरशाचार्य, चंद लाल शर्मा, श्याम बिहारी चतुर्वेदी, दिनेश कौशिक, श्री हरि सुरेशाचार्य, सौरभ गौर, ईश्वर चंद्र रावत, अश्विनी एडवोकेट, मनीष शर्मा, कन्हैया पांडे, चिंतन वल्लभ गोस्वामी मौजूद थे।

# जैथरा पुलिस ने लगवाया प्याऊ



***केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव***

दशहरा पर्व के मद्देनजर जैथरा पुलिस ने श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए ठंडा शरबत का इंतजाम कर मानवता की मिसाल पैदा कर दी। जहां एक ओर पुलिस पर आम आदमी का इस्तकबाल कम हो रहा है, तो वही आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने की पुलिस द्वारा अनूठी पहल देखने को मिली। श्रद्धालुओं और राहगीरों को पुलिस कर्मी स्वयं ठंडा शरबत पिलाते हुए नजर आए।

हिंदू आस्था के प्रतिबिंब दशहरा पर्व के अवसर पर जनपद एटा के जैथरा पुलिस द्वारा एक दिवसीय प्याऊ का संचालन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने थाने के सामने से गुजरने वालों को स्वयं ठंडा शरबत पिलाया। पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर समानता, एकता और मानवता का पाठ पढ़ाया। पुलिस भी समाज का एक अंग है। पुलिस के बिना एक अच्छे समाज का निर्माण बहुत मुश्किल है। लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि पुलिस आपके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव आपके साथ है। थाना क्षेत्र में कहीं कोई घटना, दुर्घटना, चोरी, झगड़ा इत्यादि की सूचना फौरन पुलिस को दें। पुलिस आपकी मदद करेगी । लोगों के प्रति पुलिस का समन्वयकारी व्यवहार और पुलिस का सेवा भाव नगर में चर्चा का विषय बन गया है। इस मौके पर हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, दुर्गेंद्र सिंह, गौरव, विपिन भाटी आदि मौजूद रहे।

थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि दशहरा पर्व को देखते हुए पुलिस सतर्क है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो उसके लिए पुलिस कर्मियों की जगह जगह ड्यूटी लगाई गई है। शासन के निर्देशानुसार ट्रैक्टर ट्राली से गंगा स्नान जाने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। ताकि सड़क हादसों की संभावनाओं को कम किया जा सके।

# दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी, पतंगबाजों ने उड़ाई पतंग

मथुरा( नीरज चतुर्वेदी )। मथुरा में दशहरा के पावन पर्व पर रविवार को ब्रज में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाखों लोगों ने यमुना में खान किया।। सूर्य देवता की तपिश के आगे श्रद्धालुओं की आस्था भारी रही। रविवार सुबह से ही मथुरा, वृंदावन, गोकुल, ब्रह्मांड घाट, चिताहरण महादेव और कंजौली घाट समेत ग्रामीण अंचल में भी श्रद्धालुओं ने यमुना में पुण्य प्राप्ति को डुबकी लगाई तथा मंदिरों के दर्शन किए। बड़ी संख्या में लोगों ने वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में आराध्य के दर्शन किए। पुलिस-प्रशासन के साथ ही मंदिर के निजी सुरक्षाकर्मी भीड़ प्रबंधन में जुटे रहे। गंगा दशहरा पर यमुना खान का सर्वाधिक महत्व विश्राम घाट पर माना जाता है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना के विश्राम घाट समेत अन्य घाटों पर स्नान करने पहुंचे। सुबह से दोपहर तक लोगों ने खान किया। द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन किए। यमुना के दोनों किनारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वृंदावन में भी देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने खान किए। मंदिरों में दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। भक्तों की भीड़ दर्शन करने को मंदिरों में पहुंचती रही। गोकुल, ब्रह्मांड घाट और चिताहरण महादेव मंदिर घाटों पर भी आसपास के लोग यमुना खान करने पहुंचे। कोइला घाट पर भी भीड़ रही। धार्मिक मान्यता है इस दिन गंगा-यमुना में स्नान करने से भक्त के कष्ट दूर होते हैं। पूजा अर्चना कर दान पुण्य करने से मनोकामना पूर्ण होती है। गंगा दशहरा पर यमुना में सर्वाधिक श्रद्धालु खान करने को विश्राम घाट पहुंचते हैं। इस बार धूप तेज होने के कारण दोपहर बाद घाटों पर सन्नाटा छा गया। वहीं बाहर से आए श्रद्धालुओं ने यमुना मैया में खान तो किया लेकिन व्यवस्थाओं से नाखुश नजर आए। यमुना में आज के दिन भी कचरा बहाने वालों को नहीं रोका जा रहा है। लोग यमुना में माला और पॉलीथिन बहा रहे हैं। यमुना खान को देखते हुए प्रशासन ने भी चाक-चौबंद इंतजाम कर रखे हैं। रिवर पुलिस के अधिकारियों सहित रिवर पुलिस के जवान मुस्तैदी से





स्टीमर वोट के द्वारा यमुना जी में लगातार गश्त लगा रहे थे। वहीं रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यमुना घाटों पर खान के उपरांत श्रद्धालु ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन को पहुंचे। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी में गलियां श्रद्धालुओं से खचाखच भरी नजर आई। भीड़ में फंसकर बच्चे और बुजुर्ग परेशान दिखे। खान के बाद दान-पुण्य कर्म करते हुए वृंदावन में भक्तों ने बांके बिहारी के दर्शन किए। वहीं, मधुरा शहर में द्वारिकाधीश महाराज और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में लोगों ने आराध्य के दर्शन किए। इधर बरसाना में भी लाखों लोग राधा-रानी के दर्शन को पहुंचे। वृंदावन में यातायात प्रबंध न होने के चलते सुबह से ही सड़कों पर जाम लग गया। हजारों वाहन जाम में फंस गए। भीषण गर्मी में जाम में फंसने से लोग परेशान हो गए। दशहरा पर पतंगबाजी भी पूरे शहर में जमकर हुई।

## गंगा दशहरा पर यमुना में युवक डूबा, मौत

मथुरा। शहर के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा इलाके में गंगा दशहरा पर्व के दौरान सुबह यमुना स्नान के दौरान यमुना घाट पर एक युवक गहरे पानी के में जाने के कारण डूब गया। हादसे में 21 वर्षीय सलमान पुत्र कय्यूम निवासी जयसिंहपुरा खादर, गणेश टीला डूब गया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकाला। शव को देख आसपास की भीड़ एकत्र हो गयी। परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास की तैयारी हुई शुरू

## 19 जून को विकासखंड के सभी योग प्रभारियों को दिया जाएगा सामूहिक प्रशिक्षण



**संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

7354490175 भितरवार

भितरवार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होने वाले योग कार्यक्रम को लेकर नगर और ग्रामीण क्षेत्र के कई शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास की तैयारियां योग प्रभारियों के माध्यम से शुरू कर दी गई है। तो वहीं 19 जून को नगर के मां सरस्वती गार्डन में विकासखंड के समस्त योग प्रभारियों को सामूहिक रूप से योगाभ्यास के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जहां नगर के शासकीय मॉडल सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योग के कार्यक्रम को लेकर स्कूल प्राचार्य जयमंती मिंज के मार्गदर्शन में योग प्रभारी शिक्षक आरती आगासे के द्वारा स्कूल के सभी शिक्षकों और छात्रों के साथ अन्य स्टाफ को भी योग की विभिन्न क्रियो का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य जयमंती मिंज ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति में देखा जाए तो ऋषि मुनियों के समय से यह प्रक्रिया होती चली आ रही है। नियमित योग करने से जहां मन मस्तिष्क में एकाग्रता उत्पन्न होती है तो वही शरीर में भी इसफूर्ति का अनुभव होता है जिससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। वहीं उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए की स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों को भी विद्यालय में नियमित योगाभ्यास कराया जाए जिससे कि वह जिससे कि वह एकाग्रचित होकर स्वस्थ मन के साथ अध्यापन कार्य कर सके। इस अवसर पर विद्यालय की योग प्रभारी शिक्षका आरती आगासे ने भी योग करने से होने वाले लाभों के संबंध में बताते हुए कहा कि शासकीय अवकाश के दौरान भी प्रातः कालीन बेला में अगर कोई योगाभ्यास करना चाहता है तो वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने घर पर ही योगाभ्यास कर सकता है। जिसके चलते उन्होंने सभी को अपना मोबाइल नंबर प्रोवाइड कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप शिक्षका इंदिरा शर्मा, रचना छावई ,दिनेश राजपूत, जमील अहमद, धीरज शर्मा, नरेंद्र प्रजापति, हरेंद्र राजे, मनोज दुबे, वीरेंद्र राजे, गिर्राज बाथम, दीपक कुशवाह आदि शिक्षक और अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### 19 जून को होगा कॉमन योगा प्रोटोकॉल का पल प्रतिपल प्रशिक्षण

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योगाभ्यास को लेकर होने वाले द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के संबंध में भितरवार विकासखंड के योग प्रभारी शिक्षक महेश बाथम ने जानकारी देते हुए बताया कि, वैसे तो विकासखंड के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग के कार्यक्रम को लेकर सभी स्कूलों के योग प्रभारियों के द्वारा प्रतिदिन स्कूल स्टाफ और बच्चों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। तो वही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मिले निर्देश के आधार पर भितरवार विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के योग प्रभारी शिक्षकों को 19 जून की सुबह 6~00 से 7~50 बजे तक नगर की तहसील बायपास रोड स्थित मां सरस्वती मैरिज गार्डन में जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर के मार्गदर्शन में जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री जय दयाल शर्मा द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल का पल प्रतिपल प्रशिक्षण दिया जाएगा । उपरोक्त प्रशिक्षण में सभी योग प्रभारी शिक्षक उक्त प्रशिक्षण में नियत समय पर उपस्थित रहें जिसकी अपील विकासखंड योग प्रभारी शिक्षक महेश बाथम द्वारा सभी से की गई है।

# पानी के लिये महाप्रबंधक कार्यालय पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**आश्वासन से नाराज पूर्व मंत्री धरने पर बैठे**


दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झाँसी। इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत झेल रहे महानगर के कई मुहल्लों मसीहागंज मुकरयाना व अलीगोल की महिलाओ ने हाथ में खाली बर्तन लेकर शुक्रवार को जलसंस्थान के महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचकर पानी के लिये प्रदर्शन किया। उनकी मांग के समर्थन में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य महाप्रबंधक कार्यालय में धरना पर बैठ गये धरना-प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही जल संस्थान के महा प्रबंधक आर एस यादव व अमृत जल योजना के परियोजना अधिकारी मुकेश पाल सिंह ने कार्यालय पहुँचकर धरने पर बैठे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को समस्या के समाधान हेतु उठाये जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें जुलाई माह के अंत तक समस्या के निराकरण का आश्वसान दिया

अधिकारी द्वय ने बताया कि मांग के सापेक्ष कम जलापूर्ति एवं अत्यधिक गर्मी के कारण हैण्ड पम्पों का जल स्तर गिर जाने के कारण उत्पन्न जल संकट से प्रभावित इलाकों में 1300 पानी के टेकरों से पानी की सप्लाइ की जा रही है। टेकरों को भरने की लिये 17 फिल्लिंग पॉइंट बनाये गये। वर्तमान में झांसी शहर को 70 एम एल डी पानी मिल रहा है। जबकि कम से कम 105 एम एल डी पानी की जरुरत है। झांसी शहर के लिये अमृत जल योजना के तहत उपलब्ध 450 करोड़ की धनराशि से तेजी के साथ काम चल रहा है । जिसके पूर्ण होते ही पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। एक बार फिर मिले आश्वासन से नाराज प्रदीप जैन ने प्रभावित मुहल्लों मसीहागंज, मुकरयाना, बड़ागांव गेट बाहर, पठला के हनुमान नई बस्ती, अलीगोल आदि में तत्काल राहत के लिये अधिकारियों से मौके पर जाकर अवलोकन कर समस्या के समाधान की मांग की समस्या के निराकरण न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा जिलाध्यक्ष कांग्रेस योगेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष आप अरशद खान सपा के वरिष्ठ नेता डा. रघुवीर चौधरी पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन,अनिल बट्टा मुकेश अग्रवाल एड. विवेक बाजपेयी अरविंद कुमार बब्लू शंभू सेन वैभव बट्टा महिला शहर अध्यक्ष आशिया सिद्धिकी, शफीक मकरानी आदि मौजूद रहें।

# सुनील जी जाट के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त

**जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /मो. 9424075866**



धार - मध्य क्षेत्र जाट विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष मंसाराम जी कोत के भतीजे,स्वर्गीय रमेश जी, मडु जी व तेजाजी,भारत जी के छोटे भाई राकेश जाट के मामाजी हरीशंकर चोयल के बड़े दामाद,तनय के पिताजी ग्राम सात्तलाई के सुनील (गुड्डू जी) कोत का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया । सुनील जी एक हंसमुख मिलनसार सरल स्वभाव के व्यक्तित्व के धनी थे गांव में गरीब तपके के लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे ऐसे व्यक्ति का अचानक सबके बीच से चले जाने से गांव ही नहीं संपूर्ण क्षेत्र वह समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षती है। मध्य क्षेत्र जाट विकास संगठन धार बड़वानी अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के द्वारा भी जाट समाज की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की है,जैसे ही गुड्डू जी जाट के निधन का समाचार क्षेत्र की जनता को पता होने पर उनके चाहने वाले समाज सहित सैकड़ो लोगो के द्वारा उनकी अंतिम यात्रा में गांगली घाट पहुंच कर अंतिम विदाई दी गई इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

केसरिया हिन्दुस्तान

# नगरपालिका के साथ साथ हमारी भी जिम्मेदारी है सफाई : डॉ अनूप मिश्रा







## स्वच्छ रहेंगे तो स्वास्थ्य रहेंगे - डॉ अनूप मिश्रा

क्लीन सीधी ग्रीन सीधी की मुहिम लेकर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनूप मिश्रा के आवाहन पर शहर के युवा लोग आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने वार्ड क्रमांक 5 में सफाई अभियान का शुभारंभ किया, जहां पर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने जमकर मेहनत किया और कचरे को समेटकर उसे वहां से हटाया, उसके बाद डॉ अनूप मिश्रा ने कहा कि नगरपालिका के साथ साथ हमारी भी जिम्मेदारी है सफाई हम सब स्वच्छ रहेंगे तो स्वास्थ्य रहेंगे इस अभियान में प्रमुख रूप से इन्द्रवती नाट्य समिति के सचिव नीरज कुन्देर, अजीत सिंह लल्ला, माखन मिश्रा, नीलम पाण्डेय, प्रकाश प्रजापति सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

## अपने बच्चों के जन्मदिन, पितरों की पुण्यतिथि के दिन एक पौधा अवश्य लगाए- केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9424075866

धार 16 जून 2024/ जिलेवासी पर्यावरण बचाव को लेकर संकल्प लेवें की अपने बच्चों के जन्मदिन, पितरों की पुण्यतिथि के दिन एक पौधा अवश्य लगाएंगे। साथ ही यहां जमन जत्ती पर आकर अपने परिवार के साथ पौधारोपण करें और उसकी देखभाल कर उसे एक वृक्ष के रूप विकसित करें। जनसंख्या बढ़ती जा रही है और पौधे कम होते जा रहे है। समुचित पर्यावरण को बचाने के लिए अपना योगदान देवें। यह बात केन्द्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने रविवार को जल गंगा संवर्धन महाअभियान के तहत धार में स्थित जमन जत्ती पहाड़ी पर बनाए गए नगर वन में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने यहॉ पर त्रिवेणी का पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि हमें पौधों के महत्व को समझना चाहिए ,वह हमारे जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण है। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को सहजना होगा, ताकि उन्हें अच्छा वातावरण मिल सके। हमें अपने लगाए गए पौधे की एक बच्चें के तरह देखभाल करना चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों ने अपील कि है की अधिक से अधिक पौधारोपण कर स्वच्छ वातावरण के लिए अपनी सहभागिता दें। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को हम सभी को मिल कर बचाना है। पर्यावरण को बचाने में जो महत्वपूर्ण कार्य है वह पेड़ लगाना है। लोगों को पेड़ लागाने की इच्छा होती है किन्तु जगह के अभाव में वह बड़े पेड़ नहीं लगा पाते है । हमारे जिले को भी नगर वन मिला है जिसका प्रबंधन वन विभाग करेगा, किन्तु इस कार्य में जनता अधिक से अधिक शामिल नहीं होगी तब तक इसको सफल नहीं किया जा सकता हैं । इसके लिए सघन अभियान चलाकर यहॉ पर जनता की सहभागिता के साथ नगर वन का निर्माण किया जाएगा। जिले के सभी नागरिक अपने परिवार के साथ आकर यहॉ पेड़ लगाए।

# पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस की प्रभावी कांबिंग गश्त में सख्त एक्शन कार्यवाही

### 3000 का इनामी बदमाश, 16 साल पुराने अपहरण के प्रकरण के आरोपी, एक जिला बदर, 73 वारंटी सहित कुल 116 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम से ब्रीफिंग कर मुख्यालय एवं जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गश्त रवाना की गई थी। राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के नेतृत्व में समस्त थानों में दिनांक 15-16 की विगत रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान कार्यवाही की गई। जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला बदर हुए 30 आरोपियों को चेक करते हुवे 38 गुंडा एवं 17 निगरानी बदमाश को चेक किया गया एवं 116 फरार वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र में भ्रमण कर रात्रि गश्त का निरीक्षण किया गया।*

> जिला बदर आरोपी जिले के भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर थाना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर किए गए आदतन अपराधी धर्मेंद्र सोनी (थाना सिविल लाइन क्षेत्र से पता बदलकर पठापुर रोड में रह रहा था) को गिरफ्तार किया। जिला बदर आरोपी सहित सात वारंटी भी गिरफ्तार किये गए।

> थाना नौगांव पुलिस ने वर्ष 2017 के हत्या के प्रकरण के फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी पलेरा जिला टीकमगढ़ को तथा मारपीट के प्रकरण के फरार आरोपी बसंत राजपूत निवासी खमा थाना अजनर जिला महोबा तथा लाल यादव ग्राम सुकवा थाना नौगांव को गिरफ्तार किया।

> थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियार के वर्ष 2019 के प्रकरण में फरार आरोपी प्रदीप तिवारी निवासी ग्राम ढरारी तथा वर्ष 2017 के अवैध हथियार के प्रकरण में फरार आरोपी अज्जू खान निवासी देरी रोड सहित चार वारंटी गिरफ्तार किये।

> थाना सटई पुलिस ने ?3000 के इनामी आरोपी शैलेंद्र सिंह ग्राम चांदनी जिसके विरुद्ध थाना बड़ा मलहरा एवं थाना सटई में शासकीय कार्य में बाधा, एससी एसटी प्रकरण एवं मारपीट संबंधी अपराध दर्ज हैं, को गिरफ्तार किया। साथ ही सटई पुलिस ने अवैध हथियार के 5 साल पुराने प्रकरण के फरार अपराधी रति यादव ग्राम कुंवरपुर को भी गिरफ्तार किया है।

> थाना गौरिहार पुलिस ने वर्ष 2007 के अपहरण के प्रकरण के फरार आरोपी लाला उर्फ जगदीश को गिरफ्तार किया है।

> थाना बमनोरा पुलिस द्वारा गंभीर अपराध सहित अन्य अपराध के छह आरोपी की गिरफ्तारी

> थाना बक्सवाहा पुलिस ने वर्ष 2017 के प्रकरण में फरार आरोपी भरत सिंह ग्राम जुझारपुरा तथा वर्ष 2015 के अवैध हथियार संबंधी प्रकरण के फरार आरोपी राम सिंह जरेट जिला दमोह को गिरफ्तार किया है।

> थाना मातगुंवा पुलिस ने 5 साल पुराने मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार किया,

> ईसानगर पुलिस ने अवैध हथियार के फरार आरोपी पप्पू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है।

> थाना किशनगढ़ पुलिस ने तीन वर्ष पुराने छेड़छाड़ के प्रकरण में फरार आरोपी गोपी आदिवासी को गिरफ्तार किया है।

जिले में 8 पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित 305 पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले के सभी जिला बदर, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश को चेक करते हुए सभी ढाबा, होटल, एटीएम स्थल, बस स्टैंड भ्रमण कर चेकिंग की गई। अनावश्यक घूमते एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

*कांबिंग गस्त में जिले में 3000 रुपये के इनामी बदमाश, एक जिला बदर आरोपी, 48 गिरफ्तारी वारंट, 25 स्थाई वारंटी व अन्य प्रकरणों के 41 आरोपी सहित 116 आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई।*

# सैकड़ों बालिकाओं की छात्रवृत्ति एक ही बैंक खाते में भेजने की बन चुकी थी तैयारी




### प्रभारी परियोजना अधिकारी ने भंडाफोड़ किया तो डीपीओ ने छीन लिया प्रभार

### महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय देवसर का मामला

### मामले में डीपीओ की भूमिका संदिग्ध

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय देवसर में छात्र वृत्ति घोटाले को लेकर सनसनीखेज मामला सामने आया है,प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी ने सैकड़ों बालिकाओं के नाम से छात्रवृत्ति राशि एक ही बैंक खाते में भेजने के लिए समस्त डाटा फीड कर दिया था,यदि प्रभारी परियोजना अधिकारी विवेकी चौरसिया को इसकी भनक ना लगती तो अब तक राशि उक्त बैंक खाते में पहुंच गई होती,फिलहाल इस पूरे मामले में डीपीओ सिंगरौली की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है,क्योंकि उन्होंने मामला सामने आने के बाद गड़बड़ी करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जबकि प्रभारी परियोजना अधिकारी विवेकी चौरसिया ने कंप्यूटर ऑपरेटर को तत्काल हटा दिया था लेकिन डीपीओ ने पुनः उसे काम सौंप दिया यही नहीं घोटाला होने से पूर्व मामले का पर्दाफाश करने के बदले विवेकी चौरसिया से प्रभार ही छीन लिया

### इस बैंक खाते में भेजने वाले थे करोड़ों रुपए

महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय देवसर में कार्यरत प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी ने सैकड़ों बालिकाओं के नाम की छात्रवृत्ति राशि एक ही बैंक खाते में भेजने के लिए खाता नंबर 35893971725 फीड कर दिया था,यह खाता नंबर किसका है इसकी पड़ताल की जा रही है,हलकी बताया जाता है कि किसी दूसरे जिले की एक छात्रा राजेश्वरी केवट के नाम से बैंक खाता है,फिलहाल जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा

### प्रभारी परियोजना अधिकारी ने किया भंडाफोड़

छात्रवृत्ति राशि में बहुत बड़ा घोटाला करने की पूरी तैयारी हो चुकी थी,इस खेल में शामिल कंप्यूटर ऑपरेटर के अलावा विभागीय अमले बड़ी सफाई से इस खेल को अंजाम देने वाले थे तभी अचानक प्रभारी परियोजना अधिकारी विवेकी चौरसिया की नजर पड़ गई,उन्होंने इसकी जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिया तो बदले में जिम्मेदारों ने उनका प्रभार ही छीन लिया

### मामले में डीपीओ की भूमिका संदिग्ध

इस पूरे मामले में डीपीओ सिंगरौली की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि जब प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी बहुत बड़े घोटाले को अंजाम देने की तैयारी कर चुका था,और इस मामले को प्रभारी परियोजना अधिकारी विवेकी चौरसिया ने विरोध करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को तत्काल हटा दिया,इसके बाद डीपीओ ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर दरियादिली क्यों दिखाए,साथ ही विवेकी चौरसिया से प्रभार क्यों छीन लिया,ऐसी स्थिति में अपने आप डीपीओ की भूमिका इस मामले में संदिग्ध नजर आती है,हालाकि जांच के बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है

### अब नए सीडीपीओ को मिला प्रभार

छात्रवृत्ति राशि में गड़बड़ी करने का मामला सामने आने के बाद डीपीओ ने विवेकी चौरसिया से प्रभार लेकर सीडीपीओ सिंगरौली ग्रामीण 2 आरपी सिंह को प्रभार दे दिया है लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी अभी भी काम कर रहा है

इनका कहना है

डाटा फीड करने में त्रुटि हुई है,राशि अभी भेजी नही गई थी,तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सोनी से अब काम नहीं लिया जा रहा है

राजेश राम गुप्ता
डीपीओ सिंगरौली

# खाद्य विभाग की मिली भगत से , बिना बैध लाइसेंस के हत्या का अपराधी चला रहा है नमकीन की फैक्ट्री के साथ साथ गांजा का कारोबार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर- सम्मन पुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कहरा सुलेम पुर का है पूरा मामला जहाँ पर एक हत्या का अपराधी अपने घर मे ही कई गैर कानूनी कार्यों को दे रहा है अंजाम।

आपको बताते चलें कि थाना सम्मन पुर अंतर्गत कहरा सुलेम पुर के कुख्यात अपराधी हिमेन्द्र दूबे उर्फ पाँचू दूबे पुत्र कमला प्रसाद पिछले दिनों से हत्या के जुर्म से बेल पर बाहर है इसी दौरान इसके द्वारा अपने घर मे ही बिना कागज के नमकीन की फैक्ट्री के संचालन के साथ साथ गांजा व भाँग का गोरखधंधा कर रहा है। गाँव वालों का कहना है इस ब्यक्ति से पूरे गाँव का नाम बेकार हो रहा है। इसके द्वारा शराब पी कर रात में पूरे गाँव मे घूमना गाँव की परेशानियों का सबब बना हुआ है गाँव के ही मात्र 11साल के बच्चे की आँख फोड़ कर हत्या कर गाँव के ही नहर में फेंक देने जैसी कृत इसके अपराध में सुमार है।

वही पूरे मामले को ले कर मीडिया द्वारा थाना सम्मन पुर बात की गई तो बताया गया कि हिमेन्द्र दूबे पुत्र कमला प्रसाद धारा 302 का अपराधी है और बेल पर बाहर है परन्तु इस तरह का मामला संज्ञान में नही है संज्ञान में आते ही कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गाँव वालों का कहना है कि यदि कोई कार्यवाही नही की गई तो इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से की जायेगी।

# कजाकिस्तान में अन्तर्राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित डॉ0 रत्ना सिंह

सीतापुर । अन्तराष्ट्रीय संस्था सृजन सम्मान द्वारा आयोजित 23 वाँ अन्तराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन मध्य एशिया के देश कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर अल्माटी में 8 से 14 जून को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों से कुल 29 सदस्य सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में डॉ0 रत्ना सिंह (सहायक आचार्य मेजर एस0डी0 सिंह विश्व विद्यालय, फर्रूखाबाद (उ0प्र0) को उनके साहित्यिक योगदान के लिए डॉ0 बल्देव स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें 23 वें सम्मेलन की समन्वयक जयप्रकाश मानस, साहित्यकार प्रो0 अध्यक्ष डॉ0 सविता मोहन, सृजन सम्मान के मंगलारानी, प्रसिद्ध हिन्दी व उर्दू के गजलकार मुमताज, गीतकार कृष्णकुमार प्रजापति, कश्मीर की साहित्यकार डॉ0 बीना बुदकी, डॉ0 गोविन्द सिंह रावत एवं डॉ0 नारायण प्रकाश महेश्वरी के हाथों प्रदान किया गया।

डॉ0 रत्ना सिंह को इससे पूर्व कई राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस सम्मेलन में उनकी पुस्तक लखीमपुर खीरी की थारू जनजाति एक नवीन विमर्श का विमोचन भी हुआ। इसके पूर्व भूटान में कालजयी कम्पिल एवं श्रीलंका में गाजीपुर जनपद का ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विमर्श पुस्तकों का विमोचन हो चुका है। इस सम्मेलन के प्रथम सत्र का संचालन डॉ0 रत्ना सिंह के द्वारा किया गया, जो सभी विद्ववतजनों एवं सुधीवृन्दों के द्वारा सराहनीय रहा। इसी सम्मेलन में उन्होंने संसदीय प्रजातंत्र में विपक्ष की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सम्मेलन में उनके पुत्र रूद्रप्रताप सिंह ने भी सहभागिता दी। आपकी इस सफलता के लिए न्यायमूर्ति शिवशंकर प्रसाद (उ0प्र0) न्यायमूर्ति सुभाषचन्द्र (झारखण्ड), जनपद न्यायाधीश संजय कुमार तृतीय (गाजीपुर), जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय (सीतापुर), कुलाधिपति श्री अनार सिंह (फर्रूखाबाद विश्वविद्यालय), यशभारती डॉ0 रामकृष्ण राजपुत (निदेशक अहिच्छत्र संग्रहालय) प्रो0 ईश्वर शरण विश्वकर्मा (पूर्व अध्यक्ष उच्च शिक्षा), डॉ0 प्रवीण कुमार (सहायक निदेशक भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद), डॉ0 बृजेश रावत (सहायक आचार्य डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय लखनऊ) एवं जीवनसाथी लघुवाद न्यायाधीश श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

# अवैध क्लीनिकों की भरमार सुस्त दिख रहे जिम्मेदार

सीतापुर । तहसील क्षेत्र के रखौना में विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अस्पताल व क्लीनिकों की भरमार है रखौना चौराहे से मार्केट तक दर्जनों अवैध मेडिकल क्लीनिक संचालित है । जिनकी शिकायते स्थानीय लोगों द्वारा परसेंडी अधीक्षक से कई बार की जा चुकी है। यहीं पर एक अवैध क्लीनिक है उसके संचालक झोलाछाप मोहम्मद आलम हैं। इनके द्वारा हर मर्ज की दवा की जाती है ।ऐसा ही एक प्रकरण विगत पंद्रह दिन पहले का है ।जहां पर एक गांव के मरीज का इनके द्वारा इलाज किया गया था इलाज करने के बाद उसकी हालत एकदम से गंभीर हो गई । जिसमे मरीज के परिजनों से इनका विवाद हो गया था फिर वो लोग अपने मरीज को लेकर वहां से चले गए थे । जिसकी जानकारी अधीक्षक परसेंडी को दी गई थी । परन्तु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। कोई डिग्री नही कोई डिप्लोमा नही उसके बाद भी इतनी बेबाकी से इलाज करना मतलब किसी की मौत जिंदगी से डॉक्टर साहब का कोई मतलब नहीं है । लोगों द्वारा प्राप्त सूचना पर जब वहां देखा गया तो झोलाछाप मोहम्मद आलम द्वारा एक महिला को इंजेक्शन लगाया जा रहा था पूछने पर आलम द्वारा बताया गया की रखौना में मेरे जैसे एक दर्जन से ज्यादा डॉक्टर है । अब इससे यह साफ हो जाता है की स्वास्थ विभाग के अधिकारियों द्वारा सटीक सूचना पर भी कोई कार्रवाई नही की जाती है । झोलाछापों का कहर रखौना ही नही बल्कि हर गांव हर चौराहे पर है मेवा रामनगर नहर पुल पर भी एक दर्जन से अधिक अवैध मेडिकल व क्लीनिक है जहां मेडिकल व क्लीनिक संचालक मेराज का बहुत नाम है । योगी जी के शासन में व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होने के बाद भी परसेंडी अधीक्षक आंख कान बंद किए हुए सो रहे हैं।उन्हे सूचना मिलने के बाद भी उनकी लापरवाह कार्यशैली विचारणीय विषय है